दैनिक
सुनहरा संसार
न्यूज़ नेटवर्क

सुनहरा संसार NEWS NETWORK CHANNEL

प्रतिदिन
अंक : 6
दिनांक : 24 नवम्बर
वर्ष : 21
पृष्ठ : 12
मूल्य : 5 रुपये

राजस्थान | पंजाब | हरियाणा | उत्तरप्रदेश | मध्यप्रदेश | बिहार | गुजरात | महाराष्ट्र | में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

DAVP No. 0810F21125/05 | RNI No. UPHIN/2005/24731 | Email : sunahara.sansar@gmail.com | व आगरा, गाजियाबाद व पंजाब से प्रकाशित

अब एक ट्रैक पर राम-जानकी की नगरी: पीएम मोदी बोले- नेपाल के बिना राम अधूरे, पुनर्निर्माण के लिए खोला खजाना

अयोध्या

भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या और माता सीता की जन्मस्थली जनकपुर धाम के बीच अब सीधा रेल संपर्क स्थापित हो गया है। भारत और नेपाल के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई मजबूती देने वाली सरयू-कमला एक्सप्रेस का सोमवार को शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और नेपाल के रिश्तों को नई ऊंचाई देने का संकल्प दोहराते हुए नेपाल के पुनर्निर्माण और दीर्घकालिक विकास के लिए 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये के विकास सहयोग पैकेज की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता केवल पड़ोस का नहीं, बल्कि अटूट विश्वास, साझा संस्कृति और आत्मीयता का रिश्ता है। दोनों देश एक-दूसरे की खुशियों में सहभागी हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। नेपाल के बिना राम अधूरे हैं। प्रधानमंत्री ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की दूरदर्शिता और उनके विजन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ घंटों की बातचीत में उन्हें नेपाल के भविष्य और भारत-नेपाल संबंधों को लेकर बालेंद्र शाह के स्पष्ट विजन और प्रतिबद्धता की झलक देखने को मिली है। उनका विजन नई पीढ़ी की आकांक्षाओं और उम्मीदों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नेपाल के लिए भारत गहरी संवेदना रखता है। नेपाल में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के जीवन को फिर से पटरी पर लाना और वहां के दीर्घकालिक विकास को मजबूती देना भारत का संकल्प है। इसी दिशा में 24 हजार करोड़ नेपाली रुपये का विकास सहयोग पैकेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का प्रयास होगा कि प्रभावित परिवारों के जीवन में फिर से खुशहाली लौटे, नए अवसर पैदा हों और भविष्य में आने वाली आपदाओं से निपटने के लिए



नेपाल की क्षमता भी मजबूत हो। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत और नेपाल के संबंधों का आधार इतिहास, संस्कृति और लोगों के बीच गहरे आत्मीय रिश्ते हैं। भगवान श्रीराम और माता सीता दोनों देशों की साझा आस्था और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए देश-दुनिया से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उनके अनुसार, अब तक करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं ने अयोध्या की यात्रा की है। सरयू-कमला एक्सप्रेस के शुभारंभ से इस पवित्र रिश्ते को नया आयाम मिल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल दोनों देशों के बीच आस्था से जुड़े पवित्र स्थलों की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे। अयोध्या और जनकपुर के बीच शुरू हुई यह रेल सेवा धार्मिक पर्यटन के साथ दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क को भी बढ़ाएगी।

उत्तराखंड और नेपाल के बीच चेकपोस्ट का काम होगा तेज

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड और नेपाल के बीच इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का काम भी तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार और लोगों की आवाजाही अधिक सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश और भारत के अन्य राज्यों को नेपाल से जोड़ने वाली सड़क, रेल और सीमा कनेक्टिविटी परियोजनाओं को भी नई गति दी जाएगी। व्यापार को आसान बनाने के लिए आवश्यक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाएगा।

जलविद्युत परियोजनाओं में सहयोग बढ़ाएगा भारत

पीएम मोदी ने नेपाल की नदियों में स्वच्छ ऊर्जा की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतें नेपाल की आर्थिक प्रगति का आधार बन सकती हैं। उन्होंने लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना को समय पर पूरा करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि दोनों देश ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ नेपाल में कृषि और औद्योगिक विकास के लिए भी मिलकर काम करेंगे। नेपाल में एग्रो-इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने की दिशा में भी सहयोग किया जाएगा।

'बेटा, पढ़-लिखकर प्रिंस बनो, क्रिकेट में भी एडमिशन करवा देंगे'; योगी ने 8वीं के छात्र को दिया भरोसा



लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनता दर्शन में एक अलग अंदाज में नजर आए। फरियादियों की समस्याएं सुनने के दौरान उनकी मुलाकात गोंडा से आए कक्षा आठ के छात्र प्रिंस साहू से हुई। प्रिंस ने मुख्यमंत्री से क्रिकेट खेलने के लिए आर्थिक मदद और कोचिंग की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई। बच्चे की क्रिकेट के प्रति दीवानगी देखकर मुख्यमंत्री ने अभिभावक की भूमिका निभाई और करीब चार से पांच मिनट तक उसकी काउंसलिंग की। मुख्यमंत्री ने प्रिंस से कहा, 'बेटा, तुम्हारा नाम प्रिंस है, इसलिए पढ़-लिखकर प्रिंस बनो। हम क्रिकेट में भी तुम्हारा एडमिशन करवा देंगे।' उन्होंने बच्चे को भरोसा दिलाया कि उसकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता और क्रिकेट कोचिंग की व्यवस्था भी कराई जाएगी।

क्रिकेट का जुनून, लेकिन आर्थिक तंगी बन रही थी बाधा

गोंडा जिले के इटियाथोक क्षेत्र के पड़री पारासराय गांव निवासी प्रिंस साहू कक्षा आठ का छात्र है। उसे बचपन से ही क्रिकेट खेलने का शौक है। वह क्रिकेट की दुनिया में अपनी पहचान बनाना चाहता है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसके सपनों के सामने मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। प्रिंस के मुताबिक, आर्थिक तंगी के चलते परिवार क्रिकेट की फीस भरने और जरूरी किट खरीदने में सक्षम नहीं है। इसी उम्मीद के साथ वह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचा था।

सीएम योगी ने समझाया- खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरी

प्रिंस की बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने उसे समझाया कि अभी वह आठवीं कक्षा में है। ऐसे में उसे खेल के साथ पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करो और अच्छे अंकों से इस सत्र में पास हो। इसके बाद क्रिकेट कोचिंग में दाखिले की व्यवस्था कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने बच्चे को प्रोत्साहित करते हुए साफ किया कि खेल में आगे बढ़ने के लिए मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई भी जरूरी है।

जनता दर्शन में हर फरियादी तक पहुंचे मुख्यमंत्री

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक-एक कर सभी फरियादियों से मुलाकात की। उन्होंने कुर्सियों पर बैठे लोगों के पास पहुंचकर उनके प्रार्थना पत्र लिए और समस्याएं सुनीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

अटलांटा एयरपोर्ट पर उड़ानों में देरी: अमेरिकी खुफिया प्रमुख बोले- आगे भी होंगी तकनीकी गड़बड़ियां

वॉशिंगटन



अमेरिका में फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) से जुड़ी एक घटना ने साइबर सुरक्षा को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक जे क्लेटन ने रविवार को इस घटना की पुष्टि की और देश के पुराने डिजिटल ढांचे को आधुनिक बनाने की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, उन्होंने न तो किसी हमलावर की पहचान बताई और न ही घटना के दायरे के बारे में जानकारी साझा की। एबीसी के कार्यक्रम 'दिस वीक' में बातचीत के दौरान क्लेटन ने कहा कि डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करना जरूरी है। उन्होंने पहले हुई तकनीकी सेवाओं की रुकावटों को भी इसी आधुनिकीकरण प्रक्रिया से जोड़ा। उनके मुताबिक, ये व्यवधान न तो किसी समन्वित गतिविधि का हिस्सा थे और न ही किसी देश की ओर से प्रायोजित थे। उन्होंने चेतावनी दी कि डिजिटल ढांचे को आधुनिक बनाने के दौरान आगे भी कुछ रुकावटें आ सकती हैं। अटलांटा स्थित हार्ट्सफील्ड-जैक्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां आने और जाने वाली 50 फीसदी से ज्यादा उड़ानें देरी से चल रही हैं। इसका असर न्यूयॉर्क के लागार्डिया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी देखने को मिला। यहां भी आने और जाने वाली करीब आधी उड़ानें प्रभावित हुई हैं। इस स्थिति का असर डेल्टा एयरलाइंस की उड़ानों पर भी पड़ा है। एयरलाइन के रोजाना के उड़ान कार्यक्रम में करीब 57 फीसदी उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

सऊदी के अहम ठिकानों पर हूती का हमला जारी: यमन के समूह का दावा, 'ऑयल रिफाइनरी और रडार सिस्टम को बनाया निशाना'

सना

यमन के हूती समूह ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने सऊदी अरब के प्रतिष्ठानों पर हमला किया है। उनके मुताबिक, सऊदी अरब के लाल सागर तट पर स्थित एक तेल रिफाइनरी और राजधानी रियाद के दक्षिण में मौजूद एक रडार फैसिलिटी को निशाना बनाया गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब सीमा पार शत्रुता बढ़ रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट किए बयान में, हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि दो अभियान चलाए गए थे। पहले ऑपरेशन में लाल सागर तट पर स्थित राबिघ तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया और दावा किया कि यह 'सीधा निशाना था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे ऑपरेशन में रियाद के दक्षिण में वादी अद-दवासिर स्थित एक रडार केंद्र को दो



चरणों में निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि इस ऑपरेशन में 'काफी सफलता मिली'। सरिया ने इस्तेमाल किए गए हथियारों या हुए नुकसान के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। हाल के दिनों में, हूती लड़ाकों ने सऊदी हवाई अड्डों, तेल प्रतिष्ठानों और अन्य रणनीतिक ठिकानों पर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया है। वहीं, हूती मीडिया ने यमन भर में सऊदी हवाई हमलों के तेज होने की खबर दी है। ये ऑपरेशन ऐसे समय में हुए हैं जब हूती और सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन के समर्थन वाली यमन की सरकारी सेनाओं के बीच लड़ाई तेज हो गई है। हूती-संचालित 'अल-मसीराह टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले शनिवार शाम को सऊदी लड़ाकू विमानों ने यमन के लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह में कई हवाई हमले किए। चैनल ने इन हमलों को 'सऊदी आक्रामकता' करार दिया, लेकिन इसमें हताहतों या नुकसान के बारे में कोई विवरण नहीं दिया गया। एक स्थानीय निवासी ने सिन्हुआ को बताया कि शहर में पांच से अधिक जोरदार धमाके हुए, जबकि लड़ाकू विमान ऊपर उड़ान भरते रहे। निवासी ने कहा, 'धमाके बहुत तेज थे, और हम अभी भी अपने ऊपर विमानों की आवाज सुन सकते थे'। यमन 2014 के आखिर से ही संघर्ष में उलझा हुआ है।

कर में राहत, फिर भी नहीं बढ़ाया वेतन: कंपनियों पर पीएम मोदी की बात का शशि थरूर ने समर्थन किया

तिरुवनंतपुरम



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने प्रधानमंत्री (पीएम) नरेंद्र मोदी की बात का समर्थन किया है। पीएम मोदी ने भारतीय कंपनियों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि कंपनियों ने कर (टैक्स) में छूट मिलने के बाद भी रोजगार नहीं बढ़ाए। कर्मचारियों का वेतन भी नहीं बढ़ाया। शशि थरूर ने कहा, देश में रोजगार की स्थिति बेहद खराब है। खासकर पढ़े-लिखे युवाओं के लिए हालात मुश्किल हैं। उन्होंने सरकार के नियमों और भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठाए। साथ ही मोदी के पुराने नारे 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' पर तंज कसा। थरूर ने यह बातें केरल के तिरुवनंतपुरम में कहीं। उन्होंने कहा कि कर में राहत मिलने के बाद कंपनियों ने अपना वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री की बात देश की आर्थिक स्थिति की सच्चाई दिखाती है। थरूर ने कहा, 'मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह सच्चाई है। कंपनियों के पास इसका अपना बचाव हो सकता है। लेकिन जहां तक मैं उनकी बात समझता हूं, सरकार ने कंपनियों को ज्यादा निवेश करने के लिए कर कम किए। ताकि वे ज्यादा रोजगार दें और वेतन बढ़ाएं। लेकिन कंपनियों ने अपने हिस्से का वादा पूरा नहीं किया'। थरूर ने नौकरी तलाश रहे लोगों की परेशानी बताई। उन्होंने खासकर कॉलेज से पढ़कर निकले युवाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रोजगार की स्थिति पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। थरूर ने कहा, 'लोग हमें बताते हैं कि नौकरी मिलना बहुत मुश्किल है। उदाहरण के लिए, पहली बार ऐसा हुआ कि आईआईटी के एक छात्र को नौकरी नहीं मिली। मेरा मतलब है कि पहले ऐसी बात सुनने को नहीं मिलती थी। इससे पता चलता है कि रोजगार का माहौल, खासकर कॉलेज से पढ़े युवाओं के लिए, बेहद खराब है'। कांग्रेस नेता ने कहा कि अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है। सरकार और कंपनियों के बीच आर्थिक विकास की जिम्मेदारी को लेकर जो बहस चल रही है, उस पर नजर रखनी चाहिए। थरूर ने कहा, 'अगर प्रधानमंत्री कंपनियों पर सवाल उठा रहे हैं और कंपनियां सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना चाहती हैं, तो इस पर नजर रखी जा सकती है। हमारा मानना है कि सरकार कुछ काम बेहतर तरीके से कर सकती है'। थरूर ने सरकार के नियमों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कारोबार को आसान बनाने के दावों के बावजूद कंपनियों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा, 'सरकार नियमों को आसान जरूर बना सकती है। कारोबार आसान होना अभी हकीकत नहीं है'। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर भी सरकार की आलोचना की। थरूर ने कहा कि जिन कारोबारियों से उनकी बात होती है, वे मानते हैं कि भ्रष्टाचार बढ़ गया है। उन्होंने कहा, और मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि जिन भी कारोबारियों से मैं बात करता हूं, उनके मुताबिक भ्रष्टाचार पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। थरूर ने भ्रष्टाचार रोकने के मोदी के पुराने वादे पर भी तंज कसा। उन्होंने प्रधानमंत्री के नारे का जिक्र किया। यह नारा था, 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा'। इसका मतलब है कि न रिश्वत लूंगा और न दूसरों को लेने दूंगा।

'ईरान पर हमले से फिर भड़क उठेगी जंग': आईडीएफ की नेतन्याहू को चेतावनी

यरुशलम, इस्राइल



इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने 'प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को ईरान पर हमले की स्थिति में सामने आने वाले नतीजे से रूबरू कराया है। चेतावनी दी है कि ईरान पर हमले से एक व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ सकता है। 'द टाइम्स ऑफ इस्राइल' की एक रिपोर्ट में इसका जिक्र है। टेलीविजन नेटवर्क 'चैनल 12' की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि, पिछले हफ्ते नेतन्याहू और वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के बीच एक बंद कमरे में हुई बैठक में इसके नतीजे पर बात किया। कथित तौर पर इस समय ईरान के खिलाफ अपने सैन्य विकल्पों पर इजरायल गंभीरता से विचार कर रहा है। सैन्य खुफिया विभाग ने चेतावनी दी है कि इस्राइल के हमले से लेबनान, सीरिया और गाजा सहित "कई मोर्चों" पर संघर्ष छिड़ सकता है। यह नेतन्याहू और इस्राइल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के उस अनुमान के विपरीत है, जिसमें कहा गया था कि यह अभियान तीन से पांच दिनों तक ही सीमित रह सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विपक्षी नेता एविग्डोर लिबरमैन ने हाल ही में इस बात का संकेत दिया था कि नेतन्याहू अमेरिका की मंजूरी के बिना ही एकतरफा हमला कर सकते हैं। लिबरमैन ने पिछले हफ्ते कहा था कि इस समय इस्राइल का कोई भी हमला अनुचित होगा और यह "पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित" होगा। आईडीएफ ने बंद कमरे की बैठकों में की गई चर्चा पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। एक अज्ञात सूत्र के हवाले से (प्रसारक 'कान' की रिपोर्ट) कहा गया है कि नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ईरान पर "जल्द से जल्द" हमला करने का आग्रह कर रहे थे। हालांकि, राष्ट्रपति ने अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया है और बताया जा रहा है कि वे ऐसा करने के इच्छुक नहीं हैं।

सुप्रीम कोर्ट - वोटर लिस्ट से नाम कटने पर अपील की सुनवाई तेजी से होगी; अदालत बोली- ट्रिब्यूनल की संख्या बढ़ाएं

नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उन्हें बड़ी राहत मिल सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपीलीय ट्रिब्यूनलों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। अदालत ने साफ कहा कि वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के खिलाफ दाखिल अपीलों पर पहले सुनवाई होनी चाहिए। खासकर उन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को प्राथमिकता दी जाए, जहां नगर निकाय चुनाव होने वाले हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कहा कि अपीलीय ट्रिब्यूनलों की संख्या बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से सलाह करे। अदालत ने अपीलों को दो अलग-अलग श्रेणियों में बांटने का निर्देश दिया है। पहली श्रेणी में उन लोगों की अपीलें होंगी, जिनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं। दूसरी श्रेणी में उन लोगों की अपीलें होंगी, जो किसी दूसरे व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में शामिल किए जाने को चुनौती दे रहे हैं। अदालत ने कहा कि दूसरी श्रेणी के मामलों में उतनी जल्दबाजी की जरूरत नहीं है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने बताया कि करीब 38 लाख अपीलें दाखिल हुई हैं, लेकिन अब तक केवल एक लाख के आसपास मामलों का निपटारा हुआ है। उन्होंने कहा कि नाम काटे जाने के खिलाफ करीब 93 प्रतिशत अपीलों में फैसला हो चुका है और संबंधित लोगों के नाम दोबारा जोड़ने के आदेश दिए गए हैं। हालांकि, उन्होंने करीब 22 लाख अपीलें लंबित होने की बात भी कही। उनके मुताबिक, कोलकाता नगर निगम क्षेत्र में दो लाख से अधिक मतदाताओं के नाम कथित तौर पर हटाए गए हैं और उनकी अपीलों पर सुनवाई बाकी है। अदालत ने चुनाव आयोग को कोलकाता के अलग-अलग इलाकों में ऐसे स्थानों की पहचान करने को कहा है, जहां अपीलीय ट्रिब्यूनल बनाए जा सकें। इससे लोगों को सुनवाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और लंबित मामलों का जल्द निपटारा हो सकेगा। पीठ ने खास तौर पर कोलकाता नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मतदाताओं की अपीलों को प्राथमिकता देने की बात कही।

वायु सेना प्रमुख बोले- युवा पीढ़ी की सोच ही तय करेगी भारत का भविष्य, विज्ञान की ताकत को समझने की जरूरत

लखनऊ



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने छात्रों से जिज्ञासु बने रहने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने और मानवीय मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवा पीढ़ी के सपनों, फैसलों और प्रयासों से ही आकार लेगा। सीएमएस सुशांत गोल्फ सिटी में दो दिवसीय विज्ञान मेले को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इस संस्थान ने उन्हें सिर्फ अकादमिक आधार ही नहीं दिया, बल्कि निस्वार्थ सेवा की भावना और यह विश्वास भी दिया कि व्यक्ति अपने से बड़ी किसी चीज के लिए होता है। उन्होंने कहा, शायद इसीलिए मैंने वर्दी वाला यह जीवन चुना। स्कूल के दिनों को याद करते हुए उन्होंने समाज की सेवा के बारे में सीखे गए पाठों का जिक्र किया। संस्थान के पूर्व छात्र के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, जब मैं आप सभी को देखता हूं, तो मुझे भारत का भविष्य दिखता है। मुझे आपके भीतर वैज्ञानिक, इंजीनियर, पायलट, रक्षा अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, उद्यमी, कलाकार और नेता दिखते हैं। छात्रों के बैंड, वैज्ञानिक प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि युवा प्रतिभागियों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता से वे विशेष रूप से प्रभावित हुए। स्कूल में 1971 में आयोजित विज्ञान मेले को याद करते हुए बोले कि यह देखना प्रेरणादायक है कि कैसे छात्रों की पीढ़ियों ने जिज्ञासा और नवाचार की इस परंपरा को आगे बढ़ाया है। कभी पूरे कमरे में समाने वाले कंप्यूटर अब हमारी जेब में समा जाते हैं, लेकिन एक चीज नहीं बदली है - जिज्ञासा की ताकत। देश अंतरिक्ष अन्वेषण में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

दिल्ली में थाने के अंदर खूनखराबा: पांच पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला, बाइक लूटकर भागा हमलावर

नई दिल्ली



दिल्ली के जामा मस्जिद थाना में सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक बड़ी घटना हुई। पारिवारिक विवाद की शिकायत पर थाने बुलाए गए नबील नामक व्यक्ति ने पुलिसकर्मियों पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। नबील को उसकी मां और बहन से जुड़े एक पारिवारिक विवाद के मामले में थाने बुलाया गया था। उसने अचानक पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को गर्दन और चेहरे पर चोटें आईं। उन्हें तुरंत संजीवनी अस्पताल ले जाया गया। बाद में बेहतर उपचार के लिए सर गंगा राम अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमले के बाद आरोपी नबील थाना से भाग निकला। भागने में मदद के लिए उसने रास्ते में एक दोपहिया वाहन भी लूट लिया। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की ऑपरेशंस यूनिट की एक टीम ने उसका पीछा करना शुरू किया। ऑपरेशंस यूनिट की टीम ने आरोपी नबील को चितली कबर इलाके में ट्रैक किया। जब पुलिस टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। नबील ने एक बार फिर पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।

सम्पादकीय

राजस्थान के 37 जिलों में कांग्रेस ने भाजपा को पछाड़ा, 17 राज्य मंत्री और 3 केंद्रीय मंत्री नहीं बचा पाए सियासी पकड़



राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के ये चुनाव परिणाम जहां भाजपा की मौजूदा सरकार को आत्ममंथन के लिए बाध्य करते हैं, वहीं कांग्रेस को शहरी क्षेत्रों में भी अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने के लिए प्रेरित करते हैं। राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणामों ने प्रदेश की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। इन नतीजों को केवल जिला परिषदों और पंचायत समितियों में प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित कर-के नहीं देखा जा सकता, बल्कि इनके माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं की राजनीतिक सोच, सरकार के कामकाज के प्रति उनकी अपेक्षाओं और विपक्ष की बदलती भूमिका के संकेत भी मिलते हैं। इन चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा के मुकाबले विपक्षी दल कांग्रेस ने उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। ये परिणाम जहां भाजपा की मौजूदा सरकार को आत्ममंथन के लिए बाध्य करते हैं, वहीं कांग्रेस को शहरी क्षेत्रों में भी अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने के लिए प्रेरित करते हैं। सवाल है कि राज्य के नगर निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भाजपा आखिर पंचायती संस्थाओं में कैसे पिछड़ गई? क्या इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के घटते जनाधार के रूप में नहीं देखा जाएगा! जाहिर है, भाजपा को अपनी सरकार की जनकल्याण योजनाओं और आम लोगों से जुड़ाव में कमियों की गहन समीक्षा करनी होगी। गौरतलब है कि राज्य के 37 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव नतीजों में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा को काफी पीछे छोड़ दिया है। खबरों के मुताबिक, राज्य सरकार के 17 मंत्री और केंद्र सरकार के तीन मंत्री इन चुनावों में क्षेत्रीय स्तर पर अपनी राजनीतिक पकड़ दिखाने में नाकामयाब रहे। इन परिणामों का महत्त्वपूर्ण संदेश यह है कि मतदाता केवल सत्ता में होने के आधार पर किसी दल का समर्थन नहीं करते। विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता सौंपने के बाद पंचायती संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस को मिली बढ़त बताती है कि स्थानीय स्तर पर मतदाताओं की प्राथमिकताएं अलग हो सकती हैं। गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, सिंचाई, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे मुद्दे राजनीतिक पसंद को प्रभावित करते हैं। मतदाता अपने रोजमर्रा के अनुभवों के आधार पर जनप्रतिनिधियों और सरकार के कामकाज का मूल्यांकन करते हैं। ये नतीजे इससे ठीक पहले राज्य में हुए स्थानीय नगर निकाय चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के विपरीत हैं। साफ है कि किसी भी दल के सत्ता में आने के बाद केवल सरकारी योजनाओं की घोषणाओं और दावों के आधार पर जनता का भरोसा बनाए रखना संभव नहीं है। इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत पड़ती है, ताकि सरकार की नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, सरकारी कार्यालयों में लोगों की सुनवाई नहीं हो रही या स्थानीय समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, तो उसका असर चुनावी नतीजों में दिखना स्वाभाविक है। भाजपा नेतृत्व को यह समझना होगा कि आम लोगों की नाराजगी के कारणों की पहचान किए बिना केवल संगठनात्मक बैठकों और चुनावी नारों से ज्यादा दिनों तक मतदाताओं को नहीं रिझाया जा सकता। वहीं, कांग्रेस के लिए ये नतीजे निश्चित रूप से उत्साह बढ़ाने वाले हैं। मगर इस सफलता को राज्य में व्यापक जनसमर्थन में बदलना उसके लिए आसान नहीं होगा। राजनीतिक दलों को यह नहीं भूलना चाहिए कि पंचायती संस्थाएं जनतंत्र की बुनियादी एवं सबसे महत्त्वपूर्ण इकाई हैं। यहां होने वाला विकास ही लोकतंत्र को वास्तविक अर्थों में मजबूत बनाता है।

भारतीय संगीत परंपरा की सुरमयी यात्रा से रूबरू हुए एमिटी के विद्यार्थी, पद्मश्री डॉ. सोमा घोष की प्रस्तुति ने बांधा समां

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं मधु मूर्च्छना के संयुक्त तत्वावधान में, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-44, नोएडा के सहयोग से आयोजित शास्त्रीय संगीत वर्कशॉप-कॉन्सर्ट श्रृंखला ह्यभारतीय संगीत परंपराह्ल के अंतर्गत शुक्रवार को पद्मश्री डॉ. सोमा घोष ने अपनी शानदार संगीत प्रस्तुति से विद्यार्थियों को भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत से परिचित कराया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और डॉ. सोमा घोष का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। अपनी गायकी के माध्यम से उन्होंने संगीत की उत्पत्ति और ओंकार से लेकर प्रबंध गायन, ध्रुपद, धमार, ख्याल, ठुमरी, गजल एवं भजन तक की संगीतमय यात्रा प्रस्तुत की। इस दौरान विद्यार्थियों ने तालियों के माध्यम से लय और ताल में उनका साथ दिया।

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण हिंदी फिल्मों के स्वर्णिम संगीत युग की प्रस्तुति रही। डॉ. सोमा घोष ने नौशाद, सचिन देव बर्मन, मदन मोहन, शंकर-जयकिशन, जयदेव, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और आर.डी. बर्मन जैसे महान संगीतकारों की रचनाओं के माध्यम से बताया कि किस तरह शास्त्रीय रागों, उत्कृष्ट काव्य और अनूठे वाद्ययंत्रों के संगम ने सदाबहार संगीत को जन्म दिया। उन्होंने पखावज, खोल, बगल-बच्चा, मोरचंग, जलतरंग और मटका जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों की विशेषताओं और फिल्मी गीतों में उनके इस्तेमाल को भी रोचक अंदाज में समझाया।

इस अवसर पर श्रद्धा पृथ्वीराज ने 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति दी। जाने-माने फिल्मकार एवं प्रोफेसर शुभंकर घोष ने फिल्म संगीत की रिकॉर्डिंग से जुड़े रोचक अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को संगीत के क्षेत्र में सफलता की प्रेरणादायक कहानियां सुनाईं। उनकी बातें सुनकर एक विद्यार्थी ने कहा कि वह भविष्य में 'द्वितीय रविशंकर' बनना चाहता है। इस प्रतिक्रिया ने कार्यक्रम के उद्देश्य की सार्थकता को दर्शाया।

डॉ. सोमा घोष के साथ संगत करने वाले कलाकारों ने अपनी स्वतंत्र प्रस्तुतियों से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के समापन के बाद विद्यार्थियों में डॉ. सोमा घोष का ऑटोग्राफ लेने के लिए विशेष उत्साह दिखाई दिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों का सहयोग भी सराहनीय रहा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से परिचित कराना और विद्यार्थियों में भारतीय संगीत एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति रुचि विकसित करना था।

सरकारी अधिकारी बनकर महिला से ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, हौज खास पुलिस ने 8 घंटे में सुलझाया मामला, वारदात में इस्तेमाल सफेद अर्टिगा और सोने के गहने गिरवी रखने की रसीद बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली। दक्षिण जिला के थाना हौज खास पुलिस ने सरकारी अधिकारी बनकर एक महिला से सोने के गहने ठगने के मामले को महज 8 घंटे में सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 19 नवंबर 2026 को पंचशील पार्क में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली करीब 50 वर्षीय महिला को पंचशील एन्क्लेव बस स्टॉप पर सफेद अर्टिगा कार में लिफ्ट देने का झांसा दिया। खुद को डाकघर का सरकारी अधिकारी बताकर उन्होंने महिला से कहा कि सोने के गहने ले जाना प्रतिबंधित है और जांच के लिए उन्हें एक लिफाफे में रखना होगा। महिला ने भरोसा कर अपने सोने के झुमके, चेन और मंगलसूत्र लिफाफे में रख दिए। आरोपियों ने रास्ते में लिफाफा बदल दिया और महिला को प्रगति मैदान के पास उतार दिया। बाद में लिफाफा खोलने पर उसमें मोबाइल चार्जिंग केबल मिली।

शिकायत के आधार पर थाना हौज खास में एफआईआर संख्या 435/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर वारदात में इस्तेमाल सफेद मारुति अर्टिगा की पहचान की। जांच में पता चला कि वाहन रोहित शर्मा ने किराये पर लिया था। पुलिस ने रोहित शर्मा को गिरफ्तार किया, जिसने पूछताछ में अपने साथी रॉकी की संलिप्तता का खुलासा किया। ठगी के गहनों को ठिकाने लगाने के लिए उन्होंने अपने सहयोगी चंदर कुमार से संपर्क किया था। चंदर कुमार ने मुथूट फाइनेंस, खिचड़ीपुर में अपनी पहचान के दस्तावेजों के आधार पर गहने 60,357 रुपये में गिरवी रखे थे। पुलिस ने उससे गोल्ड प्लेज रसीद और वारदात में इस्तेमाल अर्टिगा कार बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित शर्मा और चंदर कुमार के रूप में हुई है, जबकि तीसरा आरोपी रॉकी अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, रोहित शर्मा और रॉकी के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी और ठगे गए सोने के गहनों की बरामदगी के प्रयास कर रही है। यह कार्रवाई डीसीपी दक्षिण जिला अनंत मित्तल के निर्देशन में थाना हौज खास के एसएचओ इंस्पेक्टर सतीश जसोरिया के नेतृत्व में एसआई संजय मीणा और हेड कांस्टेबल अशोक कुमार की टीम ने की।

दिल्ली में हाई अलर्ट के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, संवेदनशील इलाकों में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा अलर्ट के मद्देनजर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से विभिन्न इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है। इसके तहत दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ-साथ अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती भी बढ़ाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत संवेदनशील स्थानों, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा जांच तथा गश्त बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने को कहा गया है। वहीं, आम नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और सुरक्षा बल पूरी तरह सतर्क हैं। हालांकि, हाई अलर्ट के विशिष्ट कारण, प्रभावित क्षेत्रों और तैनाती से संबंधित आधिकारिक विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

ऑपरेशन मिलाप के तहत आउटर नॉर्थ जिला पुलिस ने दो लापता नाबालिग बच्चों को सकुशल तलाशकर परिवार से मिलाया, ढाई साल का बच्चा कुछ ही घंटों में बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के आउटर नॉर्थ जिला पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत दो अलग-अलग मामलों में लापता हुए दो नाबालिग बच्चों को सकुशल तलाशकर उनके परिवारों से मिला दिया। इनमें 15 वर्षीय किशोरी और ढाई साल का मासूम बच्चा शामिल है। पुलिस की इस कार्रवाई से दोनों परिवारों ने राहत की सांस ली। डीसीपी आउटर नॉर्थ शिभित डी. सक्सेना के अनुसार, एडिशनल डीसीपी-कलोकेश्वरन आर. के मार्गदर्शन और एएचटीयू प्रभारी इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार की निगरानी में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने थाना बवाना पुलिस के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।



पहले मामले में शाहबाद दौलतपुर निवासी 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने की शिकायत पर थाना शाहबाद डेयरी में 20 नवंबर 2026 को एफआईआर संख्या 756/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए किशोरी को तलाश लिया और सुरक्षित उसके परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं, दूसरे मामले में थाना बवाना पुलिस को ढाई साल के बच्चे के लापता होने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल तलाशी अभियान शुरू किया और कुछ ही घंटों में बच्चे को सकुशल बरामद कर परिवार से मिला दिया। इस अभियान में एएचटीयू की टीम से हेड कांस्टेबल अमित, महिला हेड कांस्टेबल सुमन और महिला हेड कांस्टेबल सीमा तथा थाना बवाना से हेड कांस्टेबल अमित और हेड कांस्टेबल विकास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आउटर नॉर्थ जिला पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन मिलाप के तहत बच्चों की सुरक्षा और लापता बच्चों को उनके परिवारों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

दिल्ली मेट्रो में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस ने बढ़ाई चौकसी, सभी मेट्रो स्टेशनों पर तेज की गश्त और सुरक्षा जांच

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली में मेट्रो यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने सभी मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और सुरक्षा संबंधी सतर्कता बढ़ाने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर पुलिस की गश्त और सुरक्षा जांच तेज कर दी गई है।



दिल्ली पुलिस मेट्रो यूनिट द्वारा मेट्रो परिसरों में लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस पहल के तहत सभी मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए पुलिसकर्मी सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। दिल्ली पुलिस का मुख्य उद्देश्य मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। पुलिस की इस सक्रियता से मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा कायम रखने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस मेट्रो यूनिट ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपनी सतर्कता बढ़ाई है।

गाजियाबाद: NH-9 पर तेज रफ्तार रवश ने मारी टक्कर, हादसे में बेटे और माता-पिता की मौत; शादी वाले घर में छाया मातम

गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई ये तीनों शादी से लौटते समय सड़क पार कर रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर स्कॉर्पियो की टक्कर से तीन की मौत

एक ही परिवार के माता-पिता और बेटे की जान गई

शादी से लौटते समय बागू के पास हुआ दर्दनाक हादसा

गाजियाबाद आशीष गौतम



गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (DME) पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो एक ही परिवार के तीन लोगों के लिए काल बन गई। बागू के पास एचपी पेट्रोल पंप के सामने पैदल सड़क पार कर रहे परिवार के तीन सदस्यों को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 55 वर्षीय हरलाल, उनकी पत्नी 50 वर्षीय गुड्डो और 21 वर्षीय बेटे तेजवीर की मौत हो गई। जांच में पता चला कि तीनों मथुरा के कोसीकलां क्षेत्र के गांव धेगांव के रहने वाले थे। हादसे के बाद ड्राइवर स्कॉर्पियो को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

हादसा दिल्ली जाने वाली लेन पर हुआ

घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में डीएमई पर मेरठ से दिल्ली जाने वाली लेन पर हुई। हरलाल तीन दिन पहले बागू निवासी अपनी रिश्तेदारी में बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। बताया गया कि उनके रिश्तेदार नरेश कुमार की बेटी प्रियंका की 21 नवंबर को शादी थी। शादी में हरलाल अपनी पत्नी गुड्डो और बेटे तेजवीर के साथ शामिल होने आए थे।

सड़क पार करते समय हुआ हादसा

वहीं, सोमवार को तीनों को पलवल जाने के लिए ईएमयू ट्रेन पकड़नी थी। नरेश कुमार के मुताबिक, तीनों रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान बागू के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही शादी वाले घर में मातम छा गया। जिस घर में कुछ दिन पहले शादी की खुशियां थीं, वहां अब चीख-पुकार मची है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने 11.10 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में गुजरात के शातिर ठग को महाराष्ट्र के खोपोली से किया गिरफ्तार, आरोपी पर था 50 हजार रुपये का इनाम

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब 11 करोड़ 10 लाख 20 हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक साल से फरार चल रहे गुजरात निवासी आरोपी मुकेश एल. बेलानी (42) को महाराष्ट्र के खोपोली से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली के थाना सुभाष प्लेस में दर्ज ठगी के मामले में वांछित था और अदालत उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर चुकी थी। उसकी गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस की ओर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को मुंबई-पुणे हाईवे पर स्थित खोपोली से गिरफ्तार किया गया, जहां वह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली निवासी कारोबारी ऋषि पाल बंसल ने शिकायत में आरोप लगाया था कि मई 2024 में चार लोगों ने उत्तराखंड के रुड़की स्थित गांव खटकहेड़ी में 20 बीघा जमीन खरीदने और बाद में उसे अधिक कीमत पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया था। इस सौदे की कीमत 11,10,20,000 रुपये तय की गई थी। आरोपियों ने कारोबारी से नकद और बैंकिंग माध्यमों से अलग-अलग किश्तों में रकम ली तथा जमीन के संबंध में एग्रीमेंट टू सेल भी किए। बाद में कारोबारी को पता चला कि जमीन विवादित थी और दिखाई गई जमीन तथा बिक्री के लिए प्रस्तावित जमीन में भी अंतर था। इसके बावजूद आरोपियों ने न तो सौदा पूरा किया और न ही रकम वापस की।

अदालत के निर्देश पर इस मामले में 27 मई 2025 को थाना सुभाष प्लेस में एफआईआर संख्या 339/2025 के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और साजिश की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी लगातार पुलिस से बच रहा था, जिसके बाद 23 मई 2026 को अदालत ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। दिल्ली पुलिस आयुक्त की ओर से 16 जून 2026 को उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

क्राइम ब्रांच के एआरएससी की टीम ने इंस्पेक्टर दीपक दहिया के नेतृत्व में एसीपी विवेकानंद पाठक की निगरानी में आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने गुजरात के वडोदरा स्थित उसके पते पर सत्यापन किया, लेकिन वह वहां से फरार मिला। इसके बाद तकनीकी सूचना और खुफिया जानकारी के आधार पर उसकी लोकेशन वडोदरा से मुंबई और फिर खोपोली में मिली। पुलिस के मुताबिक, आरोपी परिवार को वडोदरा में छोड़कर खोपोली में अकेले रह रहा था और पुलिस से बचने के लिए दूसरे व्यक्ति के नाम की सिम का इस्तेमाल कर रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से दिल्ली लाने के लिए तीन दिन का ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर खुलासा किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक रूप से संपन्न कारोबारियों को जमीन खरीदकर कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देता था। पीड़ित का विश्वास जीतकर जमीन खरीदने का समझौता किया जाता और रकम मिलने के बाद जमीन को दोबारा बेचने का सौदा पूरा किए बिना आरोपी फरार हो जाते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी गुजरात, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में दर्ज धोखाधड़ी तथा नकली भारतीय मुद्रा से जुड़े चार अन्य मामलों में भी शामिल रहा है। इनमें गुजरात के वडोदरा में दर्ज एक मामले में सात लाख रुपये की नकली भारतीय मुद्रा भी बरामद हुई थी।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपी मुकेश बेलानी नौवीं कक्षा तक पढ़ा है और लगातार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस से बच रहा था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना थाना सुभाष प्लेस के जांच अधिकारी को दे दी गई है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। यह कार्रवाई डीसीपी क्राइम ब्रांच संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में की गई।

गुरु पर्व पर नगर कीर्तन के भव्य आयोजन की तैयारियों का महापौर एवं निगम आयुक्त ने लिया जायजा, सीसगंज गुरुद्वारे से फतेहपुरी चौक तक सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

छोटी-मोटी कमियों को तत्काल दूर करने के अधिकारियों को दिए निर्देश; महापौर एवं निगम आयुक्त ने गुरुद्वारा सीसगंज साहिब में माथा टेककर सभी की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



गुरु पर्व के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य नगर कीर्तन के मद्देनजर दिल्ली नगर निगम द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिल्ली के महापौर श्री प्रवेश वाही एवं निगम आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने गुरुद्वारा सीसगंज साहिब से फतेहपुरी चौक तक नगर कीर्तन मार्ग का निरीक्षण कर सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर पुरानी दिल्ली क्षेत्र की उपायुक्त सुश्री कनिका सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर एवं निगम आयुक्त ने पूरे मार्ग पर साफ-सफाई, कचरा उठाने, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर कीर्तन मार्ग पर स्वच्छता की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा जहां भी कोई कमी दिखाई दे, उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर महापौर श्री प्रवेश वाही ने कहा कि गुरु पर्व न केवल आस्था और श्रद्धा का पर्व है, बल्कि दिल्ली की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। नगर कीर्तन का यह मार्ग ऐतिहासिक महत्व रखता है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के आह्वान तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम राजधानी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

महापौर ने कहा कि आज नगर कीर्तन के पूरे मार्ग का निरीक्षण किया गया है और सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। हालांकि, कुछ छोटी-मोटी कमियां सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निगम के अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करेंगे और गुरु पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाला नगर कीर्तन भव्य, सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न होगा।

निरीक्षण के उपरांत महापौर श्री प्रवेश वाही एवं निगम आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने गुरुद्वारा सीसगंज साहिब पहुंचकर माथा टेका तथा गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सभी दिल्लीवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

आधुनिक मशीनों और अत्याधुनिक तकनीक के जरिए दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जुटी भाजपा सरकार, सरकार के प्रयासों की जनता कर रही सराहना

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने और शहर की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए भाजपा सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सरकार पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक मशीनों और अत्याधुनिक तकनीक का भी सहारा ले रही है। सड़कों की सफाई, धूल नियंत्रण और प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों पर प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि तकनीक के बेहतर उपयोग से प्रदूषण के स्तर को कम किया जाए और दिल्लीवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या लंबे समय से एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में हवा की गुणवत्ता प्रभावित होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में भाजपा सरकार प्रदूषण नियंत्रण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए विभिन्न स्तरों पर काम कर रही है। आधुनिक मशीनों के माध्यम से सड़कों की सफाई और धूल को नियंत्रित करने जैसे उपायों पर जोर दिया जा रहा है, ताकि वातावरण में उड़ने वाले धूल के कणों को कम किया जा सके। सरकार की ओर से तकनीक आधारित व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने का उद्देश्य केवल तात्कालिक राहत देना नहीं, बल्कि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या का स्थायी और प्रभावी समाधान तलाशना भी है। आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल से सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को गति देने की दिशा में काम किया जा रहा है।

सरकार के इन प्रयासों को लेकर जनता के बीच भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लोगों का मानना है कि प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीन पर प्रभावी कार्रवाई और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है। ऐसे में मशीनों और तकनीक के माध्यम से प्रदूषण कम करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहना मिल रही है।

हालांकि, दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सरकार के साथ-साथ नागरिकों की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। निर्माण कार्यों में धूल नियंत्रण, कूड़ा न जलाना, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता जैसे कदम भी महत्वपूर्ण हैं। भाजपा सरकार के सामने चुनौती इन प्रयासों को लगातार जारी रखने और उनके सकारात्मक परिणामों को हवा की गुणवत्ता में सुधार के रूप में सामने लाने की है।

गीता कॉलोनी के गांधी नगर इलाके में नेहरू गली स्थित फैक्ट्री में लगी आग, सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं



अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र के गांधी नगर इलाके में नेहरू गली स्थित एक फैक्ट्री में अचानक आग लगने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री से आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को सूचित किया गया, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। आग लगने की घटना के बाद आसपास के इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल आग लगने के कारणों, किसी के हताहत होने और संपत्ति को हुए नुकसान के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। आग पर काबू पाने के बाद ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का पता चल सकेगा।

दिल्ली के जामा मस्जिद थाने में चाकू से पुलिसकर्मियों पर हमला, पांच जवान घायल; फरार आरोपी ने चितली कबर इलाके में दोबारा किया हमला, पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी को लगी गोली

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के जामा मस्जिद थाना परिसर में सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पारिवारिक विवाद के एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाए गए नबील नामक व्यक्ति ने अचानक चाकू से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। बताया गया है कि विवाद उसकी मां और बहन से जुड़ी शिकायत के संबंध में था। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनके गर्दन और चेहरे पर चोटें आई हैं। सभी घायलों को पहले संजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए सर गंगाराम अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हमले के बाद आरोपी पुलिस थाने से फरार हो गया और भागने के लिए कथित तौर पर एक दोपहिया वाहन भी लूट लिया। इसके बाद सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की ऑपरेशंस यूनिट की टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने उसे चितली कबर इलाके में ट्रैक किया। गिरफ्तारी की कोशिश के दौरान आरोपी ने एक बार फिर पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के लिए पुलिस टीम को जवाबी फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें आरोपी को गोली लगी। घायल आरोपी को नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा है। पुलिस की ओर से बताया गया है कि मामले की विस्तृत जानकारी शाम करीब 6 बजे साझा की जाएगी।

दिल्ली नगर निगम की सदन की विशेष बैठक में वार्ड संख्या 166 (पुष्प विहार) के नवनिर्वाचित निगम पार्षद श्री नरेश को शपथ दिलाई गई

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के वार्ड संख्या- 166 (पुष्प विहार) से नवनिर्वाचित पार्षद नरेश ने दिल्ली नगर निगम की सदन की विशेष बैठक में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस विशेष सदन की बैठक में दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, पार्षदगण और निगम आयुक्त संजीव खिरवार७ सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दक्षिण जिला) द्वारा चुनाव याचिका संख्या 2/2022 (नरेश बनाम राज्य चुनाव आयोग व अन्य) पर दिनांक 18 नवंबर, 2026 को दिए गए निर्णय के अनुपालन में राज्य चुनाव आयुक्त द्वारा 20 नवंबर, 2026 को अधिसूचना (संख्या F.4(47)/SEC/Law/2022/2091) जारी की गई थी। इस अधिसूचना के तहत पूर्व पार्षद श्री अरुण नावरिया के स्थान पर श्री नरेश को वार्ड संख्या-166 से निर्वाचित घोषित किया गया है।

दिल्ली के माननीय महापौर श्री प्रवेश वाही के आदेशानुसार दिल्ली नगर निगम की सदन की विशेष बैठक में नवनिर्वाचित पार्षद को शपथ दिलाई गई और श्री प्रवेश वाही ने नवनिर्वाचित निगम पार्षद को बधाई भी दी। श्री प्रवेश वाही ने कहा कि भाजपा के पार्षद के विजेता घोषित होने के पश्चात पुष्प विहार वार्ड के रुके हुए विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से जानकारी छुपाकर आम आदमी पार्टी ने वार्ड-166 का चुनाव तो जीत लिया लेकिन लगभग पिछले 4 साल में उनके पार्षद ने वार्ड में कोई काम नहीं किया। महापौर ने कहा कि नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद पूरी शिद्दत और मेहनत के साथ काम करेंगे और वार्ड के विकास को नई दिशा प्रदान करेंगे।

उत्तर रेलवे और एमसीडी का संयुक्त अभियान, दया बस्ती स्टेशन एवं यार्ड से हटाया गया 70 टन कचरा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिनांक: 23 नवंबर, 2026 नई दिल्ली: रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसरों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने दिल्ली नगर निगम (MCD) के साथ मिलकर एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया। कल रात यानी दिनांक 22/11/2026 की रात्रि में दया बस्ती रेलवे स्टेशन और यार्ड की रेलवे लाइनों के किनारे जमा लगभग 70 टन कचरा सफलतापूर्वक हटाया गया।



रेलवे पटरियों के आसपास जमा कचरे से न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि इससे जलभराव भी होता है। इस समस्या के समाधान हेतु उत्तर रेलवे और एमसीडी की संयुक्त टीमों ने रात्रिकालीन विशेष अभियान चलाकर मशीनों और सफाई कर्मचारियों की मदद से ट्रैक के किनारों को पूरी तरह साफ किया।

यह सफल अभियान रेलवे की स्वच्छता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और नागरिक निकायों के साथ बेहतर समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उत्तर रेलवे सभी नागरिकों और रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसरों में कचरा न फैलाएं तथा स्वच्छ भारत अभियान में अपना सक्रिय सहयोग दें।

पूर्वी जिले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए दो पुलिस बूथों का उद्घाटन, शहीद राजगुरु कॉलेज में बना पिंक पुलिस बूथ महिलाओं की सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर रहेगा विशेष जोर

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त (लॉ एंड ऑर्डर, जोन-1) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने 23 नवंबर 2026 को पूर्वी जिले में जनसुरक्षा, पुलिस की सक्रिय मौजूदगी और महिला सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से दो पुलिस बूथों का उद्घाटन किया। इनमें चिल्ला बॉर्डर पर सामान्य पुलिस बूथ और शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज फॉर वुमेन में विशेष पिंक पुलिस बूथ शामिल हैं। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त ईस्टर्न रेंज मिलिंद महादेव डुम्बरे, पूर्वी जिले के डीसीपी राजीव कुमार, उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी राहुल अलवाल, शाहदरा जिले के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा तथा अतिरिक्त डीसीपी विपुल अनेकों सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। चिल्ला बॉर्डर पर पुलिस बूथ के उद्घाटन के बाद विशेष पुलिस आयुक्त ने स्कूली छात्रों, आरडब्ल्यूए, एमडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, पुलिस मित्रों और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस तथा आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान अपराधों की जांच और खुलासे में सराहनीय कार्य करने वाली पूर्वी जिला पुलिस की टीमों को सम्मानित भी किया गया। इसके बाद शहीद राजगुरु कॉलेज में पिंक पुलिस बूथ का उद्घाटन किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को सुलभ एवं महिला-अनुकूल पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। विशेष पुलिस आयुक्त ने कॉलेज की छात्राओं, शिक्षकों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों और पुलिस मित्रों से बातचीत करते हुए महिलाओं से बिना किसी झिझक के अपनी शिकायत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने पिंक पुलिस बूथों पर निर्भीक शिकायत पेटियां लगाने, क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराने और महिला सुरक्षा के लिए पिंक स्कूटी तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही कॉलेजों, शिक्षण संस्थानों, बाजारों और महिलाओं की आवाजाही वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने तथा पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस बूथ केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि जनता की सहायता, शिकायतों के समाधान और पुलिस-जनता के बीच विश्वास मजबूत करने का सक्रिय केंद्र होने चाहिए। पूर्वी जिला पुलिस की इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं सहित सभी नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जनसुलभ बनाना है।

भारतीय लोक कल्याण समिति की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुआ विचार-विमर्श, सर्दियों में चाय और कंबल वितरण का निर्णय

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया
फिरोजाबाद भारतीय लोक कल्याण समिति की आगामी सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए सोमवार, 23 नवंबर 2026 को दोपहर 2 बजे रामनगर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।समिति के जिलाध्यक्ष विकास गुप्ता ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए लोगों को समिति से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से सामाजिक कार्यों को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकता है।समिति के संस्थापक, प्रबंधक एवं महासचिव सुनील दत्त गुप्ता ने कहा कि सर्दियों के मौसम को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद लोगों के लिए रात्रि में चाय वितरण और कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सक्रिय रहकर सामाजिक कार्यों में सहयोग करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से लगातार निष्क्रिय पदाधिकारियों को समिति से निष्कासित कर उनके स्थान पर नए सक्रिय लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि संगठन के माध्यम से अधिक से अधिक जनसेवा के कार्य किए जा सकें।बैठक में सुनील राठौर ने नववर्ष से राष्ट्रीय हित में जल संरक्षण अभियान चलाने का सुझाव दिया। वहीं अंशुल गुप्ता ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी देने तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का सुझाव रखा।सभी के सुझावों की सराहना करते हुए सुनील दत्त गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंदों के लिए चाय एवं कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद समिति की ओर से जल संरक्षण अभियान भी चलाया जाएगा।बैठक में सुनील दत्त गुप्ता, जिलाध्यक्ष विकास गुप्ता, सुनील राठौर, अंशुल गुप्ता, प्राची गुप्ता सहित समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



26 नवम्बर को सिविक सेंटर में होगा भव्य "संविधान गौरव दिवस समारोह"

रसंविधान केवल एक पुस्तक नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और आकांक्षाओं का दस्तावेज हैर -- हर्ष मल्होत्रा

- प्रदेशाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी दिल्ली के सांसदों एवं बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में सम्बोधित करेंगी

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 23 नवम्बर 2026 : संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से दिल्ली भाजपा 26 नवम्बर, बुधवार को सिविक सेंटर, नई दिल्ली में "संविधान गौरव दिवस समारोह" का भव्य आयोजन करने जा रही है।

दिल्ली भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री हर्ष मल्होत्रा ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का संचालन दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर ने मुख्य प्रवक्ता डॉ. अनिल गुप्ता एवं प्रवक्ताओं श्री शुभेन्दु शेखर अवस्थी और श्री यासिर जिलानी की उपस्थिति में किया।

प्रदेशाध्यक्ष श्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि समारोह में दिल्ली के बुद्धिजीवी वर्ग को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सी.ए., अधिवक्ता, डॉक्टर, प्रोफेसर एवं अध्यापकों के साथ-साथ छात्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह होंगे।

कार्यक्रम की मंच अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्री हर्ष मल्होत्रा करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता भी दिल्ली के सभी सांसदों एवं आमंत्रित बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करेंगी।

श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस ने 1952 से ही संविधान और बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को लोकसभा का दो बार चुनाव हरवाया। 1952 में बम्बई से और 1954 में भंडारा से उपचुनाव में कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग कर उन्हें पराजित कराया।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि संविधान लागू होने के बाद भी कांग्रेस सरकारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान में मनमर्जी के संशोधन किए।

श्री मल्होत्रा ने कहा कि आज जो राहुल गांधी और कांग्रेस नेता संविधान की छोटी प्रति जेब में रखकर बात-बात पर संविधान की शपथ लेते हैं, ये वही कांग्रेस है, यही गांधी परिवार है जिसने डॉ. अम्बेडकर द्वारा लिखे संविधान की मूल भावना की हत्या कर दी। 1975 में इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन किया था।

कांग्रेस ने प्रेस पर सेंसरशिप लगाई और लाखों लोगों को जेल में बंद कर दिया। संविधान को ताक पर रखकर लोकतंत्र का गला घोंटा गया।

आपातकाल के कुछ वर्षों बाद जब कांग्रेस फिर सत्ता में लौटी तो उसके नेतृत्व के अनेक निर्णय संविधान की मूल भावना के विरोधी थे, जैसे शाहबानो केस में न्यायालय के निर्णय को बदलना आदि।

कांग्रेस की ही तरह आम आदमी पार्टी भी अराजक पार्टी है, जिसके मुख्यमंत्री रहते अरविंद केजरीवाल ने न सिर्फ राजपथ (कर्तव्य पथ) पर धरना दिया, बल्कि शराब घोटाले में गिरफ्तार होने के बाद भी बहुत दिनों तक इस्तीफा देने से इनकार किया।

श्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि दिल्ली भाजपा "संविधान गौरव अभियान" के तहत दिल्ली एवं देशवासियों को संविधान के प्रति जागरूक कर रही है और इस अभियान का उद्देश्य है कि हम डॉ. अम्बेडकर के सपनों के भारत का निर्माण करें - जहाँ सामाजिक समरसता हो, समानता हो और हर नागरिक को न्याय मिले।

श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि "संविधान केवल एक पुस्तक नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और आकांक्षाओं का दस्तावेज है।" प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने संविधान के आदर्शों को व्यवहार में उतारा है। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक का अंत और समान नागरिक संहिता की दिशा में कदम - ये सभी संविधान की मूल भावना को सशक्त करने वाले निर्णय हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 26 नवम्बर के समारोह में दिल्ली के प्रबुद्ध नागरिकों की भागीदारी विशेष महत्व रखती है। सी.ए., अधिवक्ता, डॉक्टर, प्रोफेसर, शिक्षक और छात्र मिलकर यह संदेश देंगे कि संविधान हमारे जीवन का आधार है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता अपने संबोधन में दिल्ली सरकार द्वारा संविधान के अनुरूप किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों को भी साझा करेंगी।

दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में आकर इस ऐतिहासिक "संविधान गौरव समारोह" का हिस्सा बनें और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करें।

दिल्ली नगर निगम के भाषा-संगम 2026 में हिंदी, उर्दू एवं पंजाबी की साझा सांस्कृतिक विरासत का उत्सव, महापौर श्री प्रवेश वाही ने किया भाषाई सौहार्द और आपसी सम्मान का आह्वान

भाषा का कोई धर्म नहीं होता, हिंदी, उर्दू और पंजाबी हमारी साझा संस्कृति और तहजीब की पहचान हैं - महापौर

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के राजभाषा विभाग द्वारा आज केदारनाथ साहनी सभागार, सिविक सेंटर में भाषा-संगम 2026 का भव्य आयोजन किया गया। हिंदी, उर्दू एवं पंजाबी भाषा महोत्सव के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में भाषाई विविधता, साहित्यिक समृद्धि और भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत को उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की पावन संध्या को समर्पित रहा।

इस अवसर पर दिल्ली के महापौर श्री प्रवेश वाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा, उपमहापौर एवं हिंदी समिति की अध्यक्ष सुश्री मोनिका पंत तथा हिंदी समिति की उपाध्यक्ष सुश्री मनीषा, अतिरिक्त आयुक्त श्री ऐ के मिश्रा भी उपस्थित थे ।

इस अवसर पर महापौर श्री प्रवेश वाही ने कहा कि भाषा का कोई धर्म नहीं होता। भाषा लोगों को जोड़ने, विचारों को साझा करने और एक-दूसरे की संस्कृति को समझने का माध्यम है। हिंदी, उर्दू और पंजाबी तीनों भाषाओं का भारतीय समाज, साहित्य और संस्कृति पर गहरा प्रभाव रहा है। इन भाषाओं की अपनी समृद्ध परंपराएं हैं, लेकिन इनके बीच आपसी जुड़ाव और साझी विरासत भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें सभी भाषाओं का समान रूप से सम्मान करना चाहिए और भाषाई विविधता को अपनी ताकत बनाना चाहिए। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, सम्मान और एकता की भावना को मजबूत करते हैं।

स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने कहा कि भारत की असली खूबसूरती उसकी विविधता में एकता में निहित है। हिंदी, उर्दू और पंजाबी जैसी भाषाएं हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन भाषाओं के साहित्य, कविता, संगीत और परंपराओं ने समाज को हमेशा जोड़ने का काम किया है। भाषा-संगम जैसे आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और सभी भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उपमहापौर एवं हिंदी समिति की अध्यक्ष सुश्री मोनिका पंत ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी अभिव्यक्ति, संस्कृति और सामाजिक जुड़ाव का सशक्त माध्यम है। उर्दू की नजाकत और पंजाबी की जीवंतता हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध बनाती हैं। हमें हिंदी के साथ-साथ देश की अन्य भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए भी निरंतर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषाओं के माध्यम से ही हम अपनी संस्कृति और मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं।

हिंदी समिति की उपाध्यक्ष सुश्री मनीषा ने कहा कि साहित्य और भाषा समाज को संवेदनशील बनाने के साथ-साथ लोगों के बीच आपसी समझ और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। हिंदी, उर्दू और पंजाबी की साहित्यिक परंपराएं प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों का सुंदर संदेश देती हैं। भाषा-संगम 2026 जैसे आयोजन विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को एक साझा मंच प्रदान करते हैं तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अवसर देते हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत उद्घाटन एवं भाषाई-सांस्कृतिक सत्र, कवि दरबार, साझी विरासत-साझा सम्मानह्न तथा ह्यखुशबू-ए-महफिल जैसे विशेष सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों के माध्यम से हिंदी, उर्दू एवं पंजाबी साहित्य की विविध विधाओं और सांस्कृतिक विशेषताओं को मंच प्रदान किया गया।

भाषा-संगम 2026 ने यह संदेश दिया कि भाषाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन उनके माध्यम से व्यक्त होने वाली भावनाएं, संवेदनाएं और मानवीय मूल्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। दिल्ली नगर निगम का राजभाषा विभाग भारतीय भाषाओं के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बिसलेरी के पानी में खतरनाक केमिकल मिले, ऋरअकने कंपनी के खिलाफ केस चलाने की दी मंजूरी



अनिल कुमार गुप्ता, दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) की जांच में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर बनाने वाली कंपनी Bisleri International के पानी में शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल मिलने का मामला सामने आया है। जांच के बाद FSSAI ने कंपनी के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दे दी है। दरअसल, कंपनी के पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के एक सैंपल की जांच में ब्रोमेट नाम का केमिकल तय सीमा से ज्यादा पाया गया। इसके बाद पानी को पीने के लिए असुरक्षित बताया गया।

कंपनी ने इस जांच रिपोर्ट को चुनौती दी और दोबारा जांच की मांग की। इसके बाद सैंपल को दूसरी लैब में भेजा गया। वहां पानी में PAHs यानी पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स पाए गए। ये ऐसे केमिकल हैं, जो तेल, कोयला और दूसरी चीजों के जलने से बन सकते हैं। इनके कुछ प्रकार सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं। दूसरी लैब ने भी पानी के सैंपल को असुरक्षित बताया। इसके बाद FSSAI ने माना कि कंपनी ने Food Safety and Standards Act, 2006 के नियमों का उल्लंघन किया है। इसी मामले में FSSAI ने Urmi Lifesciences LLP और Gaur Ayurvedic Store के लाइसेंस सस्पेंड किए हैं। वहीं, Vasant Masala, Tit-Bit Foods India, Mimansa Industries और Asha Confectionery के खिलाफ भी केस चलाने की मंजूरी दी गई है।

थांदला में कर्मचारी क्रिकेट का आयोजन संपन्न



रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ थान्दला के दशहरा मैदान मे विभागीय कर्मचारी क्रिकेट का आयोजन दिनांक 21/11/2026 सर 24/11/2026 तक किया जा रहा है जिसमें विभागीय बारह टीमो ना भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे है इस खेल आयोजन मे पत्रकार राजेश डामोर का काफी योगदान रहा रह आयोजन तीसरी बार सम्पन्न हो रहा है।

हर विभाग खिलाडीयो द्वारा टीम भावना से खेल आयोजन हो रहा।

हर खेल मै अच्छे खिलाड़ी को प्रोत्साहित कर उत्साह किया जा रहा है आज के खेल आयोजन मे जोसफ मावी पीटीआई द्वारा प्रोत्साहित कर समान किया गया।

केक काटकर मनाई गई बसंत कुमार शर्मा और निशा शर्मा की एनिवर्सरी

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद शहर के कैलाश नगर स्थित गली नंबर 8 में सोमवार, 23 नवंबर 2026 को बसंत कुमार शर्मा और निशा शर्मा की एनिवर्सरी (वर्षगांठ) हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर केक काटकर खुशियां साझा की गईं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम में पत्रकार तरुण कुमार राजोरिया ने भी सहभागिता की। इस दौरान परिवार के सदस्यों और उपस्थित लोगों ने बसंत कुमार शर्मा एवं निशा शर्मा को वर्षगांठ की बधाई देते हुए उनके सुखी एवं खुशहाल जीवन की कामना की।एनिवर्सरी के मौके पर अमृता



शर्मा, अमृतांश भारद्वाज, सेजल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस खुशी के पल को यादगार बनाया। केक काटने के साथ कार्यक्रम में उत्साह और खुशी का माहौल रहा।

फिरोजाबाद में 36 शोहदों पर कार्रवाई, 6 परिवारों में कराया सुलह-समझौता

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए फिरोजाबाद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-06 के तहत विशेष अभियान चलाया गया। सोमवार, 23 नवंबर 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान 36 शोहदों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई,



जबकि पारिवारिक विवादों में 6 परिवारों के बीच समझौता कराया गया।अभियान के तहत प्रमुख मंदिरों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, चौराहों और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। वहीं, महिला पुलिसकर्मियों ने संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सतर्कता बरती।पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं पर अशोभनीय टिप्पणियां करने और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न करने की हिदायत दी गई।वहीं, विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों ने पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों को समझाया। इसके परिणामस्वरूप 6 परिवारों के विवादों का निस्तारण कराकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया महिला हेल्पलाइन की दी जानकारी जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। पुलिस ने जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।फिरोजाबाद पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री ने सरयू-कमला एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, भारत-नेपाल के बीच रेल कनेक्टिविटी और सांस्कृतिक संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



भारत और नेपाल के बीच आपसी मित्रता, सांस्कृतिक विरासत और परिवहन संपर्क को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री @ढटल्लीस्त्रं' ने संयुक्त रूप से सरयू-कमला एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस नई रेल सेवा को दोनों पड़ोसी देशों के बीच संपर्क व्यवस्था को और बेहतर बनाने की महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

सरयू-कमला एक्सप्रेस के शुभारंभ से भारत और नेपाल के बीच रेल कनेक्टिविटी को विस्तार मिलेगा। इससे दोनों देशों के नागरिकों के बीच आवागमन को सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ आपसी मेल-जोल और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध रहे हैं। ऐसे में यह रेल सेवा इन ऐतिहासिक रिश्तों को और अधिक मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संपर्क और सहयोग को प्राथमिकता दे रहा है। सरयू-कमला एक्सप्रेस का शुभारंभ इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह रेल सेवा न केवल दोनों देशों के बीच परिवहन सुविधाओं को मजबूत करेगी, बल्कि क्षेत्रीय सहयोग, आपसी विश्वास और मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी नई गति प्रदान करेगी।

इस पहल के माध्यम से भारत और नेपाल के बीच साझेदारी तथा जन-जन के संपर्क को एक नया आयाम मिलने की उम्मीद है।

मेघनगर झाबुआ थांदला में खीस्त राजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया

रहीम शेरानी झाबुआ





कैथोलिक डायसिस झाबुआ के मेघनगर थांदला चर्च में खिस्त राजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया कैथोलिक कलीसिया की पुजन विधी अनुसार मनाया गया कैथोलिक डायसिस के बिशप पीटर खराड़ी ने मुख्य याजक की भुमिका अदा की और

प्रवचन में कहा प्रभु येशु का राज्य इस संसार के राजाओं जैसा नहीं बल्कि वे दीन बनकर इस संसार में आए और प्रेम शांति और सेवा का साम्राज्य स्थापित किया। उन्होंने कहा येशु के राज्य में सच्ची महानता दूसरों पर शासन करने में नहीं बल्कि दीन दुखियों की सेवा करने में है । इसलिये खीस्त का राज्य प्रेम सत्य और सेवा पर आधारित है। दूसरों की सेवा करके हम अपने राजा प्रभु येशु के प्रति सच्चा प्रेम प्रकट करते हैं। मिस्सा के पश्चात पवित्र युखारिष्ट संस्कार जिसमें जीवित प्रभु येशु का प्रतीक मानते है उन्हें बड़े सम्मान एवं भक्ति के साथ भजन कीर्तन और प्रार्थना करते हुए नवापाड़ा कस्बा से सेंट फ्लोरा स्कूल होते हुए चर्च मोहल्ला होकर मिशन प्रागण लाए जहां आखिरी आशीष हुई । मिस्सा एवं जुलूस में बिशप पीटर खराड़ी के साथ डायसिस के सिक्रेटरी फादर सिलवेस्टर मेड़ा पल्ली पुरोहित फादर पीटर कटारा सहायक पल्ली पुरोहित फादर मनीष खड़िया फादर रोशन डामोर फादर मनोज कुजूर ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में पल्ली परिषद के सदस्यों के साथ माता मरियम समिति सदस्यों युवा समिति के सदस्यों सेंट मैरीज कॉन्वेंट प्रभुदासी सिस्टर्स तथा मास्टर पूनिया मास्टर विजय सिंगाड़िया मास्टर राजू बारिया ने सहयोग दिया ।मिस्सा पूजा एवं जुलूस में राजू कटारा और उसकी टीम ने सुमधुर गीतों से सहयोग दिया। समारोह में कुल 46 बालक बालिकाओं को प्रथम पवित्र परमप्रसाद दिया गया। जिसमें उनके माता पिता भी उपस्थित रहे। अंत पल्ली पुरोहित फादर पीटर कटारा ने सभीजनों का आभार माना।

मनोज शर्मा को न्याय दिलाने के लिए लामबंद हुए पत्रकार, पुलिस आयुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार शर्मा पर 10 नवंबर को राजनगर में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की कार्रवाई से नाराज पत्रकार आज पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से मुलाकात करेंगे।एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन की अध्यक्ष अपूर्वा चौधरी के नेतृत्व में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी, गंभीर धाराएं बढ़ाने और निष्पक्ष जांच की मांग करेगा। एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन की अध्यक्ष अपूर्वा चौधरी ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार शर्मा पर 10 नवंबर को राजनगर में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस का रवैया बेहद निराशा जनक और सवालों के घेरे में है। पत्रकार के चेहरे की कई हड्डियां टूट गईं, गंभीर चोटें आईं, लेकिन घटना के इतने दिन बाद भी सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। आखिर पुलिस किसका इंतजार कर रही है? क्या किसी पत्रकार की जान जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन की नींद टूटेगी। उन्होंने कहा कि गंभीर चोटों के बावजूद उचित कानूनी धाराओं में कार्रवाई न होना और आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। आज पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल पुलिस आयुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गंभीर धाराएं बढ़ाने,सभी आरोपियों की गिरफ्तारी तथा लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा। अपूर्वा चौधरी ने दो टूक कहा कि पत्रकारों पर हमला करके उनकी आवाज दबाने और फिर पुलिस की ढिलाई से आरोपियों के हौसले बढ़ाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ मनोज शर्मा की नहीं,बल्कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान की लड़ाई है।



छपरौला गाँव निवासी कमल सिंह कंडेरे, अमर सिंह, बिजेंद्र सिंह, व जितेन्द्र के भाई स्वर्गीय नरेश चंद्र कंडेरे की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद टीम सभा में समाज के विभिन्न संगठनों से जुड़े गणमान्य वियक्तियों ने बड़ी संख्या में पहुंच कर, दिबंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. श्रद्धांजलि सभा में



भारतीय जनता पार्टी के बरिष्ठ नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने नम आँखों से स्वर्गीय नरेश चंद्र कंडेरे को याद किया और उनके समाजसेवी व्यक्तित्व की सरहाना की इस अवसर पर कंडेरे करण समाज कल्याण समिति दिल्ली प्रदेश से धर्मपाल योगी, सचिन,नितिन,कल्याण सिंह, गजराज सिंह, संजय सिंह,भगवान सिंह,लाखन सिंह, ऋषिकांत उपस्थिति रहे। गाजियाबाद टीम से हरिश्चन्द्र करण, हरेंद्र करण, व तेजवी करण, बेदप्रकाश करण, मनवीर करण, मुकेश करण,तुकीराम, सभा में वक्ताओ ने स्वर्गीय नरेश चंद्र कंडेरे के मिलनसार सभाव और समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुये कहा कि उनका जाना समाज के लिये अपूरणीय छति हैं.

अंत में दो मिनिट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्राथना की गई।

संत नामदेव जयंती पर 28 नवंबर को होगा मिलन समारोह

अन्नकूट महोत्सव, उत्सव गार्डन में जुटेंगे समाजजन

बड़वाह सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नामदेव समाज बंधुओं को दिया जा रहा आमंत्रण, आयोजन की तैयारियों में जुटे समाजजन

रहीम शेरानी झाबुआ



बड़वाह सर्व नामदेव समाज बड़वाह के तत्वावधान में संत शिरोमणि श्री नामदेव महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन 28 नवंबर शनिवार को महेश्वर रोड स्थित उत्सव गार्डन में किया जाएगा।

आयोजन में बड़वाह सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजनों के शामिल होने की संभावना है।कार्यक्रम में बेड़िया, बकावा, रतनपुर, नादिया, पिपल्या बुजुर्ग, करही, काटकूट सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत समस्त नामदेव समाज बंधुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य समाजजनों को एक मंच पर एकत्रित कर आपसी मेल-मिलाप, सामाजिक एकता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।आयोजन को लेकर सर्व नामदेव समाज बड़वाह के मनीष मंडवाल, सुनील नामदेव, रितेश मंडवाल, सत्यम नामदेव, दिलीप मंडवाल, संतोष करोदिया एवं गोविंद नामदेव सहित समाजजन तैयारियों में जुटे हुए हैं।

समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य घर-घर पहुंचकर समाज बंधुओं को आमंत्रित कर रहे हैं तथा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील कर रहे हैं।

संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाई

संत शिरोमणि भगवान नामदेव महाराज की जयंती के अवसर पर सर्व नामदेव समाज बडवाह ने अपने अपने घरों में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान नामदेव महाराज की तस्वीर स्थापित कर फूल-मालाओं से पूजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर तिलक लगाया गया तथा उपस्थित समाजजनों ने आरती कर भगवान नामदेव महाराज का स्मरण किया। राजकुमार नामदेव ने कहा कि संत नामदेव महाराज ने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से समाज को प्रेम, भाईचारे, सद्भावना एवं समानता का संदेश दिया। उनके बताए आदर्श आज भी समाज को एकजुट रहने और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उपस्थितजनों ने उनके विचारों को आत्मसात कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

सूफी संत हजरत निजामुद्दीन कादरी साहब की याद में स्वास्थ शिविर, 15 युवाओं का रक्तदान बना चर्चा का विषय

इंसानियत की मिसाल पैश की युवाओं ने

रहीम शेरानी झाबुआ





थांदला नूरी गार्डन, जामा मस्जिद के पास युवाओं का एतिहासिक कदम तारीफें काबील निजामी ग्रुप थांदला और मुस्लिम पंच ने सूफी संत हजरत निजामुद्दीन कादरी साहब की याद में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया इस शिविर में 200 से अधिक लोगों ने स्वस्थ लाभ लिया।

प्रातः से ही मरीज जामा मस्जिद के पास नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर पहुंचने लगे थे किसी को घुटनों में दर्द था, तो किसी की आंखों की परेशानी लोग अपनी सेहत और तंदुरुस्ती की जांच कराने के लिए शिविर में पहुंचे थे। मेघनगर के प्रसिद्ध जीवन ज्योति हॉस्पिटल से आए डॉक्टर, थांदला में ही बन गया हॉस्पिटल मेघनगर के प्रसिद्ध जीवन ज्योति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, की टीम ने शिविर मे सेवाएं दी हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांशु पटेल, डॉ. मनीष वांगोद, डॉ. सौरभ बघेल, डॉ. मनीषा रावत और नेत्र सहयोगी कुमारी हर्षिल लोधी ने हर मरीज को इत्मीनान से देखा।

पूरे दिन में करीब 200 मरीजों की जांच हुई।

30 मरीज घुटनों के दर्द से परेशान मिले, और 7 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई।

15 युवाओं ने दिया सबसे बड़ा तोहफा

शिविर में सबसे ज्यादा तालियां उन 15 युवाओं के लिए बजीं, जिन्होंने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहां मौजूद एक बुजुर्ग बोले दवा तो डॉक्टर दे देगा, खून तो इंसान ही दे सकता है।

टीम वर्क ही असली ताकत

शिविर के पीछे फादर पी.ए, थॉमस और फादर निलेश सिंगाड़िया का मार्गदर्शन रहा, और मैदान में शाहिद निजामी, अब्दुल हक शेख, अब्दुल कादर शेख, फरजमान पठान, जुनेद शेख, तोसीफ, सरफराज खान, अब्दुल कुद्दूस शेख, शेरदिल फरजमान पठान, डॉ. रशीद खान, रेहान रईस शेख, तोकीर हैदर रंगरेज, सिब्तेन रजा, शाहिद और अन्य समाजजन लगे रहे।

अंत में मुस्लिम पंच के सदर हसमतुल्लाह खान ने सबका शुक्रिया अदा करते हुए कहा संतों की याद में सबसे अच्छा काम यही है कि किसी जरूरतमंद के काम आ जाओ

और समाज के लोगो ने शिविर आयोजित कर नेक काम किया है और इंसानियत की मिसाल पैश की हैं।

मांगे राम गर्ग की 90वीं जयंती पर दो महापुरुष - एक संकल्प कार्यक्रम में सीएम रेखा गुप्ता समेत भाजपा नेताओं ने दी पुष्पांजलि, देहदान की प्रेरणा को किया याद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 23 नवम्बर : दिल्ली भाजपा एवं धर्म यात्रा महासंघ के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मांगे राम गर्ग की 90वीं जन्म जयंती पर सोमवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय और एन.डी.एम.सी. कन्वेंशन सेंटर में दो कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित गरिमापूर्ण कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने स्वर्गीय मांगे राम गर्ग के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश पदाधिकारी सतीश गर्ग, प्रवीण शंकर कपूर, रंजीत कश्यप, कैलाश जैन, अमित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों और प्रदेश कर्मियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं देहदानी श्री मांगे राम गर्ग सेवा समिति द्वारा एन.डी.एम.सी. कन्वेंशन सेंटर में विहिप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंहल के शताब्दी वर्ष और मांगे राम गर्ग की 90वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम दो महापुरुष - एक संकल्प का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, विहिप राष्ट्रीय मंत्री राजेन्द्र पंकज, दधीचि देहदान समिति उपाध्यक्ष मंजू प्रभा, श्री राम सांस्कृतिक शोध संस्था न्यास महासचिव डॉ. राम अवतार शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने दोनों महापुरुषों से जुड़े स्मृति संस्मरण साझा किए। मंच संचालन सांसद योगेन्द्र चंदोलिया और कमलजीत सहरावत ने किया, जबकि मांगे राम गर्ग के पुत्र सतीश गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री जयप्रकाश, गांधी स्मृति उपाध्यक्ष विजय गोयल, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचेतक अभय वर्मा, ओ.पी. बब्बर, श्याम जाजू, जयभगवान गोयल, विधायक पवन शर्मा, अनिल शर्मा, डॉ. अनिल गोयल, संजय गोयल, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, योगिता सिंह, व्यवस्था प्रमुख संतोषपाल सहित अनेक प्रदेश पदाधिकारी, निगम पार्षद और जिलाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अशोक सिंहल और मांगे राम गर्ग ने समाज को जोड़ने और धर्म पताका बुलंद करने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि मांगे राम गर्ग पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने तीर्थस्थलों के विकास के लिए पहल की और हरिद्वार में उनके द्वारा चलाया गया ट्रस्ट इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जीवन के अंतिम दिनों में मांगे राम गर्ग ने अंगदान के लिए लोगों से अपील की और आज उनका परिवार इस परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि मांगे राम गर्ग सिर्फ राजनीतिक व्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक व्यक्ति भी थे, जिन्होंने दिल्ली में कांवड़ समितियों को संरचनात्मक रूप दिया और धार्मिक स्थलों पर धर्मशाला बनवाने का सफल प्रस्ताव दिया। उन्होंने बताया कि उनकी प्रेरणा से अब तक लगभग 600 लोगों ने देहदान किया है और 20,000 से अधिक लोगों ने मरणोपरांत अंगदान का संकल्प लिया है। मंजू प्रभा ने कहा कि मांगे राम गर्ग के मरणोपरांत उनका पार्थिव शरीर लेडी हार्डिंग अस्पताल में मेडिकल छात्रों की पढ़ाई के काम आया, जो अपने आप में अद्भुत सम्मान था। उन्होंने कहा कि दधीचि देहदान समिति के कार्यक्रमों में वेद मंत्र का उच्चारण किया जाता है कि हमारी उम्र 100 साल हो और हमारे सभी अंग स्वस्थ रहें, ताकि दान का वादा किया गया अंग सुरक्षित रहे। बजरंग बागड़ा ने कहा कि मांगे राम गर्ग धर्म सेवा के प्रेरणास्रोत थे और रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका जीवन धर्म, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है और धर्मयात्रा महासंघ के माध्यम से उन्होंने लाखों श्रद्धालुओं को चार धाम, वैष्णो देवी सहित अन्य पवित्र स्थलों की यात्रा में सहायता पहुंचाई।

छोटी खबरें

सपा जिला कार्यालय पर मनाई गई लोकबंधु राजनारायण की जयंती, सतेन्द्र जैन सौली ने अर्पित की पुष्पांजलि

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय दबरई, फिरोजाबाद पर आज समाजवादी चिंतक एवं लोकबंधु श्रद्धेय राजनारायण जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कार्यक्रम में सहभागिता कर श्रद्धेय



राजनारायण जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।इस दौरान राजनारायण जी के व्यक्तित्व एवं विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से उनके विचारों और सिद्धांतों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।सतेन्द्र जैन सौली ने श्रद्धेय राजनारायण जी को नमन करते हुए उनके विचारों को स्मरण किया। कार्यक्रम में समाजवादी विचारधारा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

शिकोहाबाद में ओवरब्रिज पर खड़ी बाइक बनी आग का गोला, मची अफरा-तफरी

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद शिकोहाबाद में मंडी समिति के सामने स्थित ओवरब्रिज पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक



खड़ी बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते बाइक आग की लपटों से घिर गई और धू-धूकर जलने लगी। हाईवे से गुजर रहे राहगीरों में आग की लपटें देखकर हड़कंप मच गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक बाइक आग की चपेट में आ चुकी थी।बताया गया कि घटना के समय बाइक का मालिक मौके पर मौजूद नहीं था। बाइक में आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। घटना के चलते ओवरब्रिज पर कुछ समय के लिए लोगों में दहशत का माहौल बना रहा।

कैलाश नगर में भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष केके गांधी का भव्य स्वागत

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद दिनांक 23 नवंबर 2026 को फिरोजाबाद के कैलाश नगर, गली नंबर 8 में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती केके गांधी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की निशा शर्मा ने श्रीमती केके गांधी को माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, भाजपा के जनसेवक बसंत कुमार शर्मा ने भी उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।



इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने आपसी सौहार्द और संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।कैलाश नगर में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम से क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियों को लेकर उत्साह का माहौल रहा।

एआई डीपफेक से भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के बयान से छेड़छाड़ पर दिल्ली भाजपा ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत, FIR और फॉरेंसिक जांच की मांग

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 23 नवंबर : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी द्वारा 22 नवंबर 2026 को चंडीगढ़ में आयोजित सार्वजनिक जनसभा के संबोधन की वास्तविक वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ छेड़छाड़ कर एआई एवं डीपफेक तकनीक से भ्रामक वीडियो तैयार करने के मामले में भाजपा दिल्ली प्रदेश ने दिल्ली पुलिस में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पुलिस के डीसीपी, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट को शिकायत सौंपी। प्रतिनिधिमंडल में सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री श्री विष्णु मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेश भाटिया, प्रदेश मीडिया प्रमुख श्री प्रवीण शंकर कपूर तथा प्रदेश लीगल प्रमुख अधिवक्ता श्री संकेत गुप्ता शामिल थे। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर न्यूज एजेंसी अठक की वास्तविक वीडियो कवरेज जैसी दिखने वाली रिकॉर्डिंग का दुरुपयोग कर उसमें एआई आधारित डिजिटल छेड़छाड़ की गई। इसके माध्यम से भारत-चीन संबंधों, पाकिस्तान, शंघाई सहयोग संगठन (SCO) सम्मेलन तथा भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस MK-1 जैसे संवेदनशील राष्ट्रीय विषयों पर श्री नितिन नवीन जी के नाम से झूठे और भ्रामक वक्तव्य गढ़कर प्रसारित किए गए, जो उन्होंने अपने वास्तविक संबोधन में कभी दिए ही नहीं।

शिकायत सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि राजनीतिक विरोध और वैचारिक मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन तकनीक का दुरुपयोग कर किसी नेता के नाम से फर्जी भाषण गढ़ना और उसे वास्तविक बताकर प्रसारित करना किसी भी स्थिति में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि यह महज राजनीतिक आलोचना का मामला नहीं, बल्कि वरिष्ठ राष्ट्रीय नेतृत्व के चेहरे, आवाज और वास्तविक संबोधन का डिजिटल दुरुपयोग कर जनता के बीच भ्रम, अविश्वास और विवाद पैदा करने का गंभीर मामला है। भाजपा ने दिल्ली पुलिस से मांग की है कि प्रकरण में तत्काल उपयुक्त धाराओं के अंतर्गत FIR दर्ज कर निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच की जाए, वीडियो प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान कर उनके डिजिटल रिकॉर्ड, IP लॉग और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सुरक्षित किए जाएं, मूल ANI वीडियो और छेड़छाड़ किए गए वीडियो का साइबर फॉरेंसिक परीक्षण एवं फ्रेम-बाय-फ्रेम मिलान कराया जाए, वीडियो बनाने, छेड़छाड़ करने और संगठित रूप से प्रसारित करने वालों की पहचान की जाए, संबंधित प्लेटफॉर्म को निर्देश देकर फर्जी सामग्री हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाए और यदि किसी संगठित राजनीतिक, वित्तीय अथवा अन्य नेटवर्क की भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाए।

शिकायत में भारतीय न्याय संहिता, 2024 के कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत जांच एवं कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग नवाचार, विकास और जनकल्याण के लिए होना चाहिए, न कि झूठ गढ़ने, राष्ट्रीय नेतृत्व की छवि धूमिल करने और देश में भ्रम एवं अराजकता का वातावरण बनाने के लिए।

द्वारका पुलिस का बड़ा एक्शन: साइबर ठगी के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले संगठित रैकेट का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली के द्वारका जिले में साइबर पुलिस स्टेशन द्वारका और थाना उत्तम नगर की संयुक्त टीम ने साइबर ठगी के लिए म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने वाले संगठित रैकेट का पदार्फाश किया है। इस ऑपरेशन में मोहन गार्डन, उत्तम नगर से चल रहे रैकेट के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 9 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 12 क्यूआर कोड, 5 चेक बुक, 8 पीओएस मशीन और 9 बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए हैं।

जांच में सामने आया कि यह गिरोह साइबर अपराधियों को ठगी की रकम प्राप्त करने और उसे आगे भेजने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराता था। पीड़ितों से ठगी गई रकम पहले इन खातों में आती थी, फिर उसका एक हिस्सा निकाल लिया जाता था और बाकी रकम देश के अलग-अलग हिस्सों में अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी जाती थी। इसके बदले में खाताधारकों को हर महीने भुगतान किया जाता था।

नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (ठउफह) के डेटा के विश्लेषण में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जनकपुरी शाखा का खाता 5 शिकायतों से जुड़ा पाया गया, जिसमें करीब 30 लाख रुपये की ठगी हुई थी। इस मामले में थाना उत्तम नगर में ऋ्रक्रम दर्ज कर अश्वनी कुमार भट्ट को गिरफ्तार किया गया।

वहीं, नवीन कुमार के नाम पर ल्रउ्रन्ह बैंक का एक अन्य खाता महाराष्ट्र और तमिलनाडु में दर्ज ठउफह शिकायतों से जुड़ा मिला। इसी कड़ी में मोहन गार्डन स्थित कार्यालय पर छापा मारा गया, जहां तीन लोग मोबाइल फोन पर बैंकिंग से जुड़ा काम करते पाए गए। इस पर थाना साइबर द्वारका में दूसरी ऋ्रक्रम दर्ज की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में नवीन कुमार, अनिल चाही, अंकित और अश्वनी कुमार भट्ट शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आगे की जांच जारी है।

हिसाली मार्ग स्थित फाटक पर चल रहे अंडरपास को लेकर सूर्य कॉलोनी के लोगों में आक्रोश

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। हिसाली मार्ग स्थित फाटक पर चल रहे अंडरपास को लेकर सूर्य विहार कॉलोनी के लोगों में आक्रोश देखने को मिला ग्राम प्रधान राहुल सेन एवं हिंदू राजीव झंडे वाला और कॉलोनी के लोगों के नेतृत्व में आक्रोश देखने को मिला अंडरपास का काम जो की 2 महीने पहले स्टार्ट हो चुका था जो की दिवाली से एक हफ्ता पहले बंद कर दिया गया और अंडरपास का कार्य रुका हुआ है कोई प्रगति नहीं हुई है जिससे कॉलोनी एवं ग्राम वासियों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसका कार्य जेपीसीएल कंपनी को दिया गया है उन्होंने



बताया कि यह कार्य बिजली विभाग के तरफ से रुका हुआ है क्योंकि रोड के बीच में जो खंभे बिजली के लगे हुए हैं उनको हटाने के लिए बिजली विभाग की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया अभी तक नहीं आई है इस कार्य का कोरोना के लिए अनुमानित समय 7 से 8 महीने बताया था गया था जिस हिसाब से यह कार्य बंद पड़ा है उसे हिसाब से तो लगता है कि दो या तीन साल में भी यह कार्य पूर्ण नहीं होगा कॉलोनी के सभी लोगों और स्कूल में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को आने-जाने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सभी कॉलोनी वासियों ने यह बोला है कि अगर यह कार्य कंपनी के द्वारा पूर्ण नहीं कराया जाता है या फिर स्टार्ट शुरू नहीं कराया जाता है तो कंपनी और बिजली विभाग का घेराव किया जाएगा।

लोनी में ?30.67 करोड़ की लागत से 31.19 किलोमीटर लंबी सड़कों का होगा निर्माण एवं विशेष मरम्मत, विकास कार्यों को मिलेगी गति : विधायक नंदकिशोर गुर्जर

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ लोनी। विधानसभा क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने एवं क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत लगभग ?30.67 करोड़ की लागत से 31.19 किलोमीटर लंबाई के 18 सड़क निर्माण एवं विशेष मरम्मत कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

इसी क्रम में आज लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा सभी कार्यों की वर्तमान स्थिति, कार्ययोजना और निर्माण की समयसीमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियंता (अए) सहित विभाग के अन्य अभियंता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से प्रारंभ कर पूर्ण कराया जाए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और सभी कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।



स्वीकृत कार्यों में बंथला-ढिकौली मार्ग, टीलामोड़- निस्तौली मार्ग, सिरौली चौक से जावली नहर पुल तक, शकलपुरा मार्ग, कोतवालपुर से सिरौली चौराहा मार्ग, निठोरा बाईपास, अगरोला मार्ग, फारुखनगर-सिरौली मार्ग सहित विभिन्न संपर्क मार्गों का निर्माण एवं विशेष मरम्मत शामिल है। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों पर सड़क पुनर्निर्माण एवं लघु सेतु निर्माण के कार्य भी प्रस्तावित हैं।

विधायक गुर्जर ने कहा कि लोनी में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है। लगभग 31 किलोमीटर से अधिक सड़कों के इन स्वीकृत कार्यों से आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृत कराने के साथ-साथ धरातल पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराना भी उनकी प्राथमिकता है।

बीआईएस में अब यूपीएससी और एसएससी परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा सीधी भर्ती का अवसर, पब्लिक डिस्क्लोजर स्कीम के तहत नियुक्ति प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 23 नवंबर 2026। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने सरकारी नौकरियों में योग्य और प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्र सरकार की योग्यता आधारित प्रतिभा चयन की पहल के अनुरूप बीआईएस ने अपनी भर्ती नियमावली में संशोधन करते हुए अब पब्लिक डिस्क्लोजर स्कीम (पीडीएस) के माध्यम से सीधी भर्ती का प्रावधान किया है। इस नई व्यवस्था के तहत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) जैसी प्रमुख केंद्रीय भर्ती एजेंसियों की प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को बीआईएस में नौकरी पाने का अवसर मिल सकेगा, जो परीक्षा में सफल होने के बावजूद सीमित रिक्तियों के कारण अंतिम चयन सूची में स्थान नहीं बना पाए थे। बीआईएस ने इस संबंध में वैज्ञानिक संवर्ग, प्रशासन, वित्त एवं अन्य पदों तथा प्रयोगशाला तकनीकी पदों की भर्ती नियमावली में संशोधन किया है। संशोधित बीआईएस (रिक्रूटमेंट टू साइंटिफिक कैडर) रेगुलेशन-2026 को 27 अक्टूबर 2026 को अधिसूचित किया गया। वहीं, बीआईएस (रिक्रूटमेंट टू एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंस एंड अदर पोस्ट्स) रेगुलेशन-2026 और बीआईएस (रिक्रूटमेंट टू लेबोरेटरी टेक्निकल पोस्ट्स) रेगुलेशन-2026 को 4 नवंबर 2026 से लागू किया गया है।

पब्लिक डिस्क्लोजर सूची से मिलेगी योग्य अभ्यर्थियों की जानकारी

इस संशोधन का प्रमुख उद्देश्य केंद्रीय भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर अपनी योग्यता साबित करने वाले अभ्यर्थियों की प्रतिभा का बेहतर उपयोग करना है। इसके तहत बीआईएस उन इच्छुक अभ्यर्थियों की जानकारी प्राप्त कर सकेगा, जो यूपीएससी और एसएससी जैसी संस्थाओं की परीक्षाओं में सफल रहे, लेकिन सीमित पदों के कारण अंतिम मेरिट सूची में चयनित नहीं हो सके। ऐसे अभ्यर्थियों को बीआईएस में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराया जाएगा।

भर्ती प्रक्रिया होगी अधिक सरल और पारदर्शी

बीआईएस के अनुसार, इस नई व्यवस्था से भर्ती प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय भर्ती एजेंसियों की ओर से पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर जांची-परखी गई प्रतिभाओं के डेटाबेस का उपयोग किए जाने से चयन प्रक्रिया में लगने वाला समय और प्रशासनिक खर्च कम हो सकेगा। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों को अपनी क्षमता के अनुरूप एक अन्य प्रतिष्ठित सरकारी संस्थान में काम करने का अवसर मिलेगा। संशोधित नियमों के तहत वैज्ञानिक संवर्ग, प्रशासन, वित्त और अन्य संबंधित पदों के लिए प्रतिभाशाली उम्मीदवारों का चयन किया जा सकेगा। यह पहल सरकारी भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, योग्यता और दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

देश की गुणवत्ता व्यवस्था को मजबूती देने की पहल

भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले विभाग के अंतर्गत उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का राष्ट्रीय मानक निकाय है। देश में मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन और गुणवत्ता आश्वासन के क्षेत्र में बीआईएस की महत्वपूर्ण भूमिका है। उद्योगों और उपभोक्ता क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को मजबूत बनाने के लिए संस्था लगातार कार्य कर रही है।

बीआईएस का मानना है कि पब्लिक डिस्क्लोजर स्कीम के माध्यम से योग्य प्रतिभाओं को संगठन से जोड़ने से उसकी प्रशासनिक और वित्तीय कार्यक्षमता मजबूत होगी। इससे संस्थान बदलती जरूरतों के अनुरूप अधिक सक्षम और प्रभावी तरीके से काम कर सकेगा तथा भारत की तेजी से विकसित होती गुणवत्ता व्यवस्था और आर्थिक विकास को सहयोग मिलेगा।

बीआईएस की आधिकारिक वेबसाइट और रोजगार समाचार में जारी होगी जानकारी

संशोधित भर्ती नियमों के तहत भरे जाने वाले रिक्त पदों से संबंधित अधिसूचनाएं समय आने पर बीआईएस की आधिकारिक वेबसाइट www.bis.gov.in, रोजगार समाचार और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएंगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी आगामी रिक्तियों और भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए इन माध्यमों पर नजर रख सकते हैं।

इस नई पहल से उन योग्य अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में आगे बढ़ने का एक अतिरिक्त रास्ता मिलेगा, जिन्होंने कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की है, लेकिन सीमित सीटों के कारण अंतिम चयन से वंचित रह गए थे।

शिपमेंट ट्रैकिंग से आगे: अकऔर पूवार्नुमान आधारित तकनीक बदल रही है वैश्विक लॉजिस्टिक्स का भविष्य

लेखकः प्रवीण वशिष्ठ, संस्थापक, जीएक्सप्रेस सॉल्यूशंस

सुनहरा संसार



वैश्विक लॉजिस्टिक्स उद्योग तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। कंपनियां बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाओं और कम समय में सामान की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए नई तकनीकों को अपना रही हैं। पहले लॉजिस्टिक्स प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य केवल सामान की लोकेशन ट्रैक करना और डिलीवरी में आने वाली समस्याओं का समाधान करना होता था। लेकिन वैश्विक व्यापार की बढ़ती जटिलताओं और बाजार की बदलती परिस्थितियों के कारण पारंपरिक ट्रैकिंग सिस्टम अब पर्याप्त साबित नहीं हो रहे हैं। ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और पूवार्नुमान आधारित तकनीक लॉजिस्टिक्स उद्योग में बड़ा बदलाव ला रही हैं।

अक तकनीक अब केवल यह बताने तक सीमित नहीं है कि सामान कहां पहुंचा है, बल्कि यह संभावित समस्याओं और डिलीवरी में होने वाली देरी का पहले से अनुमान लगाने में भी सक्षम है। यह तकनीक कंपनियों के संचालन से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण कर विभिन्न पैटर्न की पहचान करती है और भविष्य में आने वाली चुनौतियों को समझने में मदद करती है। इससे सप्लाई चेन प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

पारंपरिक ट्रैकिंग से पूवार्नुमान आधारित लॉजिस्टिक्स की ओर बदलाव

पारंपरिक शिपमेंट ट्रैकिंग के माध्यम से कंपनियां सामान के शुरूआती स्थान से लेकर गंतव्य तक पहुंचने की स्थिति पर नजर रख सकती हैं, लेकिन इससे डिलीवरी में संभावित देरी के कारणों की विस्तृत जानकारी नहीं मिलती।

इस कमी को अकआधारित पूवार्नुमान तकनीक दूर कर रही है। यह तकनीक पिछले शिपमेंट के आंकड़ों, मौसम की स्थिति, यातायात के प्रवाह, बंदरगाहों पर भीड़ और शिपिंग कंपनियों के संचालन से संबंधित जानकारियों का विश्लेषण करती है।

इसके आधार पर सामान की संभावित डिलीवरी का समय पता लगाने, देरी की आशंका पहचानने और माल पहुंचाने के वैकल्पिक रास्ते सुझाने में मदद मिलती है। अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट से जुड़ी कंपनियों के लिए यह तकनीक काफी उपयोगी साबित हो सकती है। अब कंपनियां केवल देरी की सूचना मिलने का इंतजार नहीं करतीं, बल्कि पहले से अपनी योजना और शेड्यूल में बदलाव कर सकती हैं।

स्मार्ट रूट प्लानिंग से परिचालन क्षमता में सुधार

अकलॉजिस्टिक्स में रूट प्लानिंग यानी सामान पहुंचाने के रास्तों को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पारंपरिक व्यवस्था में परिवहन मार्गों की योजना पहले से तय परिस्थितियों के आधार पर बनाई जाती थी, जबकि वैश्विक परिवहन व्यवस्था में ईंधन की कीमतों, मौसम, सड़कों की स्थिति और राजनीतिक घटनाक्रम जैसे कई कारक लगातार बदलते रहते हैं। अक एल्गोरिदम इन सभी परिस्थितियों और परिवहन में होने वाली संभावित देरी का विश्लेषण करके सबसे उपयुक्त मार्ग निर्धारित करने में मदद करते हैं। इससे परिवहन में लगने वाला समय कम करने, परिचालन क्षमता बढ़ाने और ईंधन की खपत को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। वैश्विक बाजार में काम करने वाली लॉजिस्टिक्स कंपनियों के लिए छोटे स्तर पर होने वाला सुधार भी आर्थिक रूप से बड़ा लाभ दे सकता है।

जोखिम प्रबंधन और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने में अककी भूमिका

वैश्विक सप्लाई चेन को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें खराब मौसम, भू-राजनीतिक परिस्थितियां, श्रमिकों की कमी और नियमों में होने वाले बदलाव प्रमुख हैं।

पूवार्नुमान आधारित तकनीक की मदद से कंपनियां पुराने आंकड़ों और वर्तमान परिस्थितियों का विश्लेषण कर संभावित जोखिमों की पहचान कर सकती हैं। उदाहरण के तौर पर, किसी बंदरगाह के बंद होने या खराब मौसम की आशंका होने पर अक सिस्टम जोखिम वाले शिपमेंट के संबंध में पहले से अलर्ट जारी कर सकता है। इससे कंपनियों को परिवहन के वैकल्पिक विकल्प तैयार करने का अवसर मिलता है। इस तरह लॉजिस्टिक्स कंपनियां समस्या उत्पन्न होने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले से समाधान तैयार कर सकती हैं। इससे इन्वेंट्री मैनेजमेंट यानी सामान के भंडारण और उपलब्धता को भी बेहतर बनाया जा सकता है।

डेटा आधारित फैसलों का बढ़ता महत्व

आज लॉजिस्टिक्स नेटवर्क पहले की तुलना में कहीं अधिक एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और इस व्यवस्था में डेटा का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

अक आधारित प्लेटफॉर्म परिवहन प्रबंधन सिस्टम, गोदामों, लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स और ग्राहक प्लेटफॉर्म से आंकड़े एकत्रित करते हैं। इनका विश्लेषण करके कंपनियां अपने परिचालन को अधिक प्रभावी बना सकती हैं।

डेटा की बेहतर उपलब्धता से कंपनियों को समस्याओं की पहचान करने, अपनी परिचालन क्षमता का मूल्यांकन करने और सही समय पर उचित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

पूवार्नुमान आधारित विश्लेषण मांग का अनुमान लगाने और इन्वेंट्री की योजना बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे कंपनियां जरूरत के अनुसार सामान का स्टॉक बनाए रख सकती हैं और भंडारण पर होने वाले खर्च को कम कर सकती हैं।

वैश्विक लॉजिस्टिक्स की अगली पीढ़ी तैयार कर रहा अक

अकमें अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसे प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, भरोसेमंद डेटा सिस्टम, साइबर सुरक्षा और प्रशिक्षित कर्मचारियों की जरूरत होगी। इसके अलावा विभिन्न हितधारकों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अलग-अलग तकनीकों को एकीकृत करना भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। भविष्य में वैश्विक लॉजिस्टिक्स की सफलता केवल इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि कंपनियां अपने शिपमेंट को कितनी प्रभावी तरीके से ट्रैक करती हैं, बल्कि इस पर निर्भर करेगी कि वे बदलती परिस्थितियों के अनुसार कितनी समझदारी और तेजी से निर्णय लेती हैं।

अक अधिक कनेक्टेड, सक्रिय और मजबूत सप्लाई चेन तैयार करने की आधारशिला बन रहा है। इस बदलाव के साथ कदम मिलाने के लिए लॉजिस्टिक्स कंपनियों को न केवल नई तकनीक अपनानी होगी, बल्कि अपने कर्मचारियों के कौशल को भी लगातार विकसित करना होगा, ताकि वे तेजी से जटिल होती वैश्विक व्यापार व्यवस्था की चुनौतियों का सामना कर सकें।

मूल अंग्रेजी लेख के तथ्यों, विचारों और क्रम को बरकरार रखते हुए हिंदी अनुवाद।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर संगठनात्मक बैठक संपन्न

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय पर मतदाता जोड़ो अभियान को गति प्रदान करने एवं मंडलों में अभियान की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बुलंदशहर के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं साहिबाबाद विधान सभा प्रभारी अनिल शिशोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। महानगर में आगमन पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



बैठक में साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मंडलों में मतदाता जोड़ो अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही विधानसभा बीएलए-1, मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों से अभियान की वर्तमान स्थिति, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली गई।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि मतदाता जोड़ो अभियान संगठन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना हम सभी कार्यकताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए बूथ स्तर पर पूरी सक्रियता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। साहिबाबाद विधान सभा प्रभारी अनिल शिशोदिया ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए मंडल अध्यक्षों,मंडल प्रभारियों एवं बीएलए -1 के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। प्रत्येक मंडल की नियमित समीक्षा करते हुए बूथवार प्रगति का आकलन किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में कार्य अपेक्षाकृत धीमा है, वहां विशेष सक्रियता के साथ अभियान को गति दी जाए। बैठक में महानगर महामंत्री गौरव चोपड़ा, पंकज भारद्वाज, भानु शिशोदिया, अमित रंजन, प्रदीप चौधरी, बीएलए-1 देवेंद्र गिरी, मंडल प्रभारी अनिल खेड़ा, सुशील गौतम, रुचि गर्ग, अश्वनी शर्मा, रनीता सिंह, महताब त्यागी तथा मंडल अध्यक्ष विपिन डागर, अशोक भाटी, आलोक शर्मा, नीरज रावल, मंजुला गुप्ता, पंकज वाल्मीकि, जीतू राय, हेमंत त्यागी सहित महानगर एवं मंडलों के प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यदि चाहें तो इसकी एक और प्रभावशाली समाचार- पत्र शैली की हेडिंग भी तैयार कर सकता हूँ, जिसमें मयंक गोयल और अनिल शिशोदिया की भूमिका और प्रमुखता से उभरे।

शिकोहाबाद में आबकारी विभाग ने देशी शराब और कंपोजिट दुकानों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेशों के अनुपालन में सोमवार, 23 नवंबर 2026 को आबकारी विभाग की टीम ने शिकोहाबाद क्षेत्र में फुटकर देशी शराब एवं कंपोजिट दुकानों का निरीक्षण किया।यह कार्रवाई उप आबकारी आयुक्त, आगरा प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 शिकोहाबाद द्वारा स्टाफ के साथ की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संचालकों को निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।आबकारी विभाग की टीम ने दुकानों एवं कैंटीन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, दुकान के बाहर मदिरा का सेवन न होने देने तथा ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न ब्रांडों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही दुकानों पर पर्याप्त स्टॉक रखने, सीसीटीवी कैमरों को निरंतर चालू रखने और पॉस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान दुकान संचालकों को अभिलेख अद्यतन रखने, ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य पर ही करने की हिदायत दी गई।आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि दुकानों पर निर्धारित मानकों एवं नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण का उद्देश्य शराब की दुकानों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने, पारदर्शी बिक्री व्यवस्था लागू करने तथा नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना है।



महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति किया जागरूक

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-06 अभियान के तहत जनपद फिरोजाबाद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 23 नवंबर 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने रैली, संगोष्ठी और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी।अभियान के अंतर्गत जनपद के ब्लॉक, गांवों और स्कूल-कॉलेजों में छात्राओं, शिक्षिकाओं तथा आमजन को महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के नेतृत्व में मिशन शक्ति की टीमों द्वारा महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों



की रोकथाम, समानता, अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की जा रही है।कार्यक्रमों में साइबर हिंसा एवं ऑनलाइन अपराधों से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, पारिवारिक विवादों के समाधान, बाल विवाह तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।पुलिस टीमों ने महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर *1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930* के बारे में जानकारी दी। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

जिला विज्ञान क्लब की जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में 248 मॉडलों में झलकी वैज्ञानिक प्रतिभा, उन्नति ने हासिल किया प्रथम स्थान

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया





सिरसागंज फिरोजाबाद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन अमेजिंग वर्ल्ड, सिरसागंज में किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की सहमति और निर्देशन में आयोजित प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 314 विद्यार्थियों ने 248 विज्ञान मॉडलों के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक, फिरोजाबाद के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह, उपजिलाधिकारी सिरसागंज सिद्धार्थ पाठक, डॉ. संजीव भारद्वाज, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, निदेशक अंशुल खंडेलवाल एवं जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने किया। इस दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान तथा कल्पना चावला के जीवन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की।मुख्य अतिथि अतुल प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन कर उनकी सराहना की। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भविष्य में वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के प्रयासों की प्रशंसा की। नगर पालिका अध्यक्ष रंजना सिंह ने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्व-गणना तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदाता बनने की जानकारी दी।जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि प्रदर्शनी में सैटेलाइट सिस्टम, इलेक्ट्रिक सेफ्टी सिस्टम, ऑर्गेनिक फार्मिंग, स्मार्ट वेदर सिस्टम, स्मार्ट सिटी, सतत कृषि, स्मार्ट फ्रूट डिटेक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ड्राइंग डिटेक्टिंग सिस्टम और ऊर्जा जनरेशन सिस्टम सहित अनेक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए।

प्रतियोगिता में इन विद्यार्थियों ने मारी बाजी प्रतियोगिता में कु. उन्नति ने प्रथम, वासुदेव ने द्वितीय, कु. आराध्या ने तृतीय, आदित्य प्रताप ने चतुर्थ तथा शिवकांत एवं मान्या ने संयुक्त रूप से पंचम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः 5,000, 3,000, 2,000, 1,000 और 1,000 रुपये की पुरस्कार राशि जिला विज्ञान क्लब की ओर से आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान की जाएगी।इसके अतिरिक्त मानवी, सानिया हुसैन, हर्ष, नैतिक, पावनी, अंशिका, शिखा, कृष्णा, पलक चौहान, इशिता प्रजापति, अंश, देवेश और साक्षी सहित अन्य विद्यार्थियों के मॉडल मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए।निर्णायक मंडल में आरके तेनगुरिया, अरविंद कुमार, डॉ. ओंकार सिंह एवं अंकित कुमार शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अंशुल खंडेलवाल ने किया।इस अवसर पर डॉ. रुचि खंडेलवाल, प्रधानाचार्या अंजू यादव, सतवीर सिंह, गुंजन चतुर्वेदी, विशाल वर्मा, सुनील जैन, हिमांशु भारद्वाज, गिर्राज सिंह, सत्यकाम सिंह, अजय गुप्ता, संजीव अग्रवाल, रवि यादव, दिलीप जादौन, दीपक जादौन, पुनीत सिंह, गणेश गुप्ता सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

जैन साधु-साध्वी भगवंतों के विहार में सुरक्षा और सेवा का संकल्प लें समाजजन - डॉ बाफना

एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित पहुंचाने में करें सहयोग विहार सेवा से बचाई जा सकती हैं अनमोल संत जीवन की सुरक्षा - कुमट

रहीम शेरानी ब्यूरो चीफ झाबुआ





जैन धर्म में साधु-साध्वी भगवंतों का विहार धर्म आराधना और संयममय जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। साधु-साध्वी भगवंत जब एक स्थान से दूसरे स्थान तक पैदल विहार करते हैं, तब कई बार उन्हें व्यस्त सड़कों, तेज रफ्तार वाहनों और यातायात की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

इस को मद्देनजर रखते हुए आल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसियन (आईजा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हार्दिक हूंडिया,प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर श्री प्रदीप बाफना एवं मध्यप्रदेश मानवसेवा चेयरमैन मनीष कुमट ने संपूर्ण जैन समाज से अपील करते हुए कहा कि जैन संत हमारी अमूल धरोहर है ऐसे में उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को विहार सेवा के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है।

समाजजन आगे आकर करें सहयोग

राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हूंडिया ने समाजजनों एवं युवाओं से अपील है कि जब भी साधु-साध्वी भगवंतों का विहार हो, तो उनकी सुरक्षा के लिए आगे आकर सहयोग करें। विहार के दौरान आगे-पीछे सुरक्षा व्यवस्था बनाने, वाहन चालकों को सावधान करने, यातायात की स्थिति पर नजर रखने तथाआवश्यकतानुसार सुरक्षित मार्ग में सहयोग प्रदान करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को कम किया जा सके। विहार सेवा केवल धार्मिक भावना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संयम साधना में लीन गुरु भगवंतों के प्रति हमारी श्रद्धा, कर्तव्य और मानवीय जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। समय पर मिलने वाला समाज का सहयोग संतों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वही प्रदेश अध्यक्ष डॉ.प्रदीप बाफना ने कहां की विशेषकर युवाओं को इस सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। विहार की जानकारी मिलने पर स्थानीय समाज, जैन युवा मंडल एवं सेवा भावी श्रावकों को आपसी समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करना चाहिए। साथ ही यातायात नियमों का पालन करते हुए संतों की गरिमा, मयार्दा और विहार की परंपराओं का पूरा ध्यान रखना चाहिए।

आइए, संकल्प लें कि जब भी हमारे क्षेत्र में जैन साधु-साध्वी भगवंतों का विहार हो, हम अपनी सामर्थ्य के अनुसार विहार सेवा में सहभागी बनेंगे। क्योंकि गुरु भगवंतों की सुरक्षित विहार सेवा करना केवल पुण्य का कार्य ही नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और धार्मिक जिम्मेदारी भी है।

आगरा मण्डलायुक्त श्री नगेन्द्र प्रताप जी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा





आगरा. 23 नवंबर 2026. लघु सभागार में मण्डलायुक्त श्री नगेन्द्र प्रताप जी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम आईजीआरएस की समीक्षा की गयी। विगत माह की अपेक्षा इस माह रैंक में सुधार हुआ और आईजीआरएस में आगरा मण्डल ने 10वीं रैंक प्राप्त की। आयुक्त महोदय ने सभी प्रकरणों में शिकायतकताओं से संपर्क किए जाने एवं संतुष्ट फीडबैक प्रतिशत में वृद्धि किए जाने के निर्देश दिए।

विकास कार्यों की समीक्षा में सर्वप्रथम पशुपालन विभाग में निमार्णाधीन वृहद गो-संरक्षण केंद्रों की जानकारी ली गई, जिस पर मंडलायुक्त जी ने निर्देश दिए कि जनपद आगरा में वृ. गौ. सं केंद्र बलाई के स्थान पर ग्राम खेड़ा राठौर में चिन्हित की गई भूमि पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। मथुरा में वृ. गौ. सं केंद्र बढ़ौता के टेंडर की कार्यवाही पूर्ण की जाए। पंचायत राज विभाग में पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजनान्तर्गत निदेशालय स्तर पर सिर्फ फिरोजाबाद जिले से ही प्रस्ताव प्रेषित किए गए। शेष जनपदों आगरा, मैनपुरी एवं मथुरा में अभी प्रस्ताव प्रेषित नहीं किए गए। इस पर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं स्पष्टीकरण मांगा गया। ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन में सबसे कम प्रगति मथुरा और आगरा की रही। प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। प्राथमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त जी ने निर्देश दिए कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मथुरा और मैनपुरी में 4 अवशेष विद्यालयों को फर्नीचर से संतृप्त किया जाए। आगरा और मैनपुरी में कुल अवशेष 445 विद्यालयों को फर्नीचर से संतृप्त किया जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (गोल्डन कार्ड) में मथुरा में कार्ड बनाए की प्रगति बढ़ाई जाए। वहीं चारों जिलों में अवशेष पात्र वरिष्ठ नागरिकों के भी कार्ड बनाए जाएं। अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के अंतर्गत सरकारी भवनों पर रेस्को मोड में सोलर रूफटॉप लगाए जाने हेतु निदेशालय से समन्वय कर प्रगति में तेजी लाई जाए।

ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2026-27 में लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष आवास की स्वीकृति हेतु कार्यवाही पूर्ण की जाए। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रथम किश्त निर्गत करने हेतु निर्देशित किया। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक कुल 8711 स्वयं सहायता समूहों का बैंक क्रेडिट लिंकेज कराया गया है। इसमें और तेजी से समूह गठन कराने की आवश्यकता है। वीबी- जी राम जी योजना में मथुरा में प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिए।

उद्योग विभाग की समीक्षा में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चारों ही जनपदों में लक्ष्य मानक से अधिक वितरण किया गया है। ओ०डी०ओ०पी० वित्त पोषण हेतु सहायता योजना के अंतर्गत जनपद आगरा में स्वीकृत संख्या 116 के सापेक्ष वितरण 92, फिरोजाबाद में 44 के सापेक्ष 41, मथुरा में 30 के सापेक्ष 23 तथा जनपद मैनपुरी में स्वीकृत संख्या 25 के सापेक्ष 23 वितरण किया गया है। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत उ० प्र० रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना में नोडल पुलिस अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर पर लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण तथा डीएससी में सभी लंबित प्रकरण लगाए जाने के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत शादी अनुदान योजना में जनपद मथुरा एवं मैनपुरी को लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

खाद्य एवं रसद विभाग में प्रचलित उचित दर की दुकानों के संबंध में निर्देश दिये कि रिक्त दुकानों के सापेक्ष नये चयन की कार्यवाही जाए एवं निलंबित दुकानों के प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। अन्नपूर्णा भवन के संबंध में अवगत कराया गया कि कुल 116 के सापेक्ष 78 भवन पूर्ण हो गए हैं। शेष कार्य प्रगति पर है।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त श्री उमेश मणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी मथुरा श्री चंद्र प्रकाश सिंह,उ जिलाधिकारी मैनपुरी श्री इंद्रमणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी फिरोजाबाद श्री संतोष कुमार शर्मा, चारों जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, एडी हेल्थ एवं समस्त मण्डलीय अधिकारी मौजूद रहे।

जो जानवरों को मारता, काटता, उनके मांस को छीलता, पकाता, खाता या खिलाता है, उन सबको पाप लगता है - बाबा उमाकान्त जी महाराज

वही पाप अंदर में जमा होकर शरीर में मन को पापी बना देता है, मन उसी शरीर से फिर पाप करवाता है

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक सुनहरा संसार



बेलगांव, कर्नाटक परम पूज्य परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने सतसंग में कहा कि यह मनुष्य शरीर मानव मंदिर है, इसको साफ रखना है। जो लोग मिट्टी और पत्थर का मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा या गिरजाघर बनाते हैं, उसमें अगर कोई मुर्दा मांस डाल दे, तो क्या कोई वहां पूजा करेगा? नहीं करेगा। कोई नमाज पढ़ेगा? नहीं पढ़ेगा। कोई उसमें बैठकर गुरु ग्रंथ का पाठ करेगा? नहीं करेगा। क्यों? कहेगा,

"भगवान नाराज हो जाएंगे। हम जो भी पूजा-पाठ करेंगे, उसका फल हमको नहीं मिलेगा।"

इसलिए यह मनुष्य शरीर चलता-फिरता मानव मंदिर है, मस्जिद है, गुरुद्वारा है, तो इसको गंदा नहीं करना चाहिए। गंदा करोगे तो पाप लगेगा।

पाप किसको कहते हैं? जिससे किसी को तकलीफ हो, कष्ट हो या किसी की जान चली जाए, वह पाप है। और पुण्य किसको कहते हैं? जैसे कहते हैं कि जान से मारना पाप है, बहुत बड़ा पाप है। जीव हत्या करना बहुत बड़ा पाप है और जीव की रक्षा करना बहुत बड़ा पुण्य है।

पाप और पुण्य किसे कहते हैं और ये कहां और कैसे जमा होते हैं?

पुण्य और पाप किससे होता है? इंसान इसी शरीर से, धन से, दिल-दिमाग और बुद्धि से होता है।

धन आप किससे कमाते हो? शरीर से मेहनत करके लाते हो। और वह धन अगर कहीं गलत जगह पर खर्च हो गया, तो पाप लग जाएगा और अच्छी जगह लगता है, तो पुण्य बनता है। और यह मन भी उसी तरह का हो जाता है। क्यों? क्योंकि वह धन जहां खर्च होगा, जहां लगेगा, उसका भी असर पड़ता है।

जैसे आपको समझाऊं कि कत्ल कोई और करता है, योजना कोई और बनाता है और कत्ल करने का असलाह कोई और देता है, तो ये सब पाप के भागीदार बन जाते हैं। अगर मारने-काटने का असलाह यानी औजार न देता, अगर योजना न बनाता तो अकेला आदमी खत्म नहीं कर पाता। इसलिए वे सब पाप के भागीदार हो जाते हैं।

आप कहोगे कि मांस तो हम खाते हैं, लेकिन हम कत्ल नहीं करते हैं, मारते नहीं हैं। आप बच्चियां कहोगी कि

"मैं शाकाहारी हूं। साग-सब्जी खाने के लिए जो यह मनुष्य शरीर मिला है, हम उसको खाते हैं। हम बना तो देते हैं घर में, लेकिन खाते नहीं हैं।"

लेकिन बच्चियों! आप सब इस बात को समझो कि जो बकरा-मुर्गा काटता है, पाप उसको भी लगता है। मांस निकालता है, खाल छीलता है, पाप उसको भी लगता है। जो खरीदकर लाता है, उसको भी पाप लगता है। और जो पकाता है, खाता है और खिलाता है, सबको पाप लगता है।

अब उस पाप को आप देख नहीं पाते हो लेकिन वह पाप अंदर में जमा होता जाता है और वही पाप फिर शरीर में मन को पापी बना देता है। और मन उसी शरीर से फिर पाप करवाता है। पाप इतना ज्यादा हो जाता है कि ऐसा लगता है जैसे पाप का बोझा जमा हो गया हो। और इसलिए भगवान का दर्शन इसमें नहीं हो पाता है।

6 दिसंबर को सनातन शक्ति दिवस पर हजारों सनातनी भरेंगे हुंकार - जय भगवान गोयल

ह्यसनातन शक्ति दिवसह्न में जुटेंगे देश के दिग्गज धमार्चार्य एवं संत-महात्मा,वीएचपी के आलोक कुमार होंगे सम्मिलित



राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

नई दिल्ली। यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट भवन, मुख्य चौक शाहदरा में आज फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोयल ने बताया कि बाबरी विध्वंस की 34वीं वर्षगांठ पर 6 दिसंबर को आयोजित विशाल कार्यक्रम सनातन शक्ति दिवस के रूप में बनाया जायेगा। गोयल ने बताया कि यह भव्य कार्यक्रम मुख्य चौक शाहदरा पर प्रातः 10:30 से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर श्री जय भगवान गोयल ने बताया कि आगामी 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले सनातन शक्ति दिवस कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार सहित देश के अनेक प्रमुख संत-महात्माओं, धमार्चार्यों एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों के एकत्रित होने की उम्मीद है,जो सनातन धर्म की एकता,गौरव एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश देंगे। गोयल ने कहा कि 6 दिसंबर का दिन सनातन समाज के लिए ऐतिहासिक गौरव, शौर्य, पराक्रम एवं स्वाभिमान का प्रतीक है। यह आयोजन सनातन समाज को एकजुट करने युवा पीढ़ी,जेन जी और जेन अल्फा (gen z or gen alpha) को अपनी गौरवशाली परंपरा से जोड़ना। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और जीवन मूल्यों का आधार है। सनातन शक्ति दिवस के माध्यम से समाज में एकता, संगठन एवं सांस्कृतिक चेतना को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया जाएगा। गोयल ने आगे बताया कि कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों,सामाजिक संगठनों एवं संत समाज के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। गोयल ने कहा कि सनातन शक्ति दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सनातन समाज की एकता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बनेगा। आगामी 6 दिसंबर को हजारों सनातनी एक मंच पर एकत्रित होकर सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का सामूहिक संकल्प लेंगे।

मामा के घर आई थी खुशियां, तालाब ने छीन लीं दो मासूम जिंदगियां! आयुष और कार्तिक की डूबकर मौत से गांव में मातम

सुनहरा संसार उन्नाव : के औरास थाना क्षेत्र अंतर्गत ! दो मासूम बच्चे घर से खेलने निकले थे। उन्हें क्या पता था कि कुछ ही देर में उनकी जिंदगी का सबसे भयावह हादसा हो जाएगा। एक पांच साल का आयुष, जो हरदोई से अपने ननिहाल आया था, और उसका सात वर्षीय ममेरा भाई कार्तिक रविवार शाम गांव के तालाब में नहाने चले गए। पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा और दोनों डूब गए। जब तक ग्रामीण उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाते, बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



स्कूल के सामने खेल रहे थे, फिर तालाब तक पहुंच गए

हरदोई जिले के बालामऊ थाना क्षेत्र के खजौना गांव निवासी अर्जुन का पांच वर्षीय बेटा आयुष इन दिनों औरास क्षेत्र के मवई गांव में अपने नाना नन्हक्के कश्यप के घर आया हुआ था।

रविवार शाम करीब चार बजे आयुष अपने मामा राजेश के सात वर्षीय बेटे कार्तिक के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय मवई के सामने ग्राम समाज की खाली पड़ी जमीन पर खेल रहा था। खेलते-खेलते दोनों बच्चे पास के तालाब में नहाने चले गए।

गहरे पानी में पहुंचे तो नहीं संभल सके कदम, तालाब में नहाते समय दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बचाव की कोशिश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

एक ही परिवार की दो किलकारियां हमेशा के लिए खामोश

आयुष अपने ननिहाल आया था, जहां ममेरे भाई कार्तिक के साथ उसका खेलना-कूदना चल रहा था। रविवार की शाम दोनों परिवारों के लिए ऐसा दुख लेकर आई, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। दो बच्चों की मौत की खबर से घर में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक छा गया। खुले तालाबों के पास बच्चों की सुरक्षा कौन सुनिश्चित करेगा? यह हादसा एक बार फिर गांवों में खुले तालाबों और जलभराव वाले स्थानों के आसपास बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा करता है। आबादी के पास मौजूद ऐसे जलस्रोतों के आसपास चेतावनी संकेत, सुरक्षित घेराबंदी और बच्चों की निगरानी कितनी जरूरी है, यह घटना उसका गंभीर संदेश देती है। थाना प्रभारी संजीव कुशवाहा के मुताबिक, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की कार्रवाई की। दो बच्चे खेलने निकले थे, लेकिन घरों में लौटे उनके शव। आयुष और कार्तिक की मौत ने दो परिवारों की दुनिया उजाड़ दी।

तेज रफ्तार डंफर की टक्कर से बाइक चला रहे 38 वर्षीय भूरे चौहान की मौत, पीछे बैठा सचिन गंभीर रूप से घायल

सुनहरा संसार उन्नाव : के गंगाघाट कोतवाली इलाके में रविवार देर रात डंपर की टक्कर से बाइक चला रहे भूरे चौहान (38) की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा सचिन (16) गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा किया।

पुलिस के मुताबिक, रात करीब 11 बजे डंपर देवारा कला की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान सहजनी की तरफ से बाइक पर भूरे चौहान, पुत्र कल्लू चौहान, निवासी सम्भर खेड़ा और सचिन, पुत्र सुरेश, आ रहे



थे। दोनों वाहनों की टक्कर हो गई।

टक्कर के बाद भूरे सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सचिन गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया।

हादसे की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क जाम कर हंगामा किया। गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद सड़क पर आवाजाही शुरू हुई।

पुलिस ने डंपर कब्जे में ले लिया और भूरे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इंस्पेक्टर अजय सिंह ने बताया कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कार की जोरदार टक्कर लगने से नगरपालिका का सफाई कर्मचारी पुल से 30 फीट नीचे गिर कर हुआ गंभीर रूप से घायल

सुनहरा संसार उन्नाव : के सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात तेज रफ्तार कार ने कचहरी ओवरब्रिज पर सफाई कर रहे नगर पालिका के एक कर्मचारी को टक्कर मार दी। सफाईकर्मी करीब 30 फीट नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि कार सवार नशे में थे। उन्होंने सफाई वाहन और एक दूसरी कार को भी टक्कर मारी।

जानकारी के मुताबिक, रात करीब 12 बजे नगर पालिका के सफाईकर्मी ओवरब्रिज पर काम कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार



ने एक सफाईकर्मी को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और सफाई वाहन के साथ दूसरी कार को भी टक्कर मार दी।

आरोप है कि कार में सवार युवकों ने विरोध करने पर सफाईकर्मियों से मारपीट की। साथी कर्मचारी के घायल होने से नाराज सफाईकर्मियों ने कार सवारों को घेरकर पीटा। इससे ओवरब्रिज पर हंगामा हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सफाईकर्मियों से एक कार सवार को बचाया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। घायल सफाईकर्मी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्राम घुराट , तहसील मऊरानीपुर के सर्किल रेट में वृद्धि न किए जाने एवं किसानों के अधिकारों की रक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के की मांग

केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्राम घुराट , तहसील मऊरानीपुर के सर्किल रेट में वृद्धि न किए जाने एवं किसानों के अधिकारों की रक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के की मांग

ब्यूरो एएव सिद्दीकी



झांसी `अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में बताया कि ग्राम घुराट , तहसील मऊरानीपुर, जनपद झाँसी के कृषक केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित हैं तथा उक्त परियोजना के अंतर्गत ग्राम की कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। विशेष रूप से आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहते हैं कि वर्तमान में जारी नवीन सर्किल रेट सूची में ग्राम घुराट के आसपास स्थित सभी ग्रामों के सर्किल रेट में वृद्धि की गई है, जबकि ग्राम घुराट के सर्किल रेट में कोई वृद्धि नहीं की गई है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं विचारणीय विषय है कि आसपास के ग्रामों की दरों में वृद्धि होने के बावजूद ग्राम घुराट को इससे वंचित रखा गया है, जबकि यहाँ की कृषि भूमि का वास्तविक बाजार मूल्य भी आसपास के ग्रामों के अनुरूप अथवा उससे अधिक है।

ग्राम घुराट के सर्किल रेट में वृद्धि नहीं होने से यहाँ के कृषकों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। विशेषकर केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण होने के कारण किसानों को उनकी भूमि का उचित एवं न्यायसंगत प्रतिकर प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।

किसानों की कृषि भूमि उनकी आजीविका एवं भविष्य का प्रमुख आधार है। ऐसी स्थिति में आसपास के सभी ग्रामों के सर्किल रेट में वृद्धि किए जाने के बावजूद ग्राम घुराट की अनदेखी किया जाना किसानों के साथ अन्याय है।

इसके अतिरिक्त, प्रभावित किसानों का कहना है कि जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं एवं मांगों पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों को अपनी जायज मांगों के लिए बार-बार अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखनी पड़ रही है, लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं का उचित समाधान नहीं हो पाया है। इस प्रकार किसानों के हितों एवं अधिकारों की अनदेखी हो रही है, जिससे ग्राम के किसानों में भारी रोष एवं असंतोष व्याप्त है।

अतः श्रीमान जी से सादर अनुरोध है कि निम्नलिखित बिंदुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें–

1-वर्तमान सर्किल रेट सूची में ग्राम घुराट के सर्किल रेट में वृद्धि नहीं किए जाने के कारणों की जाँच कराई जाए।

2- ग्राम घुराट के आसपास के सभी ग्रामों के बढ़ाए गए सर्किल रेट का तुलनात्मक परीक्षण कराया जाए।

3- ग्राम घुराट की कृषि भूमि का वर्तमान वास्तविक बाजार मूल्य निर्धारित करने हेतु निष्पक्ष सर्वेक्षण कराया जाय।

4- केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित कृषकों के हितों को ध्यान में रखते हुए ग्राम घुराट के सर्किल रेट में भी आसपास के ग्रामों के अनुरूप उचित वृद्धि की जाए।

5- प्रभावित किसानों की समस्याओं एवं शिकायतों की गंभीरतापूर्वक सुनवाई कर जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को उचित एवं न्यायसंगत कार्यवाही करने के निर्देश दिए जाएँ।

6- किसानों की मांगों पर समयबद्ध निर्णय लेकर की गई कार्यवाही से ग्रामवासियों को लिखित रूप में अवगत कराया जाय।

अतः आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि ग्राम घुराट के किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सर्किल रेट में उचित वृद्धि कराने तथा किसानों को उनका न्यायसंगत अधिकार दिलाने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

ज्ञापन, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा बुंदेलखंड अध्यक्षअवधेश निरंजन के नेतृत्व में विनोद निरंजन,ग्राम प्रधान गनेशी देवी ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि,बृजेंद्र चौबे,महेंद्र पाल वर्मा एड, रामकिशन निरंजन,अभय राज सिंह ,रामप्रकाश ,हिमांशु निरंजन,नीरज अहिरवार,,पंकज कुमार,हरेंद्र कुमारआदि लोग उपस्थित उपस्थित रहे।

कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त निर्देश, बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध करें सख्त कार्यवाही

अभियान चलाकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के दिये निर्देश,मुख?यमंत्री जनविश वास, स्वामित्व योजना, टीएल पत्रों की कलेक्टर ने की समीक्षा

सुनहरा संसार



कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में खनिज और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जिले में बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने बिना पूर्व सूचना के समय-सीमा बैठक से अनुपस्थित रहने पर मंडी सचिव मनीष मंडावी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक?टर ने सभी अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयों में समय पर प्रातः 10 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। औचक निरीक्षण में अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर तिवारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित शिकायतों, राजस्व प्रकरणों और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा किया। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को रीठी क्षेत्र की नहरों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही गौशालाओं में गायों की वास्तविक संख्या का पटवारियों के माध्यम से सत्यापन कराने के निर्देश भी संबंधित एसडीएम को दिए।

अभियान चलाकर करें सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकयतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी अभियान चलाकर लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व विभाग को लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन से संबंधित शिकायतों को भी प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीएल पत्रों की भी समीक्षा कर लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई करने को कहा।

पटवारियों को प्रतिदिन 20 पंजीयन का लक्ष्य

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना की प्रगति बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन 20 पंजीयन का लक्ष्य देने और इस कार्य में युवाओं की मदद लेने को कहा। उन?होंने स?वामित?व योजनांतर्गत कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में फार्मर आईडी रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और पीएम किसान ई-केवाईसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

बड़वारा और विजयराघवगढ विधानसभा क्षेत्रों में बनेंगे खेल मैदान

कलेक्टर तिवारी ने बड़वारा और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में खेल मैदान निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश पीआईयू विभाग को दिए।

स?वास?थ?य सेवाओं की समीक्षा

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उमरियापान बीएमओ को अनमोल पोर्टल पर एएनसी पंजीयन में तेजी लाने तथा गंभीर एनीमिया के मामलों में सुधार के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा।

विजयनगर रेंज रायसिंहनगर रेंज में अवैध आरा मशीनों और लकड़ी के कारोबार का मामला, वन विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

महेन्द्र पाल मेघवाल रायसिंहनगर/विजयनगर रायसिंहनगर/विजयनगर महेन्द्र पाल मेघवाल

विजयनगर रेंज रायसिंहनगर रेंज क्षेत्र में अवैध आरा मशीनों के संचालन, अवैध लकड़ी परिवहन और लकड़ी के अवैध भंडारण जैसी गतिविधियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि इन गतिविधियों की शिकायतें सही हैं तो यह वन संपदा की सुरक्षा और वन विभाग की निगरानी व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। क्षेत्र में कथित रूप से बिना आवश्यक अनुमति आरा मशीनें संचालित होने, लकड़ी का परिवहन किए जाने तथा विभिन्न स्थानों पर लकड़ी का भंडारण किए जाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियां चल रही हैं तो संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं मिल रही? क्या वन विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और निगरानी की जा रही है? अवैध लकड़ी के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है? स्थानीय स्तर पर इन मामलों की जांच करवाकर अवैध आरा मशीनों के लाइसेंस एवं अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच, लकड़ी के परिवहन से जुड़े दस्तावेजों का सत्यापन और संदिग्ध स्थानों पर रखी लकड़ी के भंडारण की जांच करवाना जरूरी है।

प्रशासन से कार्रवाई की मांग

मामले में उच्च वन अधिकारियों से मांग है कि विजयनगर रेंज रायसिंहनगर रेंज क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया जाए। अवैध आरा मशीनें पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई हो तथा अवैध लकड़ी परिवहन और भंडारण की शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। अब देखना यह होगा कि वन विभाग इन शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेता है और वन संपदा की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाता है

कोक परिवार ने किया मदनगोपाल मंदिर में अन्नकूट का आयोजन, खंडेलवाल समाज ने किया स्वागत-सम्मान

तीर्थराज विमलकुण्ड स्थित मदनगोपाल मंदिर में हुई अन्नकूट प्रसादी, भाजपा, नगरपालिका व समाज के गणमान्य रहे मौजूद

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी





कामां – कामां कस्बे के भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम खंडेलवाल कोक परिवार द्वारा तीर्थराज विमलकुण्ड विराजित मदनगोपाल मंदिर में सोमवार को अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में खंडेलवाल समाज के प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति सहित प्रेमीजनों व शुभचिंतकों को निमंत्रण दिया गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और सभी ने अन्नकूट प्रसादी का आनंद लिया।

अन्नकूट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रसादी बनाई गई, जिसे श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक ग्रहण किया। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर खंडेलवाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा कोक परिवार का दुपट्टा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। समाज के लोगों ने इस आयोजन के लिए कोक परिवार की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर मौजूद रहे गणमान्य

तीर्थराज विमलकुण्ड पर विभिन्न मंदिरों के सेवाताधिकारी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रवि तिवारी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी, नगरपालिका अध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, मदनमोहन सिंघल पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार, रविंद्र जैन पूर्व प्रधान कामां पंचायत समिति, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य आर्थिक एवं व्यवसाय प्रकोष्ठ राजस्थान, खंडेलवाल समाज भरतपुर-डीग जिलाध्यक्ष श्याम तमोलिया, कामां सुभाष चंद खंडेलवाल हाल अलवर निवासी खंडेलवाल समाज के प्रमुख व्यवस्थापक खेमराज खंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंगोतिया, महामंत्री शंभू दयाल आंकड़, उपाध्यक्ष घनश्याम पिंकी तमोलिया, ऑडिटर मनमोहन गुप्ता नाटाणी पत्रकार, भरतपुर-डीग जिला युवा वैश्य समाज के दीपक तमोलिया आदि गणमान्य व समाज बंधु भी शामिल हुए।

हरिद्वार कुंभ मेला 2027 के समस्त धार्मिक कार्यक्रम श्रीमहन्त हरि गिरि महाराज की अध्यक्षता एवं निदेर्शानुसार आयोजित होंगे: श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। आचार्य महामंडलेश्वर, जूना पीठाधीश्वर अवधेशानन्द गिरि महाराज का पावन आशीर्वाद भी सभी धार्मिक कार्यक्रमों में मिलेगा। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के रमता पंच परमेश्वर की भव्य धर्मयात्रा 24 नवंबर को मुरादाबाद के प्राचीन श्री काली माता मंदिर से हरिद्वार के लिए होगी रवाना। मुरादाबाद हरिद्वारः

हरिद्वार कुंभ मेला 2027 के समस्त धार्मिक कार्यक्रम सनातन धर्म की प्राचीन एवं गौरवशाली संन्यास परंपरा के प्रमुख अखाड़ों में अग्रणी श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहन्त हरि गिरि महाराज की अध्यक्षता, मार्गदर्शन एवं निदेर्शानुसार होंगे। सभी धार्मिक कार्यक्रमों में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर,जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज का पावन आशीर्वाद एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। इन कार्यक्रमों में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के वरिष्ठ अध्यक्ष श्रीमहन्त प्रेम गिरि महाराज, वरिष्ठ सभापति श्रीमहन्त उमाशंकर भारती महाराज, सभापति श्रीमहन्त मोहन भारती, महाराज, अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जूना अखाड़ा 13 मढ़ी के अध्यक्ष श्रीमहन्त नारायण गिरि महाराज, उपाध्यक्ष श्रीमहन्त महेश पुरी महाराज, महामंत्री श्रीमहन्त शैलेंद्र गिरि महाराज समेत मंत्री, कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा।हरिद्वार कुंभ मेला 2027 को भव्य,दिव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के लिए मंगलवार, 24 नवंबर को श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के श्री रमता पंच परमेश्वर की भव्य धर्मयात्रा मुरादाबाद स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री काली माता मंदिर, लालबाग, मिश्री गिरि का टीला से हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगी। श्रीमहन्त हरि गिरि महाराज के निर्देशन में अखाड़े के वरिष्ठ पदाधिकारी, श्रीमहंत, महामंडलेश्वर, रमता पंच परमेश्वर एवं संत-महात्मा धार्मिक तैयारियों में जुटे हुए हैं। हरिद्वार पहुँचने पर श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के आराध्य देवताओं, रमता पंच परमेश्वर, श्रीमहंतों एवं संत-महात्माओं का परंपरागत विधि- विधान के अनुसार नगर प्रवेश होगा। यह नगर प्रवेश हरिद्वार कुंभ मेला 2027 के प्रमुख धार्मिक कार्यक्रमों का महत्वपूर्ण शुभारंभ होगा। हरिद्वार कुंभ मेला नगर प्रवेश से पूर्व मुरादाबाद के प्राचीन सिद्धपीठ श्री काली माता मंदिर,लालबाग, मिश्री गिरि जी का टीला में मंदिर के महंत हाकाल गिरि महाराज के सान्निध्य में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के श्री रमता पंच परमेश्वर का पावन प्रवास हुआ। अखाड़े के आराध्य देवताओं की विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भव्य आरती की गई। रमता पंच परमेश्वर की गुरु मूर्तियों एवं संत -महात्माओं के दर्शन तथा आराध्य देवताओं की दिव्य आरती में श्रीमहन्त संत पुरी महाराज, श्रीमहन्त विजय गिरि महाराज, श्रीमहन्त शान्तानन्द सरस्वती महाराज, महंत सोम गिरि महाराज, महंत आत्मानन्द महाराज, महंत अजय गिरि महाराज, महंत राय गिरि महाराज, कारोबारी कुन्दन पुरी महाराज, तीर्थ गिरि महाराज, मृत्युंजय पुरी महाराज, कोठारी अस्ति पुरी महाराज, कोतवाल रोशन पुरी महाराज, कृष्ण गिरि महाराज, चेतन गिरि महाराज, श्रवण पुरी महाराज एवं विजय पुरी महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं का पावन सान्निध्य रहा। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि हरिद्वार कुंभ मेला 2027 में नगर प्रवेश के बाद मंगलवार 1 दिसंबर को अभिजीत मुहूर्त में मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, भैरव अष्टमी, विक्रम संवत 2083 के अवसर पर दोपहर 11.46 बजे से 12.26 बजे तक विधिवत भूमि पूजन होगा। बुधवार 23 दिसंबर को धर्मध्वजा स्थापना पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, श्री दत्तात्रेय जयंती, विक्रम संवत 2083 के अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 11.56 बजे से 12.36 बजे तक होगी। गुरुवार, 14 जनवरी 2027 को उत्तरायण पर्व के पावन अवसर पर पौष शुक्ल पक्ष षष्ठी को अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12.06 बजे से 12.46 बजे तक श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े की परंपरागत भव्य पेशवाई आयोजित होगी।महाराजश्री ने बताया कि हरिद्वार कुंभ मेला 2027 तीन प्रमुख अमृत स्नान होंगे। प्रथम अमृत स्नान शनिवार, 6 मार्च 2027 को फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, धनिष्ठा नक्षत्र के पावन अवसर पर होगा।द्वितीय अमृत स्नान सोमवार, 8 मार्च 2027 को फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या, शतभिषा नक्षत्र के अवसर पर होगा। वहीं ह्लतृतीय अमृत स्नान बुधवारए 14 अप्रैल 2027ह्ल को चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी पुनर्वसु नक्षत्र के अवसर पर होगा। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सभी धार्मिक कार्यक्रम श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहन्त हरि गिरि महाराज के कुशल नेतृत्व, अध्यक्षता एवं निदेर्शानुसार तथा आचार्य महामंडलेश्वर, जूना पीठाधीश्वर परम पूज्य स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज के पावन आशीर्वाद एवं अखाड़े के वरिष्ठ संतों के सान्निध्य में होंगे और सनातन धर्म की गौरवशाली परंपराओं को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

अयोध्या से जनकपुर तक दौड़ेगी सरयू-कमला एक्सप्रेस, भारत-नेपाल के सांस्कृतिक रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



अयोध्या। अयोध्या और जनकपुर के बीच सदियों से कायम धार्मिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक रिश्तों को अब रेल संपर्क के माध्यम से नई मजबूती मिलने जा रही है। सरयू-कमला एक्सप्रेस भारत और नेपाल के दो प्रमुख धार्मिक धामों को जोड़ते हुए दोनों देशों के श्रद्धालुओं, पर्यटकों, व्यापारियों और आम नागरिकों के आवागमन को आसान बनाएगी। यह रेल सेवा केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि राम-जानकी की परंपरा, साझा आस्था, ऐतिहासिक विरासत और दोनों देशों की चिरस्थायी मित्रता को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर सरयू-कमला एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह रेल सेवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविरासत और विकासह्ल के विजन का सशक्त उदाहरण है। मां सरयू की पावन धारा से जुड़ी अयोध्या और मां कमला के जल से अभिसिंचित माता जानकी की भूमि जनकपुर का रेल मार्ग से जुड़ना दोनों देशों के हजारों वर्षों पुराने संबंधों को नया विस्तार देगा। इससे नेपाल के श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन कर सकेंगे, वहीं भारतीय श्रद्धालुओं के लिए जनकपुर धाम जाकर माता जानकी के दर्शन करना भी सुगम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता महज पड़ोसी देशों का संबंध नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की साझा संस्कृति, आत्मीयता, आस्था और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा है। राम-जानकी की परंपरा में दोनों देशों के रिश्ते ह्यरोटी-बेटीह्ल के संबंध के रूप में पहचाने जाते हैं। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण का महर्षि विश्वामित्र के साथ मिथिला जाना, माता सीता से विवाह के बाद महाराजा दशरथ की बारात का जनकपुर पहुंचना आज भी दोनों क्षेत्रों की सांस्कृतिक स्मृतियों में जीवंत है। विवाह पंचमी जैसे आयोजनों में इस ऐतिहासिक प्रसंग को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। अयोध्या के लोग जनकपुर को अपना ससुराल मानते हैं, जबकि मिथिला में भगवान श्रीराम को पाहुन के रूप में विशेष सम्मान दिया जाता है। योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें नेपाल के संतों, युवाओं, माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं का योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनकपुर धाम से सैकड़ों श्रद्धालु मंगल उपहार लेकर अयोध्या पहुंचे थे, जो दोनों क्षेत्रों के बीच गहरे आत्मीय संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जनकपुर में राम-जानकी विवाहोत्सव के दौरान जिस प्रकार उल्लास और मंगल गीत गूंजते हैं, उसी प्रकार अयोध्या में भी इस परंपरा को आत्मीयता के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने भारत और नेपाल की साझा आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए पशुपतिनाथ से काशी विश्वनाथ और मुक्तिनाथ से लेकर गोरखनाथ मंदिर तक दोनों देशों के धार्मिक संबंधों को रेखांकित किया। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर और काशी के बाबा विश्वनाथ धाम के बीच सदियों से आध्यात्मिक जुड़ाव रहा है। उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु पीढ़ियों से मुक्तिनाथ और पशुपतिनाथ की यात्रा करते रहे हैं। गोरखनाथ मंदिर में नेपाल से आने वाली खिचड़ी और चैत्र नवरात्र में नेपाल से देवीपाटन शक्तिपीठ पहुंचने वाले श्रद्धालु दोनों देशों की साझा आस्था की परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं। भगवान बुद्ध की विरासत भी भारत और नेपाल को एक सूत्र में जोड़ती है। बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनी में हुआ, जबकि उनके जीवन, साधना और धर्म के अनेक महत्वपूर्ण पड़ाव उत्तर प्रदेश से जुड़े हैं। कपिलवस्तु-पिपरहवा, श्रावस्ती, सारनाथ और कुशीनगर इस साझा विरासत के प्रमुख केंद्र हैं। मुख्यमंत्री ने पिपरहवा में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की वापसी को भी गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बहने वाली नदियां भी प्राकृतिक और सांस्कृतिक संबंधों की प्रतीक हैं। नेपाल के हिमालयी क्षेत्र से निकलने वाली कणार्ली, गंडकी, राप्ती और महाकाली जैसी नदियां उत्तर प्रदेश में घाघरा, गंडक, राप्ती और शारदा के रूप में जनजीवन और कृषि को समृद्ध करती हैं। भारत-नेपाल की खुली सीमा को आपसी विश्वास का अनूठा उदाहरण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिदिन हजारों लोग व्यापार, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और पारिवारिक संबंधों के लिए दोनों देशों के बीच आवागमन करते हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार पड़ोसी प्रथम की नीति के तहत सड़क, रेल, डिजिटल, ऊर्जा और व्यापारिक संपर्कों को मजबूत कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के सात जिले पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज नेपाल के साथ लगभग 600 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं।

ऐसे में सरयू-कमला एक्सप्रेस सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और दोनों देशों के बीच जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने रुपईडीहा, सोनौली और नेपाल सीमा से जुड़े अन्य क्षेत्रों में विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमावर्ती इलाकों में सड़क, रेल, लैंड पोर्ट और लॉजिस्टिक सुविधाओं के विस्तार से व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिल रही है। रुपईडीहा में लैंड पोर्ट तैयार है और भारत-नेपाल व्यापार के लिए यह महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। बाराबंकी-बहराइच फोरलेन, सीमावर्ती रेल नेटवर्क का विस्तार, सोनौली-भैरहवा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट और गोरखपुर-सोनौली मार्ग जैसी परियोजनाएं क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत कर रही हैं। इसके साथ ही गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और अयोध्या से सीतामढ़ी होते हुए जनकपुर की दिशा में विकसित हो रहा श्रीराम-जानकी मार्ग भविष्य में पर्यटन और व्यापार के नए अवसर पैदा करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या अब आधुनिक बुनियादी सुविधाओं और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ धार्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अयोध्या देश-दुनिया से जुड़ रही है। रेल नेटवर्क के विस्तार, डबल लाइन, वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों के संचालन ने अयोध्या की यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाया है। सरयू-कमला एक्सप्रेस रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट को भी नई गति देगी। यह ट्रेन सीतामढ़ी के पुनौरा धाम से होकर गुजरेगी, जहां माता सीता को समर्पित भव्य मंदिर और आध्यात्मिक नगरी विकसित की जा रही है। रेल सेवा के मार्ग में उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल के 10 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहराव से सीमावर्ती क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन, व्यापार, होटल, परिवहन और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

पति की मारपीट से बेटी का सिर फटा, 6-7 टांके लगे; मां ने महानगर थाने में लगाई न्याय की गुहार

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के महानगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के दौरान बेटी के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां मधू रानी ने अपने पति राकेश कुमार पर बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना महानगर में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, मधू रानी निवासी न्यू हैदराबाद, लखनऊ ने बताया कि 22 नवंबर 2026 को करीब 11 बजे घर में उनकी बेटी और पति के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान पति ने बेटी को छत पर उठाकर पटक दिया और उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। इस घटना में बेटी के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। घायल बेटी के सिर पर उपचार के दौरान छह से सात टांके लगाए गए। हालत गंभीर होने पर परिजनों को उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। मधू रानी ने आरोप लगाया कि उनके पति आए दिन गाली-गलौज करते हैं और घर के खर्च के लिए पैसे भी नहीं देते। उन्होंने पति के दूसरी महिलाओं से संबंध होने का भी आरोप लगाया। शिकायतकर्ता का कहना है कि पति के व्यवहार से वह और उनके बच्चे लगातार भयभीत रहते हैं। आरोप है कि घटना के बाद पति जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया, जिससे परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। पीड़िता की मां ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने और आरोपी पति के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत पर पृष्ठांकित आदेश के अनुसार मामले में उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

6वीं एशियन वोवीनाम चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व करेंगे प्रवीण गर्ग, लखनऊ के दो खिलाड़ी भी दिखाएंगे दम

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में 24 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाली 6वीं एशियन वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिपझ्र2026 में भारतीय टीम पूरे दमखम के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने जा रही है। प्रतियोगिता में भारत की 12 सदस्यीय टीम प्रतिभाग करेगी, जिसका नेतृत्व प्रवीण गर्ग करेंगे। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर लखनऊ में उत्साह का माहौल है।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने गोमती नगर स्थित अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय टीम की किट लॉन्च की। उन्होंने लखनऊ से चयनित खिलाड़ियों को किट वितरित कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भारतीय दल के प्रमुख एवं वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके साथ पुष्कर शुक्ला, विनम्र गर्ग तथा लखनऊ से चयनित खिलाड़ी नितेश कुमार और सैयद अयूब सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. नीरज सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करना गौरव की बात है। खिलाड़ियों को पूरी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में उतरना चाहिए तथा अपने शानदार प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने भारतीय दल को सफलता की शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एशियन चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी फाइट और परफॉर्मेंस इवेंट की विभिन्न स्पधाओं में चुनौती पेश करेंगे। उत्तर प्रदेश से लखनऊ के नितेश कुमार परफॉर्मेंस इवेंट में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे, जबकि सैयद अयूब 50 किलोग्राम भार वर्ग की फाइट स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तराखंड से बबीता अधिकारी अंडर-18 बालिका 46 किलोग्राम, तेजस्वानी अंडर-18 बालिका 41 किलोग्राम, अजय शर्मा सीनियर पुरुष 88 किलोग्राम, हर्षित कुमार सीनियर पुरुष 70 किलोग्राम और सागर सिंह अधिकारी सीनियर पुरुष 50 किलोग्राम भार वर्ग में मुकाबला करेंगे। हरियाणा की प्रीतिका सीनियर महिला 70 किलोग्राम तथा ओम तेवतिया सीनियर पुरुष 77 किलोग्राम से कम भार वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र के श्रीनिवास महादेव वानखली सीनियर वर्ग के फोर एलिमेंट स्टाफ इवेंट उद्यल्ल ढँष्टस्त्र में प्रतिभाग करेंगे। वहीं मणिपुर की मालेम नगांबी देवी सलाम जूनियर बालिका 45 किलोग्राम फाइट के साथ लॉन्ग हो क्वेन फॉर्म्स स्पर्धा में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।भारतीय दल के साथ प्रवीण गर्ग हेड डेलीगेट एवं दल प्रमुख की भूमिका निभाएंगे। देवेन मोइरांगथेम रेफरी तथा शंकर माधवराव महाबले कोच के रूप में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में भारतीय दल एशियाई स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ प्रतियोगिता में उतरेगा। भारतीय टीम 24 नवंबर की मध्यरात्रि दिल्ली एयरपोर्ट से कंबोडिया के लिए रवाना होगी। खिलाड़ियों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और देशवासियों की उम्मीदें भारतीय दल से बेहतर प्रदर्शन तथा पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने पर टिकी हैं।

कर्मचारी बनकर साइबर ठगी, बुजुर्ग के खाते से 3.80 लाख रुपये पार

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ

लखनऊ। राजधानी में साइबर ठगों ने बैंक कर्मचारी बनकर पेंशन कार्ड बनवाने का झांसा दिया और एक व्यक्ति के बैंक खाते से 3 लाख 80 हजार रुपये की रकम निकाल ली। पीड़ित को जब खाते से रकम निकलने की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत बीबीडी थाने में दर्ज कराते हुए पुलिस से ठगी करने वाले आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। शिकायत के अनुसार, ग्राम पपनामऊ, थाना बीबीडी निवासी शिवभगवान सिंह पुत्र स्वर्गीय शिवनंदन सिंह के मोबाइल पर 7 नवंबर 2026 को अज्ञात नंबरों से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्तियों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया और पेंशन कार्ड बनवाने की बात कहकर पीड़ित को अपने विश्वास में ले लिया। आरोप है कि साइबर ठगों ने इसी बहाने धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से कुल 3 लाख 80 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित के मुताबिक, खाते से बड़ी रकम निकल जाने के बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। साइबर जालसाजों ने बैंक कर्मचारी होने का भरोसा दिलाकर उन्हें अपने जाल में फंसाया और देखते ही देखते मेहनत की जमा पूंजी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने बैंक खाते के लेन-देन का विवरण जुटाया और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसकी शिकायत संख्या 33111260318722 बताई गई है। शिवभगवान सिंह ने थाना बीबीडी में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने, उनकी पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा ठगी गई 3 लाख 80 हजार रुपये की धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के साथ बैंक खाते के लेन-देन का विवरण और साइबर अपराध पोर्टल पर दर्ज शिकायत की प्रति भी संलग्न की गई है। पुलिस स्तर पर मामले में अभियोग पंजीकरण की प्रक्रिया दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच बैंक कर्मचारी बनकर फोन करने वाले जालसाज लोगों को पेंशन, बैंकिंग सुविधा और दस्तावेज अपडेट कराने का झांसा देकर निशाना बना रहे हैं। ऐसे मामलों में लोगों को फोन पर अपनी बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने से बचने और किसी भी संदिग्ध कॉल पर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

निमार्णाधीन मकान से 1.66 लाख रुपये के बिजली तार चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक निमार्णाधीन मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये कीमत के बिजली के तार चोरी कर लिए। चोर मकान की सुरक्षा के लिए लगाए गए गेट के बावजूद पोर्च की दीवार फांदकर अंदर घुसे और घर में की गई वायरिंग तथा फाल सीलिंग में लगे बिजली के तार समेटकर फरार हो गए। चोरी की घटना पड़ोस के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है। पीड़िता निधि सिंह के अनुसार, उनका मकान सनातनपुरम, उत्तरधौना, थाना बीबीडी क्षेत्र में निमार्णाधीन है। मकान में 19 नवंबर को गेट भी लगवा दिया गया था, लेकिन चोर पोर्च की दीवार फांदकर अंदर दाखिल हो गए। आरोप है कि चोर मकान के अंदर लगी वायरिंग और फाल सीलिंग के बिजली के तार चोरी कर ले गए, जिनकी कीमत करीब एक लाख 66 हजार रुपये बताई गई है। पीड़िता ने बताया कि पड़ोस के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में 20 नवंबर की सुबह करीब 3 बजकर 13 मिनट पर कुछ संदिग्ध लोग उनके मकान के अंदर दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में आरोपी मकान की लाइट बंद कर मोबाइल की टॉर्च से रोशनी करते हुए चोरी करते नजर आ रहे हैं। घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज को पुलिस को उपलब्ध कराने की बात भी शिकायत में कही गई है। चोरी की जानकारी होने के बाद पीड़िता निधि सिंह ने थाना बीबीडी में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने और चोरों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। निमार्णाधीन मकान में हुई इस चोरी से भवन निर्माण कार्य और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर चोरी गए बिजली के तार बरामद कराने की मांग की गई है।

गोमतीनगर में मकान का ताला तोड़कर घुसने की कोशिश, सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़ के संकेत

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के गोमतीनगर स्थित विराम खंड में एक मकान का मुख्य लोहे का ग्रिल गेट का ताला तोड़कर संदिग्ध रूप से अंदर प्रवेश करने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। मकान में चोरी के प्रयास की आशंका के साथ सीसीटीवी कैमरा सिस्टम से छेड़छाड़ के संकेत मिलने के बाद पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच कराने की मांग की गई है। घटना के समय मकान में रहने वाला परिवार बाहर गया हुआ था। शिकायतकर्ता शिव कुमार पुत्र स्वर्गीय रामचरित्र के अनुसार, वह अपनी पत्नी विनीता के साथ गोमतीनगर के विराम खंड स्थित मकान संख्या 5/426 के भूतल पर बने एक कमरे में रहते हैं। यह मकान श्री अमिताभ ठाकुर का है। 20 नवंबर 2026 को वह अपनी पत्नी के साथ पैतृक स्थान गए थे। 22 नवंबर को शाम करीब 6:30 बजे जब दोनों वापस लौटे तो मकान के मुख्य लोहे के ग्रिल गेट पर लगा ताला टूटा हुआ मिला। इससे उन्हें आशंका हुई कि उनकी अनुपस्थिति में किसी अज्ञात व्यक्ति ने मकान में घुसने के इरादे से ताला तोड़ा है। शिकायत में बताया गया कि शुरूआती जांच में घर से किसी सामान या कीमती वस्तु के चोरी होने की जानकारी नहीं मिली, लेकिन मुख्य गेट का ताला टूटा होना और मकान के अंदर दूसरी मंजिल अथवा छत की ओर जाने वाला दरवाजा खुला मिलना कई सवाल खड़े कर रहा है। पीड़ित के अनुसार, मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा सिस्टम के तारों के साथ भी संदिग्ध छेड़छाड़ के संकेत मिले हैं। आशंका जताई गई कि मकान में प्रवेश करने वाले व्यक्ति ने अपनी गतिविधियों को छिपाने अथवा कैमरों की रिकॉर्डिंग बाधित करने के उद्देश्य से सीसीटीवी सिस्टम को प्रभावित करने का प्रयास किया हो। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि मकान मालिक अमिताभ ठाकुर और नूतन ठाकुर वर्तमान में शहर से बाहर हैं। उनके वापस आने के बाद मकान की विस्तृत जांच किए जाने पर यदि कोई अन्य तथ्य, सामान की कमी या नुकसान सामने आता है तो इसकी सूचना पुलिस को अलग से दी जाएगी। फिलहाल टूटे ताले, खुले दरवाजे और सीसीटीवी सिस्टम से छेड़छाड़ की आशंका को लेकर घटना संदिग्ध बनी हुई है। शिव कुमार ने थाना गोमतीनगर में प्रार्थना पत्र देकर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, घटनास्थल की जांच कराने और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस को दी गई शिकायत के आधार पर मामले में कार्रवाई की बात सामने आई है।

संविधान दिवस पर कांग्रेस निकालेगी संविधान रक्षा यात्रा, बांदा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता होंगे शामिल

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



संविधान दिवस के अवसर पर आगामी 26 नवंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लखनऊ में संविधान रक्षा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में बांदा जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं संविधान में आस्था रखने वाले लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी बांदा के तत्वावधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि भारत का प्रजातंत्र और संविधान एक वोट की बुनियाद पर खड़ा है। वोट का अधिकार छीनना संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। आजादी के बाद वर्तमान समय में देश के संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां खड़ी हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना के निदेर्शानुसार 26 नवंबर, संविधान दिवस पर संविधान रक्षा यात्रा निकाली जाएगी।

उन्होंने बताया कि बांदा जिले से कांग्रेसजन निजी बसों, निजी वाहनों एवं ट्रेन के माध्यम से लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। यात्रा की शुरूआत 26 नवंबर को नेहरू भवन, लखनऊ स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर होगी। इसके बाद यात्रा एनेक्सी भवन होते हुए हजरतगंज पहुंचेगी, जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर यात्रा का समापन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह यात्रा संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगी। साथ ही सिविल सोसाइटी, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं संविधान में आस्था रखने वाले सभी लोगों से यात्रा में शामिल होने की अपील की।

राजेश दीक्षित ने संविधान सभा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अधिनायकवादी नेतृत्व, धर्म को देश से ऊपर रखने की प्रवृत्ति तथा मुट्ठी भर लोगों के हित में काम करने वाली व्यवस्था को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों में बाबा साहब की बताई गई चिंताओं की झलक दिखाई देती है। उन्होंने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बाबा साहब एक ऐसे मजबूत चुनाव आयोग के पक्षधर थे, जो सरकार के दबाव से मुक्त होकर काम करे। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने दिसंबर 2023 में कानून बनाकर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर उनकी जगह केंद्र सरकार के एक मंत्री को शामिल कर लिया,

जिससे चयन समिति में सरकार का बहुमत हो गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता और निष्पक्षता बनाए रखना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रज्जाक भाई, इरफान खान (कांग्रेस सभासद), अरविन्द सिंह, रामनरेश गुप्ता लड्डू, लालबाबू राजपूत सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

प्रयागराज जोन की 27वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का किया गया शुभाम्भ

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



सोमवार 23 नवंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा पालश बंसल द्वारा पुलिस लाइन्स बांदा ग्राउण्ड में 27वीं प्रयागराज जोन अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का फीटा काटकर शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर प्रयागराज जोन के आठ जनपदों- बांदा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, महोबा, हमीरपुर, प्रतापगढ़ एवं चित्रकूट की पुलिस टीमों ने अनुशासित ढंग से मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा मार्च पास्ट की सलामी लेकर प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया तथा खेल भावना, उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा गया। 03 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के सभी जनपद- बांदा, महोबा, हमीरपुर, चित्रकूट, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ तथा फतेहपुर की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारम्भ के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक बांदा आदि उपस्थित रहे।

विभिन्न स्थानों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 10 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मरका पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 22.11.2026 की दरे रात्रि को थाना मरका पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मऊ-अरमार रोड व ग्राम मऊ-इंगुवा रोड के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है, सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा दोनो स्थानों पर दबिश देकर मौके से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से मालफड़ व जामा तलाशी के 10,125 रुपए तथा 104 ताश के पत्ते बरामद किए गए। इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों में रेवती रमन पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, राजू पुत्र छंगू निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, रामू पुत्र रम्मन निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, राजकिशोर पुत्र विजयकरन निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद, संतोष पुत्र विपतिया निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, भज्जी पुत्र बोधन निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, विकास पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, बाला प्रसाद पुत्र राम शरण निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, वेद पुत्र भगौता निवासी ग्राम मऊ थाना मरका जनपद बांदा, योगेन्द्र पुत्र भोला निवासी ग्राम साड़ा थाना मरका जनपद बांदा शामिल रहे। संबंधित पर आवश्यक धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मरका सुबेदार बिन्द, उ0नि0 अनुराग सिंह, उ0नि0 अजय कुमार पाण्डेय, ह0कां0 दयाशंकर, ह0कां0 शैलेन्द्र सिंह, ह0कां0 रईस अहमद, कां0 विनोद, कां0 राहुल कुमार, कां0 महेन्द्र कुमार, म0कां0 सोनी यादव मौजूद रहे।

दादी-बाबा की पुण्यतिथि पर इंदिरा पूर्व में बुंदेलखंडी दीवारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन, भूरागढ़ की टीम रही प्रथम

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



दादी और बाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांक 22.11.2026 को इंदिरा पूर्व में बुंदेलखंडी दीवारी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक बलराम प्रजापति रहे, निवेदक सुल्तान भाई प्रजापति रहे। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन बड़े भ्राता राम बहादुर प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों में चुन्नू बाद सेठ गोवा, कालूराम प्रजापति जालौन, पूर्व जिला अध्यक्ष रामसेवक प्रजापति, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार युवा प्रदेश अध्यक्ष सुधीर चक्रवर्ती, निरंजन चक्रवर्ती प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ, बिहारी लाल प्रजापति पूर्व प्रधान, शिवबरन वर्मा जिला संयोजक, राम बहादुर यादव, सम्मानित बलदेव प्रसाद वर्मा मुख्य मंडल प्रभारी बसपा, कमलकांत त्रिवेदी जिला कोषाध्यक्ष, बलवंत खंगार, रामशरण वर्मा, राम प्रजापति, पूर्व निर्वाचन विभाग में रहे

क्षेत्राधिकारी अखिलेश राजन के यू०पी०-112 मुख्यालय स्थानांतरण होने पर एसपी द्वारा शुभकामनाओं सहित दी गई विदाई

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



सोमवार दिनांक 23 नवंबर 2026 को क्षेत्राधिकारी अतर्रा अखिलेश राजन के यू०पी०-112 मुख्यालय उ०प्र० लखनऊ स्थानान्तरण होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। गौरतलब हो कि क्षेत्राधिकारी अखिलेश राजन वर्तमान में क्षेत्राधिकारी कार्यालय के रूप में कार्यरत थे। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए नवीन पोस्टिंग की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, सभी क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी आदि उपस्थित रहे।

पंचमढ़ी मंदिर में तीन दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन, रामभक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



शहर के रामबाग चौराहा स्थित श्री पंचमढ़ी मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा का सोमवार को विधिवत समापन हो गया। कथावाचक देवी अनीता त्रिपाठी (अमृता) के श्रीमुख से श्रद्धालुओं ने तीन दिनों तक श्रीराम कथा का रसपान किया। कथा के दौरान क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से पहुंची बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान श्रीराम की महिमा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन श्री पंचमढ़ी हनुमान जी महाराज के अध्यक्षत्व एवं संयोजक श्रीराम निषाद एडवोकेट के नेतृत्व में किया गया। तीन दिवसीय कथा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। आयोजन समिति के अनुसार मंगलवार 24 नवंबर 2026 को मंदिर परिसर में प्रातः 10 बजे हवन- पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे भव्य दिवारी, दोपहर 2 बजे राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी तथा शाम 6 बजे जवाबी कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी।

बांदा के प्रज्ञा नगर मोहल्ले में डूडा की स्वीकृत सड़क निर्माण दबंगों ने रुकवाया, लोगो ने पुनः कार्य प्रारंभ को लेकर की मांग

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



मुक्तिधाम रोड प्रज्ञा नगर मोहल्ले में डूडा द्वारा स्वीकृत आरसीसी सड़क निर्माण कार्य को दबंग व्यक्तियों द्वारा ठेकेदार को धमकाकर रुकवा दिए जाने से मोहल्लेवासियों में आक्रोश है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी व सदर विधायक को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य पुनः शुरू कराने की मांग की है। मोहल्लेवासियों के अनुसार लंबे प्रयासों के बाद डूडा से सड़क निर्माण का आदेश हुआ था। 21 नवंबर शनिवार को ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू किया, लेकिन कुछ लोगों ने धमकी देकर काम बंद करा दिया। आरोप है कि बाबू निषाद, तुलसी, हरप्रसाद, होरीलाल, मूलचंद्र निषाद व अन्य लोगों ने काम रुकवाया। शिकायत में कहा गया है कि मोहल्लेवासियों ने इन्हीं लोगों से जमीन खरीदकर मकान बनवाया है, जिसमें यही रास्ता बताकर बेचा गया था। 10 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पक्का रास्ता नहीं बन सका है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि घरों के सामने बनी सीढ़ियों को तोड़ दिया गया और पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई, जिससे रास्ते में जलभराव व कीचड़ हो गया है। उसी रास्ते से दो प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों का आना- जाना होता है, जो बाधित हो रहा है। करीब 60 परिवार पीने के पानी के लिए परेशान हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर निर्माण कार्य पुनः शुरू कराने की मांग की है। इस मौके पर कुलदीप, संजय खेर, युवराज, सुनील, हिम्मत सिंह, सीमा देवी, गीता देवी, कुसमा, सुनील, सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

स्कॉलरशिप परीक्षा में अग्रिमा शिवहरे ने मारी बाजी, मेधावियों को मिले नकद पुरस्कार व गोल्ड मेडल

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बांदा नगर में आयोजित दो चरणों वाली 'जी.डी. मेमोरियल स्कॉलरशिप' परीक्षा के उपरांत भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 15 नवंबर तथा 22 नवंबर को दो चरणों में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अग्रिमा शिवहरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप 5,100 रुपये नकद प्रदान किए गए। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से विराट सिंह तोमर तथा सूर्यांश दुबे रहे, जिन्हें 2,100 रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। वहीं, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अक्षत शुक्ला को 1,100 रुपये का नकद इनाम दिया गया। इसके अतिरिक्त, 100 से अधिक मेधावी बच्चों को प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) एवं सभी प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की भी घोषणा की गई। यह निःशुल्क कक्षाएं किड्ज़ी (डर्रिी) इंदिरा नगर में 3:00 बजे से तथा डी.एम. कॉलोनी में शाम 6:00 बजे से संचालित की जाएंगी। समारोह के अंत में कार्यक्रम संयोजक शालिनी गुप्ता तथा प्रबंधक सौरभ चन्द्र गुप्ता ने सभी सफल एवं प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बाँदा में मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा, आयुक्त ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मंडल स्तरीय विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत पात्र छात्राओं की सूची तैयार कर वितरण की सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने तथा कोई भी पात्र छात्रा वंचित न रहने देने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और खाद वितरण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। आयुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक गांव तक पेयजल पहुंचाने तथा क्षतिग्रस्त पाइपलाइन और सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा। इसके अलावा स्वास्थ्य, पेंशन, पशुपालन, गौशाला, पंचायत भवन, आईसीडीएस एवं श्रम विभाग की योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनगणना-2027 के स्वगणना कार्य और नए मतदाताओं के पंजीकरण पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी बाँदा अमित आसेरी, जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग सहित मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन बांदा व सभी थानों में मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस, पुलिस झण्डा फहराकर दी गई सलामी

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



सोमवार को उ०प्र० पुलिस द्वारा पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद बांदा में पुलिस लाइन में क्वार्टर गार्ड पर पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा पुलिस झण्डा फहराकर सलामी दी गई। ध्वजारोहण के उपरान्त पुलिसकर्मियों को पुलिस महानिदेशक उ०प्र० का संदेश पढ़कर सुनाया गया। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा बताया गया कि- ह्लउ०प्र० पुलिस के लिए यह ऐतिहासिक महत्व का दिन है। शक्ति, निष्ठा, अनुशासन एवं सेवा की भावना को दर्शाने वाला लाल एवं नीले रंग का पुलिस ध्वज हमारे आत्मसम्मान एवं कर्तव्यपरायणता का प्रेरणास्रोत है। ध्वज के प्रति सम्मान हमें अपने दायित्वों के प्रति और अधिक समर्पित करता है और नई ऊर्जा का संचार करता है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव व अधि०/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। साथ ही सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थानों पर झण्डे को सलामी दी गई व पुलिस महानिदेशक उ०प्र० का संदेश पढ़कर सुनाया गया।

क्यों मनाया जाता है पुलिस झण्डा दिवसः

रंग (कलर) और झण्डा किसी संस्थान की पहचान को व्यक्त करने के साथ-साथ उनके गौरवमयी इतिहास के बारे में भी जानकारी देता है। उ०प्र० पुलिस को देश के सबसे बड़े पुलिस बल होने का गौरव प्राप्त है। 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरु द्वारा पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है जो कि पूरे उ०प्र० पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है। इसी परिप्रेक्ष्य में उ०प्र० पुलिस अपने गौरवमयी इतिहास को याद करने के साथ-साथ संवेदनशीलता व शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने जिससे नये आयाम स्थापित हो सकेंगे को आधार बनाते हुए प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को पुलिस झण्डा दिवस के रुप में मनाती है।

पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया पुलिस झण्डा दिवस, एसएसपी ने किया ध्वजारोहण

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। जनपद में सोमवार को पुलिस झण्डा दिवस सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन एटा में आयोजित मुख्य समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी. ने पुलिस ध्वज का विधिवत ध्वजारोहण किया तथा ध्वज को सलामी देकर पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया।समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) सच्चिदानंद, क्षेत्राधिकारी यातायात अरुण कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर संकल्पदीप कुशवाह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय ने पुलिस कार्यालय में क्षेत्राधिकारी कार्यालय के अधिकारी सुनील एहलावत एवं समस्त पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर पुलिस झण्डा दिवस मनाया। इस दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों को पुलिस ध्वज के प्रति सम्मान बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं सेवाभाव से करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने पुलिस ध्वज को सलामी दी।साथ ही पुलिसकर्मियों को पुलिस झण्डा दिवस के इतिहास, इसकी स्थापना, ध्वज की गरिमा तथा पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस ध्वज की पृष्ठभूमि एवं उसके महत्व को पढ़कर सुनाया गया, जिससे पुलिसकर्मियों में संगठन के प्रति गौरव एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना और प्रबल हुई।जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों में भी विधिवत ध्वजारोहण कर पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को पुलिस ध्वज के प्रति गौरव एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना और प्रबल हुई।जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों में भी विधिवत ध्वजारोहण कर पुलिस झण्डा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को पुलिस ध्वज के प्रति सम्मान बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं सेवाभाव से करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने पुलिस ध्वज को सलामी दी।साथ ही पुलिसकर्मियों को पुलिस झण्डा दिवस के इतिहास, इसकी स्थापना, ध्वज की गरिमा तथा पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस ध्वज की पृष्ठभूमि एवं उसके महत्व को पढ़कर सुनाया गया, जिससे पुलिसकर्मियों में संगठन

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में बीडीओ ने दिए लंबित कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। विकासखंड कार्यालय में सोमवार को खंड विकास अधिकारी डॉ. शिव शंकर शर्मा की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में सर्वप्रथम आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। खंड विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही गौशालाओं में पशुओं के रखरखाव, चारा-पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं, सामुदायिक शौचालयों क ी क्रियाशीलता तथा पंचायत भवनों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। गांवों में आरसी सेंटर के संचालन और पंचायत सहायकों की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा हुई।बैठक में केयरटेकर के मानदेय से संबंधित प्रकरणों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। आवास योजनाओं के अंतर्गत मस्टर रोल के निगमन, प्रधानमंत्री आवास से संबंधित पत्रावलियों को पूर्ण करने तथा अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं से संबंधित अभिलेखीय कार्यों में अनावश्यक विलंब न किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय से मिल सके।परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के लिए पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। खंड विकास अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए तथा जहां भी कोई कमी मिले, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए।बैठक के अंत में विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर अनुज कुमार एडीओ एसके, राकेश कुमार एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव अमित तोमर, विवेक कुमार, ललित कुमार सहित अन्य सचिव, योगेंद्र प्रताप सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, स्थापना लिपिक विकास यादव तथा विकासखंड के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर मध्य रेलवे का पहला समर्पित जनसंपर्क एवं मीडिया सेल झांसी मंडल में शुरू

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी उत्तर मध्य रेलवे में जनसंपर्क व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए झांसी मंडल में उत्तर मध्य रेलवे का पहला समर्पित जनसंपर्क एवं मीडिया सेल शुरू किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ पत्रकार श्री मोहन 'नेपाली' ने फीता काटकर नवनिर्मित मीडिया सेल का उद्घाटन किया। यह पहल रेलवे और मीडिया के बीच बेहतर संवाद, समन्वय एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान को नई दिशा प्रदान करेगी। इस समर्पित सेल में मीडिया प्रतिनिधियों के बैठने, रेलवे अधिकारियों के साथ संवाद करने तथा रेलवे से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त करने के लिए सुविधाजनक व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से मीडिया प्रतिनिधियों को मंडल की विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं, नई तकनीकों, परिचालन उपलब्धियों एवं जनहितकारी गतिविधियों की प्रामाणिक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। जनसंपर्क एवं मीडिया सेल पारंपरिक जनसंपर्क गतिविधियों के साथ डिजिटल प्रचार-प्रसार के केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। इसके माध्यम से झांसी मंडल के रेलवे स्टेशनों, यात्री सुविधाओं, विकास कार्यों, माल परिवहन गतिविधियों एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर वीडियो, रील्स, फोटो स्टोरी तथा अन्य डिजिटल सामग्री तैयार की जाएगी। साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रेलवे की गतिविधियों का प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं मीडिया कवरेज की नियमित निगरानी भी की जाएगी।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने रेलवे और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय एवं सकारात्मक संवाद की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया रेलवे की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं जनहितकारी पहलों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार की समर्पित व्यवस्था से संवाद प्रक्रिया को अधिक सहज, प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जा सकेगा। वरिष्ठ पत्रकार मोहन 'नेपाली' ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे में अपनी तरह की इस पहली पहल के लिए झांसी मंडल बधाई का पात्र है। जनसंपर्क एवं मीडिया सेल की स्थापना रेलवे और मीडिया के बीच संवाद को अधिक सहज, प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। इससे पत्रकारों को रेलवे की गतिविधियों, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मीडिया और रेलवे के बीच बेहतर समन्वय से रेलवे की सकारात्मक पहल एवं जनहितकारी कार्यों को आमजन तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक संपन्न, विधायक राजीव सिंह पारीछा ने की सहभागिता

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। सर्किट हाउस, झाँसी में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बबीना विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव सिंह पारीछा ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। बैठक से पूर्व विधायक राजीव सिंह पारीछा ने प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजनाओं, संगठनात्मक मजबूती तथा बबीना विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को संगठन एवं क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि प्रभारी मंत्री जी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहता है और इससे क्षेत्र के विकास कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी।

गोला गोकर्णनाथ में बड़ा हादसा टला, मौरंग भरे ट्राले ने कार को घसीटा, कार के दोनों गेट क्षतिग्रस्त



मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र

गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ के विकास चौराहे पर आज सुबह करीब 9 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार, मौरंग से भरे एक ट्राले ने कार को अपनी चपेट में लेकर कुछ दूर तक घसीट लिया। हादसे में कार के दोनों गेट क्षतिग्रस्त हो गए। कार स्वामी ने किसी तरह अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुगर फैक्ट्री का संचालन शुरू होते ही इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। वहीं सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि विकास चौराहे पर सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटवाया जाए तथा भारी वाहनों के आवागमन को व्यवस्थित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व पर 12वें दिन भी जारी रही प्रभातफेरी, विजय शुक्ला रिंकू के आवास पहुंची संगत

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र



गोला गोकर्णनाथ। श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर में 11 नवंबर से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। इसी क्रम में 22 नवंबर को बारहवें दिन प्रभातफेरी नगर पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के गौशाला स्थित आवास पर पहुंची। इस अवसर पर विजय शुक्ला रिंकू के आवास पर पहुंची संगत का श्रद्धा और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। संगत ने गुरु महाराज के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। प्रभातफेरी में शामिल श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। इस दौरान गुरदीप सिंह, करनैल सिंह, सुखविंदर सिंह टोनी, रोमी कक्कड़, मनदीप सिंह सन्नी, जसपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, दीवान सिंह, नरेंद्र सिंह, जयदीप सिंह, नवनीत कौर, जसवीर कौर, दमन कौर, महक कौर, रूबी भाटिया, अमनदीप कौर सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) खीरी द्वारा पुलिस लाइन में किया गया ध्वजारोहण, पुलिसकर्मियों को दिलाया गया कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन का संदेश

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी में आज दिनांक 23 नवंबर 2026 को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर श्री अमित कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) जनपद खीरी द्वारा पुलिस लाइन खीरी में पुलिस ध्वज फहराकर ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण को संबोधित करते हुए पुलिस झण्डा दिवस के महत्व, पुलिस विभाग की गौरवशाली परंपराओं, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के संदेश को उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण को पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग की गरिमामयी पहचान एवं गौरवशाली इतिहास को सदैव अक्षुण्ण बनाए रखने तथा पुलिस ध्वज की प्रतिष्ठा, सम्मान एवं गरिमा को बनाए रखने हेतु पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) द्वारा कहा गया कि पुलिस ध्वज पुलिस बल के गौरव, शौर्य, साहस, कर्तव्यपरायणता एवं जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रत्येक पुलिसकर्मी का दायित्व है कि वह अपने आचरण एवं कार्यशैली से पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सदैव तत्पर रहे तथा आमजन की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं न्यायपूर्ण पुलिसिंग के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे

"बुंदेलखंड केसरी एवं जिला केसरी दंगल का भव्य शुभारंभ, पहले दिन पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले"

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी जिला कुश्ती संघ, झाँसी के तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित बुंदेलखंड केसरी दंगल एवं जिला केसरी दंगल का 23 नवम्बर को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनमोहन गेड़ा के करकमलों से भगवान हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन पवन गौतम जिला पंचायत अध्यक्ष, मनमोहन गेड़ा एवं रोहित पाण्डेय समाज सेवी एवं डॉ अशोक राय के कर कमलों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों के साथ ही झाँसी के स्थानीय पहलवानों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रातः 10 बजे से सभी प्रतिभागी पहलवानों का आयु एवं वजन वर्ग के अनुसार पंजीकरण, वजन परीक्षण एवं वर्ग निर्धारण किया गया, जिसके उपरांत अपराह्न 3 बजे से दंगल के मुकाबले प्रारंभ हुए। प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए गए। इनमें बुंदेलखंड केसरी वर्ग झ 80 प्लस किलोग्राम, बुंदेलखंड कुमार वर्ग झ 70 से 80 किलोग्राम, जिला केसरी वर्ग झ 60 से 70 किलोग्राम, जिला कुमार वर्ग झ 50 से 60 किलोग्राम तथा वीर अभिमन्यु वर्ग झ 45 से 50 एवं जिला बाल वीर केसरी 11 से 15 किलोग्राम वर्ग के पहलवानों ने अपनी प्रतिभा और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। प्रत्येक वर्ग में मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। पहलवानों ने पूरे दमखम, तकनीक और खेल भावना के साथ एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। कई मुकाबलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली तथा निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार अंकों के आधार पर हार-जीत का निर्णय किया गया। इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ के मुख्य अतिथि पवन गोतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुंदेलखंड की धरती पर कुश्ती की समृद्ध और गौरवशाली परंपरा रही है। इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने और नई पीढ़ी के पहलवानों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जिला कुश्ती संघ निरंतर प्रयासरत है। संघ का प्रयास है कि स्थानीय और ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को भी एक ऐसा प्रतिष्ठित मंच मिले, जहाँ वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें और बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने कहा कि संघ प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले पहलवानों को अवसर, प्रोत्साहन और अपनी प्रतिभा निखारने का मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों, सहयोगियों एवं खेलप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के संचालन में निर्णायक, रेफरी एवं खलीफाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर रेफरी एवं खलीफा के रूप में सहित अन्य कुश्ती विशेषज्ञ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख पहलवानों में आदि शामिल रहे।

घुटनों के दर्द से परेशान बुजुर्गों के लिए रोबोटिक सर्जरी बनी नई उम्मीद, फिर चलना-फिरना होगा आसान

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी : बढ़ती उम्र के साथ घुटनों में दर्द, अकड़न और सूजन की समस्या आम हो जाती है। कई बार यह परेशानी इतनी बढ़ जाती है कि सीढ़ियां चढ़ना, टहलना, बागवानी करना या घर के छोटे-मोटे काम करना भी मुश्किल हो जाता है। इसका एक बड़ा कारण घुटनों के जोड़ों का घिसना यानी ऑस्टियोआर्थराइटिस हो सकता है। समय पर जांच और इलाज से इस समस्या को बढ़ने से रोकने में मदद मिल सकती है। घुटनों में लगातार दर्द, चलने में परेशानी, सूजन, जोड़ों को मोड़ने में दिक्कत या आराम करते समय भी दर्द होना ऐसे लक्षण हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में हड्डियों के विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑथोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ. अखिलेश यादव ने बताया कि घुटनों को स्वस्थ रखने के लिए वजन नियंत्रित रखना, नियमित हल्की एक्सरसाइज करना, पैदल चलना या तैरना और संतुलित भोजन लेना जरूरी है। इससे जोड़ों पर पड़ने वाला दबाव कम करने में मदद मिलती है। डॉ. यादव के अनुसार, जब घुटने की समस्या गंभीर हो जाती है और दवाइयों या अन्य इलाज से आराम नहीं मिलता, तब घुटना बदलने की सर्जरी की सलाह दी जा सकती है। आज रोबोटिक तकनीक की मदद से यह सर्जरी अधिक सटीक तरीके से की जा सकती है। इसमें रोबोटिक सिस्टम मरीज के घुटने की बनावट का नक्शा तैयार करने में मदद करता है, जिससे डॉक्टर को सही जगह पर कृत्रिम जोड़ लगाने में सहायता मिलती है।

बाबूसिंह यादव, भानू सहाय एवं प्रदीप झा बैठे भूख हड़ताल पर खुले आसमान के नीचे

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के तत्वावधान में गाँधी उद्यान में किये जाने वाले आमरण अनशन एवं सत्याग्रह को रोके जाने के लिए गत रात्रि 11 बजे मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय को सोते से उठवाकर लगभग 11बजे पुलिस ने निवास पर आकर अनशन की अनुमति निरस्त किये जाने का पत्र रिसीव करवाया। पूर्व घोषित अनशन एवं सत्याग्रह के कार्यक्रम के अनुसार नेतृत्वकर्ता बाबू सिंह यादव, मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय, अधिवक्ता प्रदीप झा, ने बिना टेंट लगाए खुले आसमान के नीचे गद्दे बिछाकर आमरण अनशन प्रारम्भ किया। रात भी खुले आसमान के नीचे बिताने को वध्य। आमरण अनशन स्थल पर बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के योद्धा, अधिवक्ताओं, प्रदीप जैन आदित्य, राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा सहित अनेकों कांग्रेसी व अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह कर समर्थन किया इस दौरान पुलिस की आमद लगातार बनी रही। अनशन एवं सत्याग्रह की प्रमुख मांगे निम्नवत है। बुंदेलखंड राज्य निर्माण शीघ्र बनाया जाये बुंदेलखंड विश्वविद्यालया को SFS की जगह 100 प्रतिशत सरकारी अनुदान मिले। बुंदेलखंड के सभी मेडिकल कॉलेजो एवं जिला अस्पतालों में 60 प्रतिशत खाली सभी वर्गों के पद समयबद्ध भरे जाये। एम.एल.बी. मेडिकल कॉलेज में AIIMS का प्रस्ताव केंद्र सरकार स्वीकृत किया जाये। सरकारी अधिकारियो के संरक्षण में चल रहें अवैध नर्सिंग के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये आदि मांगो को उठाना अगर गुनाह है तो ये गुनाह बार बार किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा की कुछ बुंदेलियो का स्वार्थ, डर व चाटुकारिता के चलते डी. एन. ए बदल गया गया है अब वे संघर्ष करने से कतराने लगे है। सत्याग्रह पर अशोक सक्सेना एडवोकेट, राजेंद्र शर्मा एडवोकेट, रघुराज शर्मा, सी डी लिटौरिया, उत्कर्ष साहू, पंकज रावत, रामजी पारीछा, महेंद्र श्रीवास्तव, बृजेश राय, प्रदीप गुर्जर, गोलू ठाकुर, अभिषेक तिवारी, नरेंद्र कुशवाहा, अरूण रायकवार, विजय रायकवार, शंकर रायकवार, विनोद श्रीवास्तव, प्रभूदयाल कुशवाहा, अनिल कश्यप, राघवेन्द्र पटेल, दीपक यादव, सुरेश प्रजापति, संजय कुशवाहा,सोनू सोनी, मुकेश अग्रवाल, इम्तियाज हुसैन, प्रफुल्ल तिवारी, अफजाल हुसैन, अजय जैन, रामकुमार खरे एडवोकेट, राकेश त्रिपाठी,प्रागीलाल राजन, बृजेन्द्र यादव, चन्द्र भान आदिम, महेश रिछारिया, आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कृष्ण गंज में चोरों ने घर का ताला तोड़कर की लाखों की चोरी ऊपर कमरे में सो रहा था मजदूर, नीचे से सोने-चांदी के जेवर और 30 हजार नकद उड़ा ले गए चोर



राष्ट्रीय सहारा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़

पिलखुवा, हापुड़, थाना पिलखुवा क्षेत्र के कृष्ण गंज मोहल्ले में चोरों ने बीती रात एक मजदूर के घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ऊपर के कमरे में सोया हुआ था, इसी दौरान नीचे के कमरे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया।पीड़ित विजय कुमार पुत्र भीम सिंह निवासी कृष्ण गंज, पिलखुवा मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार में पत्नी उर्मिल और दो बच्चे रुद्र (15) व तनिष्क (10) वर्ष हैं।बताया जा रहा है कि घटना के समय पत्नी उर्मिल पंजाब में एक रिश्तेदारी में हुई मौत पर गई हुई थीं। घर पर विजय कुमार अपने बच्चों के साथ ऊपर के कमरे में सो रहे थे। देर रात चोरों ने नीचे के कमरे का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए।चोर कमरे से सोने का मंगलसूत्र, सोने की 2 अंगूठी, गले की सोने की हंसली, चांदी की पाजेब, कानों के कुंडल और 30 हजार रुपये नकद चोरी करके फरार हो गए।सुबह जब विजय कुमार नीचे आए तो ताला टूटा हुआ देखा और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। तब उन्हें चोरी की घटना की जानकारी मिली। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस चोरी की वारदात की जांच में जुटी है।

ग्राम पंचायत करडवाला को मिले नए सरपंच व उप सरपंच

सुनहरा संसार संवाददाता विजय पाल, सादुलशहर



सादुलशहर। ग्राम पंचायत करडवाला में नवनियुक्त सरपंच शर्मिला देवी और उप सरपंच हरप्रीत कौर ने पदभार संभाल लिया है। इस मौके पर गांव में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामवासी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सैमी गौड़, वार्ड पंच कालू राम, अनीता, जगसीर सिंह, बंटी सिंह, मदन लाल और कर्मजीत कौर मौजूद रहे। इनके साथ ही दारा सिंह, दर्शन सिंह, देवाराम, बाबा गोरा सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विवेक कथुरिया, इंद्राज कड़वा और सुशील कुमार सुथार सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। उपस्थित सभी लोगों ने नवनियुक्त सरपंच शर्मिला देवी और उप सरपंच हरप्रीत कौर को आशीर्वाद दिया और नए कार्यभार में अपना पूरा योगदान देने का भरोसा दिलाया। ग्रामवासियों ने दोनों को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई पंचायत गांव के विकास, मूलभूत सुविधाओं और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देगी। इस अवसर पर सरपंच और उप सरपंच ने भी गांव के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने तथा पारदर्शिता के साथ विकास कार्य करवाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

एएमआर के विरुद्ध पोषण, आयुर्वेद और वन हेल्थ की संयुक्त पहल पर राष्ट्रीय मंथन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) जैसी गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती के विरुद्ध पोषण, आयुर्वेद, प्रतिरक्षा संवर्धन और वन हेल्थ की समन्वित रणनीति पर आयोजित राष्ट्रीय संवाद की सराहना करते हुए इसके सफल आयोजन पर शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य को एक-दूसरे से जोड़कर देखने तथा सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही एएमआर जैसी चुनौती का प्रभावी समाधान संभव है। न्यूट्री आयुर इनोवेटिव रिसर्च फाउंडेशन (एनआईआरएफ) द्वारा एएमआर जागरूकता सप्ताह के अवसर पर 21 नवंबर 2026 को तृतीय राष्ट्रीय आभासी संवाद का आयोजन किया गया। ह्यून्यूट्री-आयुर्वेद, प्रतिरक्षा एवं वन हेल्थ : एएमआर नियंत्रण में नई संभावनाएँ विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय संवाद की मुख्य संकल्पना वन हेल्थ, वन एक्शन : प्रिवेंट एएमआर नाउ रही। कार्यक्रम के लिए 250 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, चिकित्सक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से इसमें सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईआरएफ के अध्यक्ष/रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक शिक्षा प्रो. अनिल कुमार के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि रोगाणुरोधी दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध आज मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पशुधन और पर्यावरण के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। एनआईआरएफ के महासचिव प्रो. शिव कुमार ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय संवाद में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली के उप महानिदेशक (कृषि शिक्षा) डॉ. यशपाल सिंह मलिक तथा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने एएमआर की रोकथाम में कृषि शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और आयुर्वेद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात आयोजित विशेषज्ञ परिचर्चा में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), नई दिल्ली के वैज्ञानिक-जी डॉ. डीएस चौहान, शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (स्कास्ट), कश्मीर के नवाचार एवं उद्यमिता निदेशक प्रो. सैयद मुदासिर अंद्राबी, एम्स भोपाल के अतिरिक्त प्रोफेसर एवं मध्य प्रदेश राज्य एएमआर कार्ययोजना के नोडल अधिकारी डॉ. सागर खडंगा, एम्स ऋषिकेश के जैव रसायन विभाग की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. सरमा साहा तथा आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. समीर श्रीवास्तव ने अपने विचार साझा किए। परिचर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने एएमआर की वर्तमान स्थिति, मानव-पशु-पर्यावरण के परस्पर संबंध, पशुपालन एवं खाद्य श्रृंखला में एंटीबायोटिक दवाओं के अनुचित उपयोग तथा इनके बढ़ते दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ बनाने में संतुलित पोषण, आयुर्वेद आधारित उपायों और वैज्ञानिक अनुसंधान की भूमिका पर भी विशेष बल दिया गया।

विशेषज्ञों ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग, जनजागरूकता, बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और खाद्य सुरक्षा के उपाय एएमआर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

करड़वाला में नवनियुक्त सरपंच के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित

सुनहरा संसार संवाददाता विजय पाल, सादुलशहर



सादुलशहर। ग्राम पंचायत करड़वाला की नवनियुक्त सरपंच शर्मिला देवी के सम्मान में स्वागत समारोह के लिए एक सभा का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के कई प्रमुख लोगों और ग्रामवासियों ने भाग लिया और माहौल उत्साह से भरा रहा। सभा में कांग्रेस नेता बब्बनदीप ढिल्लों, करनी सिंह , हैरी सिंह ढिल्लों, मनजीत कौर ढिल्लों और सुखविंदर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वार्ड पंच बंटी सिंह भी इस मौके पर उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त सरपंच का जोर-शोर से स्वागत किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि नई सरपंच के नेतृत्व में पंचायत गांव के विकास, मूलभूत सुविधाओं और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देगी। वक्ताओं ने कहा कि गांव के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने से ही सही मायनों में विकास संभव है। स्वागत से अभिभूत सरपंच शर्मिला देवी ने सभी का आभार जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे ग्रामवासियों के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगी और पारदर्शिता के साथ गांव में विकास कार्य करवाएंगी।

थाना मैलानी पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी/अभियुक्त गिरफ्तार



सुनहरा संसार सिकंदर आजम

लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग के आदेश एंव श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन मे जनपद स्तर पर वांछित/वारंटी व अभ्यस्त अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक मैलानी के नेतृत्व में मैलानी पुलिस द्वारा दिनांक 23.11.2026 को 01 नफर NBW वारन्टी/अभियुक्त अमरजीत उर्फ पाले पुत्र हरी सिंह निवासी सासिया कालोनी थाना मैलानी जनपद खीरी सम्बन्धित वारण्ट अ0सं0-505/21 धारा 60(2) आब अधि0 न्यायालय श्रीमान ए0सी0जे0एम0-05 लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के क्रम में मा0 न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी। नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त अमरजीत उर्फ पाले पुत्र हरी सिंह निवासी सासिया कालोनी थाना मैलानी जनपद खीरी उम्र करीब 30 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 योगेन्द्र सिंह थाना मैलानी जनपद खीरी
2.का0 दीपक चन्द्रा थाना मैलानी जनपद खीरी
3.का0 आदर्श चौरसिया थाना मैलानी जनपद खीरी

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लगाए उत्पाद स्टॉल, उद्यमिता की राह पर बढ़े कदम



हरिओम श्रीवास्तव सुनहरा संसार

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए कौन बनेगा बिजनेस लीडर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन लक्ष्य फाउंडेशन, रेनेइफी और डेवलपमेंट अल्टरनेटिव के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना, नए उद्यम शुरू करने में सहयोग देना और स्वरोजगार के माध्यम से स्थानीय स्तर पर इंटरप्राइजेज स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने-अपने स्टॉल लगाए, जिनमें उनके द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। महिलाओं ने अतिथियों और प्रतिभागियों को अपने उत्पादों की विशेषताओं व निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने और उन्हें बड़े बाजार से जोड़ने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी, लक्ष्य फाउंडेशन के निदेशक प्रवीण कुमार दुबे, विकासखंड गोला के ब्लॉक मिशन मैनेजर आशीष दीक्षित, सर्वेश दीक्षित, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव के उमेश, लक्ष्य के जिला समन्वयक योगेंद्र सक्सेना तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ममता सक्सेना व शशि सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं के उत्पादों और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन के अंत में कार्यक्रम के सफल संचालन पर सभी प्रतिभागियों ने विचार साझा किए।

भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चे को मिली नई राष्ट्रीय टीम, पश्चिमी यूपी के जमीनी नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



नई दिल्लीः भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा ने अपनी नई राष्ट्रीय कमेटी की घोषणा कर दी है। संगठन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित कई जनपदों के जमीनी नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि ये पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि किसानों के हक और समस्याओं के लिए संघर्ष की जिम्मेदारी है। फसल का उचित दाम, गन्ना भुगतान, बिजली बिल, आवारा पशुओं की समस्या और एमएसपी की गारंटी जैसे मुद्दों पर गांव-गांव जाकर जन-संपर्क और संघर्ष किया जाएगा।

नई राष्ट्रीय कमेटी में ये नाम

नीटू नैन बागपत वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अजीत सिंह राठी खाप चौधरी बागपत – राष्ट्रीय संरक्षक - अश्वनी ठाकुर मेरठ – राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - शीशपाल तोमर बिजनौर – राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - पंजाब सिंह सहारनपुर – राष्ट्रीय संरक्षक - परविंदर राणा मुजफ्फरनगर – राष्ट्रीय सलाहकार - सनी चौधरी मेरठ – राष्ट्रीय संगठन मंत्री

हाजी अब्बास सहारनपुर – राष्ट्रीय प्रवक्ता - चौधरी नरेश पाल मेरठ – राष्ट्रीय प्रवक्ता - आजाद सिंह गुर्जर – राष्ट्रीय महासचिव - डॉ. कमरू जमा फिरोजाबाद राष्ट्रीय सचिव - *चंदन त्यागी मुजफ्फरनगर राष्ट्रीय सचिव - अजब सिंह हरिद्वार – राष्ट्रीय सचिव

नई राष्ट्रीय कमेटी की घोषणा होते ही कार्यकताओं में जोश और खुशी का माहौल देखा गया। विभिन्न स्थानों पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और स्वागत देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

जल्द आएगी दूसरी सूची

संगठन सूत्रों के अनुसार, अलग-अलग जनपदों के पदाधिकारियों की दूसरी सूची भी बहुत जल्द जारी की जाएगी।

बबीना विधानसभा में विकास की नई इबारतः 795.56 लाख की लागत से बने 17 सामुदायिक भवन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



बबीना / झाँसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक विकास को नई गति मिलने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक श्री राजीव सिंह "पारीछा" के प्रस्ताव पर वर्ष 2022-26 के अन्तर्गत कुल 795.56 लाख रुपये की लागत से 17 सामुदायिक भवन बनवाये गए है। इन भवनों के बनने से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए एक स्थायी मंच मिलने लगा है। इससे लोगों में खुशी का माहौल है। बबीना ब्लॉक में 12, बड़ागाँव ब्लॉक में 4 और चिरगाँव ब्लॉक में 1 सामुदायिक भवन शामिल हैं। निर्माण कार्य विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से कराया गया है। इनमें फ्फर-श्ठ, इश्ठ (राज्यांश), त्वरित आर्थिक विकास योजना और यूपी प्रोजेक्ट्स कापोर्रेशन लि प्रमुख हैं। बबीना ब्लॉक में 12 निर्माण कार्य- बबीना ब्लॉक में सबसे अधिक कार्य प्रस्तावित हैं। इनमें ग्राम पंचायत बबीना रूरल में सामुदायिक भवन का निर्माण, बबीना रूरल में बड़ी माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत रसीना के मजरा रतनपुरा में माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत डगरिया कला में सामुदायिक भवन और ग्राम घिसौली के जौनपुर में माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण शामिल है। इसके अलावा बबीना ग्रामीण में सिक्ख समाज के लिए सामुदायिक भवन, बबीना ग्रामीण में नामदेव समाज के लिए सामुदायिक भवन, बबीना ग्रामीण में सामुदायिक भवन आराजी सं० 2541, ग्राम बघौरा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास सामुदायिक भवन और ग्राम पलींदा में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा हैं। ब्लॉक बबीना के ग्राम सुकुवां में अथाई के पास महारानी अवंती बाई लोधी सामुदायिक भवन और ग्राम खजराहा खुर्द में बाबू कल्याण सिंह जी सामुदायिक भवन का निर्माण यू०पी० प्रोजेक्ट्स कापोर्रेशन के माध्यम से कराया जा रहा है। बड़ागाँव ब्लॉक में ग्राम पंचायत छपरा के ग्राम सभा की भूमि पर, ग्राम आरी में ग्राम सभा की भूमि पर और ग्राम पंचायत जौरी बुजुर्ग में सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है। वहीं ग्राम जरबो में पंचायत भवन के पास सामुदायिक भवन बने रहा है। चिरगाँव ब्लॉक के चिरगाँव देहात में औपारा रोड़ पानी की टंकी के पास आराजी सं० 2873 में कुशवाहा समाज के लिए 164.59 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण प्रस्तावित है, जो इस सूची की सबसे बड़ी धनराशि वाले कार्यों में से एक है। इसी तरह ग्राम पलींदा में 175.81 लाख और ग्राम घिसौली में 131.97 लाख रुपये के कार्य भी शामिल हैं।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सामुदायिक भवनों के निर्माण से शादी-विवाह, बैठक, सामाजिक कार्यक्रम और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए एक सुलभ स्थान मिलेगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सार्वजनिक भवनों की कमी थी, वहां यह पहल बड़ी राहत लेकर आएगी। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का मानना है कि इन निर्माण कार्यों के पूरा होने से बबीना विधानसभा में सामुदायिक ढांचे को मजबूती मिलेगी और गांवों में सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा। "बबीना विधानसभा मेरा परिवार है। मेरा संकल्प है कि कोई भी गांव सामुदायिक भवन से वंचित न रहे। गांव में शादी हो, बैठक हो, या कोई सामाजिक कार्यक्रम, लोगों को जगह के लिए भटकना न पड़े। इसलिए 795.56 लाख रुपये की लागत से 17 सामुदायिक भवनों का प्रस्ताव तैयार कराया है। मेरा मानना है कि विकास सिर्फ सड़क और बिजली से नहीं, बल्कि सामाजिक ढांचे को मजबूत करने से होता है। ये भवन हर समाज, हर वर्ग के लिए होंगे। चाहे वो बबीना हो, बड़ागाँव हो या चिरगाँव, हर गांव में विकास की रोशनी पहुंचेगी। काम गुणवत्तापूर्ण और समय पर हो, इसके लिए मैं खुद निगरानी करूंगा।"

कामां में रामलीला का चतुर्थ दिवसः सीता स्वयंवर-धनुष यज्ञ के मंचन पर गूंजा पंडाल, लक्ष्मण-परशुराम संवाद बना आकर्षण का केंद्र

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



कामां - कामवन रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रही ऐतिहासिक रामलीला के चतुर्थ दिवस शनिवार रात सीता स्वयंवर - धनुष यज्ञ की लीला का भव्य और भावपूर्ण मंचन हुआ। जैसे ही मंच पर जनकपुर की शोभा का दृश्य सामने आया, पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। देर रात तक चले मंचन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और दर्शक मौजूद रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस अलौकिक लीला का भरपूर आनंद लिया। मंचन की शुरूआत जनकपुर की मनमोहक शोभा और पुष्प वाटिका के प्रसंग से हुई। पुष्प वाटिका में राम-लक्ष्मण के प्रवेश और सीता जी के गौरी पूजन के दृश्य ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद धनुष यज्ञ का मुख्य प्रसंग शुरू हुआ। मंच पर सजे विशाल धनुष और भव्य दरबार को देखकर ऐसा लग रहा था मानो सच में जनकपुर का राजदरबार सज गया हो। धनुष यज्ञ में जब देश-देश के राजा-महाराजा धनुष उठाने में असफल रहे, तो रावण और बाणासुर का संवाद शुरू हुआ। रावण बने मुकेश शर्मा और बाणासुर बने धीरज शर्मा के ओजपूर्ण और दमदार संवादों ने पंडाल में बैठे दर्शकों में रोमांच भर दिया। दोनों कलाकारों के अभिनय पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इसके बाद जब भगवान श्रीराम ने गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से धनुष उठाया, तो पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। धनुष भंग के दृश्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी के साथ लक्ष्मण-परशुराम संवाद शुरू हुआ, जो पूरी रात का सबसे बड़ा आकर्षण बना। लक्ष्मण बने युगम शर्मा और परशुराम बने गोकुलचंद शर्मा के बीच हुए तीखे और ओजपूर्ण संवाद ने दर्शकों को कुर्सियों से उठने पर मजबूर कर दिया। लक्ष्मण की चंचलता, वाकपटुता और परशुराम के क्रोध व तेज को दोनों कलाकारों ने इतनी जीवंतता से निभाया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। संवाद के दौरान बार-बार तालियां और जयकारे गूंजते रहे। राम बने ईशांत शर्मा के सौम्य, शांत और मर्यादित अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। लक्ष्मण बने युगम शर्मा, सीता बने कुणाल और पार्वती बनीं तिजिल शर्मा के अभिनय को भी खूब सराहना मिली। विश्वामित्र बने पवन शर्मा, जनक बने हजारी लाल, शतानंद बने बबलू प्रदीप और सुनयना बने निखिल खंडेलवाल ने अपने सशक्त अभिनय से श्रोताओं को बांधे रखा। चूरन विक्रेता बने जमुना प्रसाद शर्मा और दूल्हे राजा बने दिलीप अरोड़ा ने दर्शकों को खूब हंसाया। भाट बने गोविंद सैनी और विदूषक बने गिरधर शर्मा व तेजा सैनी की हास्य प्रस्तुति ने भी खूब वाहवाही लूटी। जनकपुर शोभा में कामां के विभिन्न व्यापारियों ने दुकानें लगाकर मंच को सजीव जनकपुर का रूप दे दिया, जिससे दर्शकों को ऐसा लगा जैसे वे सच में जनकपुर की गलियों में घूम रहे हों।

सेवादारों ने मनाया क्षमा याचना दिवस



सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्ण नाथ खीरी। संत निरंकारी मिशन में हर साल क्षमा याचना दिवस बड़े भाव से मनाया जाता है। इस दिन साध-संगत और सेवादल मिलकर सतगुरु के सामने जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा मांगते हैं।इसी क्रम में स्थानीय सत्संग भवन में क्षमा याचना दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता मुखी बहन प्रमिला खुराना ने की समस्त सेवादल भाई बहन बच्चों ने सत्संग के समक्ष क्षमा याचना की सेवादल रैली का संचालन क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह ने किया अध्यक्षता कर रही मुखी प्रमिला खुराना ने अपने संबोधन में कहा

क्षमा मांगना और क्षमा करना इंसान का महान गुण है। अगर हम सच्चे मन से क्षमा याचना करते हैं तो जीवन में नम्रता बनी रहती है और अभिमान नहीं आता। सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज हमको प्रेम से रहना सिखा रहे है हम सबको सदगुरू के बताए रास्ते पे चलना चाहिए ज्ञान को अपने जीवन में ढालना चाहिए

सेवादल की तरफ से क्षमा याचना गीत - "हम हैं भूलनहार तुम हो बक्शनहार..." गाकर सभी से क्षमा का दान मांगा गया ताकि नई ऊर्जा से सेवा निभा सकें,सत्संग का संचालन प्रेम रस्तोगी ने किया इस मौके पे सेवा दल संचालक लालजी प्रसाद शिक्षक रामनरेश सोनी तेजराम वर्मा राजू विश्वजीत सोनी अभय सिंह सहित सैकड़ों निरंकारी संत,समस्त सेवादल मौजूद रहा।

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंग से भावविभोर हुए श्रद्धालु



सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पौराणिक शिव मंदिर के निकट स्थित नीलकंठ मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास नरोत्तम शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा प्रसंग सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने पूतना, शकटासुर, तृणावर्त और अघासुर वध सहित माखन चोरी की लीलाओं का सजीव चित्रण किया। उन्होंने बताया कि प्रभु ने नलकूबर और मणिग्रीव का उद्धार करने के साथ ही ब्रह्मा जी का मोह भंग किया और कालिया नाग का मान मर्दन कर यमुना को विषमुक्त किया। चीर हरण लीला के माध्यम से मर्यादा का संदेश देते हुए उन्होंने इंद्र का अभिमान तोड़ने के लिए गोकुलवासियों से गोवर्धन पूजा कराने की सुंदर कथा सुनाई। कथा के मुख्य यजमान अमित गुप्ता एडवोकेट व सोनल गुप्ता एडवोकेट के साथ ही दैनिक यजमान रत्नेश पांडेय-नम्रता पांडेय, मनोज त्रिवेदी-शालिनी त्रिवेदी और अजय तिवारी-रजनी तिवारी ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन कर कथा श्रवण किया। इस अवसर पर कथा अध्यक्ष मुनेंद्र शुक्ला, संरक्षक श्रीराम बाजपेई, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई, अशोक कुमार अवस्थी, शिवकुमार बाजपेई पिंटू, कमल बाजपेई, राजेश बाजपेई, पंकज मिश्र, संतोष मिश्रा एडवोकेट, कृष्णा बाजपेई, दिनेश तिवारी, सर्वेश शुक्ला, रजनीश मिश्रा, वेदप्रकाश बाजपेई, गिरधारी लाल गुप्ता, सुनील कुमार बाजपेई, कृष्ण कुमार बाजपेई, दिनेश बाजपेई व अमित मिश्रा माधव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

बुन्देलखण्ड अब निरंतर रोजगार देने वाला क्षेत्र बन रहा हैं : प्रभारी मंत्री

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसीः आज उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, झाँसी के द्वारा बुन्देलखण्ड डिग्री कॉलेज, झाँसी परिसर में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसका भव्य शुभारम्भ प्रभारी मंत्री/पर्यटन एवं संस्कृति उ0प्र0 मंत्री श्री जयवीर सिंह जी द्वारा फीता काटकर किया गया। मा० प्रभारी मंत्री/पर्यटन एवं संस्कृति उ0प्र0 मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यह मेला झाँसी के नौजवानों के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म साबित होगा। निश्चित रूप से युवाओं को रोजी-रोजगार का माध्यम मिलेगा और अपने अनुभव, सीख और योग्यता के अनुरूप आगे भी उन्हें विभिन्न प्लेटफॉर्म मिलेंगे, जो उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाने का काम करेंगे। मा0 मंत्री जी ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के आसपास तमाम डिफेंस की यूनिट्स आ रही हैं, तमाम बड़ी-बड़ी कंपनियाँ बड़े रोजगार लेकर आने जा रही हैं। बुंदेलखंड अब रोजी-रोटी ढूंढने वाला क्षेत्र नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार देने वाला क्षेत्र बनने जा रहा है। मेले में 44 विभिन्न कंपनियों के रजिस्ट्रेशन स्टॉल लगाए गए, जिन पर अब तक साढ़े नौ हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है। मेले में विभिन्न कंपनियों के माध्यम से चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किये जा रहें है, जिससे स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर मिल रहे है, इसी का यह प्रयास है, जो हजारों की तादाद में यहाँ युवा रोजगार के लिए आए हैं और इन सबको विभिन्न कंपनियों के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का काम किया जा रहा है। निश्चित रूप से इससे पलायन भी रुकेगा और यहाँ के बेरोजगारों को अपने बुंदेलखंड में ही अवसर मिलेंगे। मेले में मुख्य अतिथि मा० प्रभारी मंत्री जी द्वारा चयनित हुये अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए गया तथा उनके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। रोजगार मेले में 3008 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग लिया जिसमें 1673 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से निःशुल्क चयन किया गया। इस अवसर पर एमएलसी रामतीर्थ सिंघल, जिलाध्यक्ष महानगर सुधीर सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, एडीएम प्रशासन अशोक कुमार गुप्ता, परियोजना निदेशक राजेश कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी वसीम अहमद सहित विभिन्न विभागों के सम्बन्धित अधिकारीगण एवं रोजगार प्राप्त करने हेतु आये बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ आसमां खान द्वारा किया गया।

ढखेरवा चौकी इंचार्ज की सख्ती से दलालों में मची खलबली, फरियादियों को सीधे चौकी पहुंचने का निर्देश

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान

लखीमपुर खीरी। थाना पढुआ क्षेत्र की पुलिस चौकी ढखेरवा में चौकी इंचार्ज ने दलालों और बिचौलियों के हस्तक्षेप पर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस की इस पहल के बाद क्षेत्र में चचाओं का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस के स्पष्ट निदेर्शों से उन लोगों में नाराजगी देखी जा रही है, जो फरियादियों और पुलिस के बीच बिचौलिये की भूमिका निभाते रहे हैं।चौकी इंचार्ज ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत होने पर पीड़ित और फरियादी सीधे पुलिस चौकी पहुंचें तथा अपनी बात स्वयं पुलिस के सामने रखें। उनकी शिकायत गंभीरता से सुनी जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए समस्या के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।चौकी इंचार्ज ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पुलिस तक अपनी शिकायत पहुंचाने के लिए किसी दलाल या बिचौलिये का सहारा लेने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस शिकायतकर्ता से सीधे बातचीत कर मामले की जानकारी लेगी और कानून के दायरे में आवश्यक कार्रवाई करेगी।पुलिस के इस रुख को आम नागरिकों को बिचौलियों के प्रभाव से मुक्त रखते हुए पुलिस तक सीधी पहुंच उपलब्ध कराने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। इससे फरियादियों को अपनी शिकायत रखने में सहूलियत मिलने और अनावश्यक हस्तक्षेप पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, दलालों और बिचौलियों के हस्तक्षेप पर सख्ती के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं भी हो रही हैं। अब देखने वाली बात होगी कि चौकी ढखेरवा की यह पहल जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी साबित होती है और आम फरियादियों को बिना किस?

डीग एवं बृजनगर के बूथों पर पुनर्मतदान में 74.64 प्रतिशत मतदान, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ चुनाव

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



डीग, 22 नवंबर- पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण डीग एवं बृजनगर पंचायत समिति के दो बूथों पर रविवार को शांतिपूर्वक पुनर्मतदान संपन्न हुआ। दोनों बूथों पर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कुल 1,581 मतदाताओं में से 1,180 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार दोनों बूथों पर कुल 74.64 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने बताया कि बृजनगर पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 12 के बूथ संख्या 62 पर 835 मतदाताओं में से 666 मतदाताओं ने मतदान किया, जहां 79.76 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं डीग पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 10 के बूथ संख्या 50 पर कुल 746 मतदाताओं में से 514 मतदाताओं ने वोट डाले। यहां 68.90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। दोनों बूथों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासन के अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। बृजनगर में मतदाताओं का उत्साह डीग की तुलना में अधिक देखने को मिला। यहां महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। वहीं डीग बूथ पर भी मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण ही इन दोनों बूथों पर पुनर्मतदान कराया गया था, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। मतदान के बाद ईवीएम को कड़ी सुरक्षा में सील कर स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है।

कामां: नशे में धुत्त कार चालक ने तीन दोपहिया वाहनों को रौंदा

हिमांशु मोदी ब्यूरो चीफ भरतपुर



कामां। कामां कस्बे में डीग गेट के पास रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नशे में धुत्त कार चालक ने तीन दोपहिया वाहनों को रौंद दिया। हादसे में एक मोटरसाइकिल व दो स्कूटी चकनाचूर हो गईं। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायल युवक को कामां अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कामां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नशे में धुत्त कार चालक को हिरासत में लेकर कार को जप्त कर लिया है। नशे में धुत्त कार चालक बृजनगर निवासी संजय जाटव बताया जा रहा है। मृतक कामां कस्बे के शास्त्री विहार कॉलोनी निवासी अक्षय चावला है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली: सर्वोदय विद्यालय ईस्ट पंजाबी बाग में 59वीं यूथ पार्लियामेंट का हुआ आयोजन



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी

नई दिल्ली – सर्वोदय विद्यालय, ईस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली में 59वीं यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय "यंग माइंडस - स्ट्रांगर डेमोक्रेसी " रखा गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांसदों की भूमिका निभाते हुए संसदीय कार्यवाही का जीवंत प्रदर्शन किया। छात्रों ने विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार रखे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझा। विद्यालय की एचओएस सुनीता कुमारी सहित शिक्षकों व अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, वाक कौशल और लोकतंत्र के प्रति समझ विकसित होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक व अतिथि उपस्थित रहे।

अछनेरा-आगरा मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, बुलेट सवार तीन दोस्त गंभीर घायल



सुनहरा संसार

अछनेरा/ अछनेरा-आगरा मार्ग पर रविवार रात करीब 9:30 बजे कचौरा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुलेट सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर मारने वाला बाइक चालक घटनास्थल से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार, बुलेट पर सवार तीन युवक अनमोल (20), आर्यन (19) और आलोक (21), निवासी केके नगर, आगरा जा रहे थे। इसी दौरान कचौरा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकला। राहगीरों ने घायलों की हालत देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तीनों को बेहतर इलाज के लिए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मामले में एसीपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फरार बाइक सवार की तलाश की जा रही है।तेज रफ्तार और लापरवाही बनी हादसे की वजह? कचौरा मोड़ पर हुए इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल तीनों घायल युवकों का उपचार जारी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

फतेहपुर सीकरी: बुलंद दरवाजा बैरियर पर वाहन निकालने को लेकर बवाल, होमगार्ड रूप सिंह ने थाने में दी तहरीर

सुनहरा संसार



फतेहपुर सीकरी (आगरा)। विश्व प्रसिद्ध स्मारक बुलंद दरवाजा और ऊपर पहाड़ स्थित बस्ती को जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगे बैरियर पर आए दिन होने वाले विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला 23 नवंबर का है, जहां सुबह करीब 10:00 बजे वाहन निकालने को लेकर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड रूप सिंह और स्थानीय निवासी के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद बढ़ने के बाद अब होमगार्ड रूप सिंह ने इस संबंध में सीकरी थाने में तहरीर दी है। वहीं, दूसरी ओर स्थानीय लोगों ने होमगार्डों के ड्यूटी समय को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।सुबह 10 बजे भड़का विवाद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पुत्र का रोका था वाहन मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10:00 बजे ग्राम ऊँदेरा निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पुत्र अपने कुछ दोस्तों के साथ दरगाह परिसर घूमने जा रहे थे। आरोप है कि बैरियर पर तैनात होमगार्ड रूप सिंह ने उनके वाहन को रोक दिया। स्थानीय निवासी होने का हवाला देने के बावजूद जब गाड़ी को आगे नहीं जाने दिया गया, तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने के बाद होमगार्ड रूप सिंह ने सीकरी थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। ड्यूटी समय से अधिक तैनात रहने के आरोप, सुबह 6 से शाम 7 बजे तक रोका-टोकी रहती है इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बैरियर पर तैनात होमगार्डों की कार्यप्रणाली और ड्यूटी के समय पर सवाल उठाए हैं। बस्ती के लोगों का आरोप है कि होमगार्ड निर्धारित ड्यूटी समय से अधिक समय तक बैरियर पर डटे रहते हैं। आरोप है कि होमगार्ड सुबह 6:00 बजे ही बैरियर पर पहुंच जाते हैं और शाम 7:00 बजे तक स्थानीय लोगों के वाहनों की बेवजह रोका-टोकी करते हैं ऊपर पहाड़ बस्ती और दरगाह परिसर जाने के लिए यही एकमात्र पुराना रास्ता है। यातायात नियंत्रण के लिए यहां एएसआई (अरक) कर्मी और होमगार्ड तैनात रहते हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि: जब बाहर से आने वाले रिश्तेदारों (विशेषकर बेटियों के रिश्ते के लिए आने वाले मेहमानों) के सामने स्थानीय लोगों का वाहन रोका जाता है और लाख कहने पर जाने नहीं दिया जाता हैं और अपमानित किया जाता है वाहन निकालने के लिए हर बार थाना प्रभारी से फोन पर बात कराने की शर्त रखी जाती है, जो हर आम नागरिक के लिए संभव नहीं है। जब बीमार महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और रोजमर्रा की राशन-सामग्री लाने वाले स्थानीय वाहनों को भी बेवजह परेशान किया जाता है।

70वां निशुल्क नेत्र जांच शिविर बुधवार 25 नवंबर को, कोट ऊपर स्थित आदिनाथ जैन मंदिर पर लगेगा शिविर

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामवन। कामवन में 25 नवंबर, बुधवार को कोट ऊपर स्थित आदिनाथ जैन मंदिर में 70वां निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सकल दिगंबर जैन समाज कामां के तत्वावधान में और वेणु आई इंस्टिट्यूट हॉस्पिटल शेख सराय, दिल्ली के सहयोग से लगाया जाएगा। शिविर संयोजक कपूर चन्द जैन ने बताया कि मासिक नेत्र जांच शिविर के अंतर्गत नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी और मौके पर ही निशुल्क दवाएं भी वितरित की जाएंगी। शिविर स्थल पर बुधवार सुबह 8 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। पहले आओ, पहले जांच कराओ की तर्ज पर रोगियों की जांच होगी। उन्होंने बताया कि विगत साढ़े पांच वर्षों से अनवरत रूप से माह के अंतिम बुधवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान अब तक हर शिविर में लगभग 50 से 55 रोगियों का लेंस प्रत्यारोपण निःशुल्क करवाया जाता है।

गोपेश्वर महादेव मंदिर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन, फूल बंगले की मनमोहक झांकी ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी

कामवन - कल्याण मोहल्ला स्थित प्राचीन गोपेश्वर महादेव मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रोशनी और दीपों से सजाया गया, वहीं भोलेनाथ का भव्य फूल बंगला सजाकर मनमोहक दर्शन कराए गए। मंदिर के व्यवस्थापक और पुजारी अशोक पुजारी के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तों ने मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित कर भोलेनाथ से देश में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। दीपों की जगमगाती रोशनी और फूलों से सजे भोलेनाथ के दिव्य स्वरूप ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। दीपोत्सव ने धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव और सनातन संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

कामवन में भक्ति का महासंगम: राम बारात से सीता-राम विवाह तक गूंजे जय श्रीराम के जयकारे,दुल्हन की तरह सजा बाजार, राममय हुई कामवन बस्ती

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन - ब्रज की पावन नगरी कामवन इन दिनों भक्ति, उत्साह और उल्लास के रंग में रंगी हुई है। रामलीला के मंचन से लेकर राम बारात और सीता-राम विवाह तक, हर आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूरा कस्बा जय श्रीराम के जयकारों, बैंड-बाजे, रोशनी और पुष्प वर्षा से भक्तिमय हो गया है। कामां कस्बे के मुख्य बाजार में राम बारात धूमधाम से निकली। फूल-मालाओं से सजे भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के स्वरूपों को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। स्वर्ण मुकुट और सुंदर परिधानों में सजे स्वरूपों की एक झलक पाने के लिए बाजार में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सजी-धजी छतरियों, रोशनी, बैंड-बाजे और घोड़े के साथ निकली बारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। पूरा बाजार जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। बारात को देखने के लिए लोग सड़कों के दोनों ओर, दुकानों के सामने और छतों पर खड़े नजर आए। बड़ी संख्या में नगरवासी और श्रद्धालु बारात में शामिल हुए। राम बारात के मुख्य बाजार पहुंचते ही जायँट्स ग्रुप ऑफ कामवन व अपना घर सेवा समिति कामवन द्वारा दूध से भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं और बारातियों को प्रेमपूर्वक दूध पिलाकर स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी सेवा भाव से राम बारात का स्वागत किया गया। इस मौके पर जायँट्स ग्रुप व अपना घर सेवा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। दूध वितरण के साथ-साथ प्रसाद वितरण भी किया गया। इस सेवा कार्य ने सभी का मन जीत लिया। इस बार का सबसे खास आकर्षण जायँट्स ग्रुप ऑफ कामवन द्वारा बरातियों का भव्य स्वागत, मिलनी और शानदार दावत का आयोजन रहा। बारात के मुख्य बाजार पहुंचने पर जायँट्स ग्रुप के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से बरातियों का स्वागत किया। इसके बाद परंपरागत रूप से मिलनी का कार्यक्रम हुआ, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। मिलनी के दौरान पूरा माहौल भावुक और आनंदमय हो गया। मिलनी के बाद बरातियों के लिए शानदार दावत का आयोजन किया गया। दावत में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, मिठाई, दूध और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। बरातियों ने जायँट्स ग्रुप की इस सेवा और आतिथ्य की खूब सराहना की। कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ बरातियों की सेवा में जुटे रहे। जायँट्स ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि राम बारात केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं,

बल्कि सामाजिक एकता और सेवा का प्रतीक है।

कामवन / डीग: श्री निम्बार्क अष्ट सखी पद यात्रा का कामवन में हुआ भव्य स्वागत, रामनगर कॉलोनी में हुआ बालभोग प्रसादी



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी

कामवन - कामवन में आज श्री निम्बार्क अष्ट सखी पद यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्री राधा कृष्ण ब्रजधाम मंदिर, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत ब्रज भूषण शरण महाराज फलाहारी बाबा के सानिध्य में यह यात्रा दिनांक 13/11/2026 से प्रारंभ हुई थी। यात्रा ने कल रात्रि को घेरे वाली चामड़ माता मंदिर पर रात्रि विश्राम किया। आज सुबह यात्रा कामवन पहुंची, जहां रामनगर कॉलोनी में देवीराम सैनी ने अपने निवास पर यात्रा का उनके परिवार व भक्तों द्वारा फूलमाला से जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं ने यात्रा में शामिल सभी यात्रियों का फूलमाला पहनाकर, आरती उतारकर सम्मान किया। इसके बाद देवीराम सैनी बरोलिया द्वारा सभी यात्रियों को बालभोग प्रसादी कराया गया। प्रसादी में सभी श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक भाग लिया। पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से भर गया। बालभोग प्रसादी के बाद यात्रा कामवन से सुनहरा सुख देवी सखी मंदिर के लिए रवाना हुई। कल सुबह यात्रा सुनहरा से ऊंचा गांव ललिता सखी मंदिर होते हुए बरसाना पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु राधे-राधे, जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए चल रहे हैं। जगह-जगह भक्तों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। आज यात्रा का जोरदार स्वागत सम्मान करने वालों में देवीराम सैनी बरोलिया, राजू सैनी बरोलिया, जग्गा बरोलिया, नन्दू सैनी बरोलिया, भरगो सैनी बरोलिया, रामवती सैनी, कल्ला पंडित, दीवान चंद माहौर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि, पप्पू ठाकुर, किशन सैनी, लोकमणि शर्मा, इंदु भूषण शर्मा, विनोद शर्मा, सोनू शर्मा, विक्रम सैनी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। सभी भक्तों ने यात्रा के सफल आयोजन के लिए महंत श्री ब्रज भूषण शरण महाराज फलाहारी बाबा का आशीर्वाद लिया और यात्रा की मंगलमय कामना की।

छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लें अधिकारी, अपराध नियंत्रण और जनविश्वास सर्वोच्च प्राथमिकता: पुलिस आयुक्त

सुनहरा संसार



आगरा। अपराधियों पर प्रभावी शिकंजा कसने, कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने सोमवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं, साइबर अपराध, यातायात व्यवस्था, जनसुनवाई और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। पुलिस आयुक्त ने साफ निर्देश दिए कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई न बरती जाए। छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में सभी पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त मौजूद रहे।

वहीं, सभी थाना प्रभारियों ने ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से प्रतिभाग किया। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस की कार्यप्रणाली में जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए। अपराध नियंत्रण के साथ पीड़ितों को समय से न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त ने पैरामिलिट्री बल और पुलिस बल के ठहरने के लिए चिह्नित स्कूलों एवं कॉलेजों का निरीक्षण कराने के निर्देश दिए।

कामवन में बैंकिंग व्यवस्था बदहाल! एटीएम के बाहर लंबी कतारें, आखिर कब जागेंगे जिम्मेदार?

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां - कामवन कस्बे में बैंकिंग सुविधाओं की स्थिति इन दिनों आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। कस्बे की आबादी लगातार बढ़ रही है, व्यापार बढ़ रहा है, सरकारी योजनाओं के तहत खाते खुल रहे हैं, लेकिन इसके अनुरूप बैंक शाखाओं और एटीएम मशीनों की संख्या में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। नतीजा यह है कि लोगों को अपने ही पैसे निकालने के लिए घंटों कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। कस्बे के मुख्य बाजार, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों पर लगे एटीएम के बाहर रोज लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। सुबह से ही बुजुर्ग, महिलाएं, किसान, व्यापारी, विद्यार्थी और नौकरीपेशा लोग नकदी निकालने के लिए खड़े रहते हैं। कई बार तो नंबर आने से पहले ही एटीएम में कैश खत्म हो जाता है, तो कभी मशीन खराब होने से लोगों को बैरंग लौटना पड़ता है। बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। पेंशन निकालने आए बुजुर्ग धूप में घंटों खड़े रहते हैं। महिलाओं को भी घर का काम छोड़कर एटीएम के चक्कर लगाने पड़ते हैं। व्यापारियों का कहना है कि नकदी नहीं मिलने से उनका रोज का लेन-देन प्रभावित हो रहा है। किसानों को खाद-बीज और मजदूरी के लिए समय पर पैसा नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों का सवाल है कि आखिर कामवन की इस गंभीर समस्या को आज तक किसी ने प्रमुखता से क्यों नहीं उठाया? एक ओर विकास की बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, वहीं दूसरी ओर बुनियादी बैंकिंग सुविधा के लिए जनता जद्दोजहद कर रही है। जनता की मांग है कि कामवन में राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों की नई शाखाएं खोली जाएं, प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त एटीएम लगाए जाएं, मौजूदा एटीएम में पर्याप्त नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और खराब मशीनों को तुरंत ठीक किया जाए। अब जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और बैंक प्रबंधन को इस मुद्दे पर गंभीरता दिखानी होगी। क्योंकि बैंकिंग सुविधा कोई एहसान नहीं, बल्कि आमजन की बुनियादी जरूरत है।

कामां पुलिस की 4 अलग-अलग कार्रवाइयों में 4 आरोपी गिरफ्तार, 11 साल से फरार वारंटी भी पकड़ा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां / डीग। - डीग की कामां थाना पुलिस ने चार अलग-अलग कार्रवाइयों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 11 साल से फरार वारंटी, सट्टे की खाईवाली करने वाला आरोपी, साइबर ठगी का वांछित आरोपी और शराब के नशे में कार चलाकर कई लोगों को टक्कर मारने वाला चालक शामिल है। पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के निर्देशन और थाना प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में ये गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस ने 11 साल से फरार जैकम पुत्र दीना निवासी विलंग, थाना कामां को पकड़ा। उसके खिलाफ कामां थाने में प्रकरण संख्या 463/2015 दर्ज है। मामले में आईपीसी की धाराएं 323, 341, 342, 308 और 34 लगाई गई थीं। आरोपी के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 299 के तहत कार्रवाई की गई थी। लंबे समय से आरोपी पुलिस से बचता फिर रहा था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने सट्टे की खाईवाली करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। तीसरी कार्रवाई में साइबर ठगी के मामले में वांछित आरोपी को पकड़ा गया, जो लंबे समय से फरार चल रहा था। इनके अलावा पुलिस ने शराब के नशे में लापरवाही से कार चलाकर कई लोगों को टक्कर मारने वाले चालक को भी गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस ने मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। इन कार्रवाइयों में थाना प्रभारी सुनील कुमार सहित कामां थाने की पुलिस टीम शामिल रही।

सच्चे संत किसी को डराते नहीं, बल्कि उनमें साहस और उम्मीद भरते हैं - हरि चैतन्य महाप्रभु

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



मुम्बई, 23 नवंबर- प्रेमावतार, युगद्दष्टा, हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने आज यहां चैम्बूर में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आस्था, भक्ति और जीवन की चुनौतियों के दौरान मानसिक मजबूती बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि सांसारिक आकर्षण जैसे रूप या संगीत अस्थायी होते हैं, जबकि परमात्मा या गुरु के प्रति खिंचाव स्थायी संतुष्टि देता है। उन्होंने हिरण के उदाहरण के माध्यम से समझाया कि हमें आध्यात्मिक रूप से क्या सुनना या अपनाना चाहिए। महाराज ने कहा कि सच्चे संत किसी को डराते नहीं हैं, बल्कि उनमें साहस और उम्मीद भरते हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप और गुरु गोविंद सिंह जैसे ऐतिहासिक उदाहरणों का उपयोग करके यह दिखाया कि विपरीत परिस्थितियों में भी ऊंचा मनोबल सफलता के लिए कितना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाहरी कष्ट हमेशा पिछले बुरे कर्मों का परिणाम नहीं होते। उन्होंने कष्ट सहने वाले लोगों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया - पहला, अपने पिछले कर्मों के कारण दुखी होना, दूसरा, कुछ पाने के लिए संघर्ष करने वाले, और तीसरा, दूसरों के सुख के लिए कष्ट सहने वाले। उन्होंने बताया कि सच्ची सफलता केवल विश्वास से नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास से मिलती है, जिसकी तुलना उन्होंने पर्वत की स्थिरता से की है। महाराज ने रामायण से अंगद का उदाहरण देते हुए कहा कि जहाँ सच्चा और अटूट विश्वास होता है, वहाँ 'अगर-मगर' या शंकाओं के लिए कोई स्थान नहीं होता। गुरु वचनों पर आस्था के लिए उन्होंने शबरी द्वारा राम की प्रतीक्षा और पार्वती की शिव के प्रति अटूट तपस्या के माध्यम से यह संदेश दिया कि गुरु के वचनों पर अडिग विश्वास ही सफलता और शांति का मार्ग है।

तीन चीजों को धारण करने का सुझाव

महाराज ने 1857 के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद दिलाकर श्रोताओं को अपने मनोबल और आत्मविश्वास को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में तीन चीजों को धारण करने का सुझाव दिया -

1. अपने गुरु और ईश्वर पर कभी न डगमगाने वाला भरोसा।
2. स्वयं को ईश्वर की शरण में समर्पित कर देना।
3. कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद न खोना और निरंतर प्रयास करना।

महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति अपने विश्वास को बनाए रखता है, उसे सफलता अवश्य मिलती है।

कैपिटलएक्सबी का उत्तर भारत में एक्सपोर्ट फैक्टरिंग और एमएसएमई को कर्ज देने पर जोर

सुनहरा संसार

आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त एनबीएफसी कैपिटलएक्सबी, जिसके पास एडी कैटेगरी प्प् लाइसेंस भी है, उत्तर भारत के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात केंद्रों में अपनी एक्सपोर्ट फाइनेंस और वर्किंग कैपिटल से जुड़ी सेवाओं को मजबूत कर रही है। एक्सपोर्ट फैक्टरिंग, इनवॉइस फाइनेंसिंग और कम समय के बिजनेस लोन के जरिए कंपनी एमएसएमई और निर्यातकों को उनके बकाया भुगतान में फंसा पैसा हासिल करने और कर्ज की बढ़ती जरूरतें पूरी करने में मदद कर रही है। कैपिटलएक्सबी के बिजनेस हेड पवन मताई ने कहा, ष्एमएसएमई के लिए वर्किंग कैपिटल की तंगी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। निर्यातकों की दिक्कत और बड़ी है, क्योंकि उन्हें लंबे भुगतान चक्र और लगातार बढ़ते ऑर्डर, दोनों एक साथ संभालने पड़ते हैं। समय पर कर्ज मिलने से उनके ऑर्डर पूरे करने और कारोबार बढ़ाने की क्षमता में बड़ा फर्क आ सकता है। हम पारंपरिक गिरवी वाली शर्तों से हटकर, कारोबार के कैश फ्लो को ध्यान में रखकर ऐसे समाधान तैयार कर रहे हैं, जिनसे ये कमियां दूर हो सकें। कैपिटलएक्सबी का कारोबार नेटवर्क दिल्ली एनसीआर, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, आगरा, पानीपत, सोनीपत, जयपुर, लुधियाना और चंडीगढ़ तक फैला है। इन क्षेत्रों में कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो पार्ट्स और निर्यात से जुड़े कई बड़े कारोबारी केंद्र शामिल हैं। कंपनी अब पात्र एमएसएमई और निर्यातकों के लिए एक्सपोर्ट फैक्टरिंग और बिना कुछ गिरवी रखे 50 लाख रुपये तक के बिजनेस लोन पर खास ध्यान दे रही है। एक्सपोर्ट फैक्टरिंग के जरिए कारोबारियों को मंजूर किए गए इनवॉइस के आधार पर पैसा मिल सकता है। इससे 30 से 180 दिन तक भुगतान का इंतजार करने के दौरान नकदी का दबाव कम होता है। वहीं, बिजनेस लोन से कारोबारी स्टॉक खरीदने, सप्लायर का भुगतान करने, ऑर्डर पूरे करने और कारोबार बढ़ाने के लिए पूंजी जुटा सकते हैं, और इसके लिए उन्हें अपनी अचल संपत्ति गिरवी नहीं रखनी पड़ती। जिन कारोबारों के पास पहले से कर्ज की सुविधा है, उन्हें भी कैपिटलएक्सबी रोजमर्रा के कामकाज के लिए अतिरिक्त फंड जुटाने में मदद करना चाहती है। यह सुविधा आगरा और भदोही जैसे मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात केंद्रों के कारोबारियों के लिए खास तौर पर उपयोगी है। यहां कालीन, अपहोल्स्ट्री और चमड़े के उत्पाद बनाने वाले कारोबारों को उत्पादन, स्टॉक रखने और भुगतान मिलने में लगने वाले लंबे समय के कारण बड़ी रकम की जरूरत होती है। कैपिटलएक्सबी डिजिटल ऑनबोर्डिंग, तकनीक पर आधारित क्रेडिट आकलन और अलग-अलग सेक्टर की समझ को जोड़कर कारोबार की जरूरत के हिसाब से समाधान देती है। कंपनी का जोर कागजी काम आसान बनाने, कर्ज तक पहुंच बेहतर करने और फंडिंग जल्दी दिलाने पर है। उत्तर भारत के औद्योगिक और निर्यात केंद्रों में पहले से मौजूद कैपिटलएक्सबी का लक्ष्य है कि मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात गतिविधियां बढ़ने के साथ-साथ एमएसएमई से उसका जुड़ाव भी और गहरा हो।

कामां: नशे में धुत्त कार चालक ने तीन दोपहिया वाहनों को रौंदा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



कामां - कामां कस्बे में डीग गेट के पास रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नशे में धुत्त कार चालक ने तीन दोपहिया वाहनों को रौंद दिया।हादसे में एक मोटरसाइकिल व दो स्कूटी चकनाचूर हो गईं। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायल युवक को कामां अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कामां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नशे में धुत्त कार चालक को हिरासत में लेकर कार को जप्त कर लिया है। नशे में धुत्त कार चालक बृजनगर निवासी संजय जाटव बताया जा रहा है। मृतक कामां कस्बे के शास्त्री विहार कॉलोनी निवासी अक्षय चावला है।पुलिस मामले की जांच कर रही है. सोमवार को मृतक अक्षय चावला का पोस्टमार्टम के बाद विमल कुंड स्थित मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार किया गया.

कामां: 50वीं सप्तकोशी परिक्रमा आज 24 तारीख मंगलवार को, मंदिर श्री राधावल्लभ जी से होगी शुरू

दैनिल सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां - कामवन की 50वीं सप्तकोशी परिक्रमा 24 तारीख मंगलवार को प्रातः 8 बजे मंदिर श्री राधावल्लभ जी से प्रारंभ होगी।

आयोजकों ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर यह परिक्रमा आयोजित की जा रही है। परिक्रमा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों के शामिल होने की संभावना है। सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन है कि कार्तिक पूर्णिमा को आप सभी मिलकर इस परिक्रमा में अवश्य शामिल हों। संपर्क: 9588919821